

अर्थ शास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा-बड़े खेतों पर टैक्स लगा सकते हैं राज्य
- 12



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- पासपोर्ट रखना निजी स्वतंत्रता का अभिन्न अंग
- 13



संसद को कानून बनाने का अधिकार, वह केंद्र के शपथ पत्र से बाध्य नहीं
- 13



हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा
- 14


आज का मौसम
32.0°
अधिकतम तापमान
17.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.34
सूर्यास्त 06.09

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी 08:43 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 28 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 189, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


अचूक वार



राजस्थान के जैसलमेर जिले में पाकिस्तान सीमा के पास शुक्रवार को भारतीय वायु सेना ने वायु शक्ति अभ्यास के दौरान मिसाइलों से लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित थीं।

## पाकिस्तान का खुली जंग का एलान, काबुल में किए हवाई हमले

### अफगानिस्तान के खिलाफ की ऑपरेशन गजब लिल हक की घोषणा, दोनों देशों के बीच तेज हुई जंग

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान पर अफगानिस्तान के जवाबी हमले के बाद दोनों देशों में जंग तेज हो गई है। अफगानिस्तान की ओर से बृहस्पतिवार देर रात सीमा पर हमलों के बाद पाकिस्तान ने शुक्रवार तड़के अफगानिस्तान के खिलाफ की ऑपरेशन गजब लिल हक की घोषणा करते हुए उसकी राजधानी काबुल और दो अन्य प्रांतों में हवाई हमले किए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों के बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों पर चिंता जताई है।

अफगानिस्तान ने बृहस्पतिवार देर रात सीमा पार पाकिस्तान पर हमला किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने अफगानिस्तान के साथ खुली जंग का एलान किया है। शुक्रवार तड़के काबुल में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इनमें कहां और कितने लोग हताहत हुए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के मुताबिक पाकिस्तान ने दक्षिण में कंधार और दक्षिण-पूर्वी प्रांत पकतिया में भी हवाई हमले किए हैं। इससे कतर की मध्यस्थता से दोनों देशों में हुआ युद्धविराम भी खतरे में पड़ गया है। पिछले कई महीनों से दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।




- दोनों देशों ने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का किया दावा

### एक-दूसरे के तमाम सैनिक मारने का दावा

दोनों देशों की सरकारों ने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने की बात कही है। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने देर रात बताया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जिनमें कुछ के शव अफगानिस्तान लाए गए। कई सैनिकों को पकड़ लिया गया। उसके आठ सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की 19 चौकियों और दो सैन्य अड्डों को भारी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ अली जैदी ने किसी पाकिस्तानी सैनिक के पकड़े जाने की बात से इन्कार किया। कहा, अफगानिस्तान के 133 लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। अफगानिस्तान की 27 चौकियां नष्ट कर दी गईं और नौ लड़ाकों को पकड़ लिया गया। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कहां हताहत हुए हैं।

### कूटनीति से हल करें विवाद: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने शुक्रवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पार झड़पों की खबरों पर चिंता जताई। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने दोनों पक्षों से मतभेदों को कूटनीति के जरिए सुलझाने की अपील की है।

## ब्रीफ न्यूज

### रिंकू सिंह के कैंसर पीड़ित पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे और काफी समय से ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। हॉस्पिटल के प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह लिवर के कैंसर से जूझ रहे थे। हाल में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी से वह अस्पताल में ही भर्ती थे। उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली वेंटिलेटर पर रखा गया था और शुक्रवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। पिता की गंभीर हालत होने के कारण रिंकू सिंह को टी20 विश्वकप को बीच में छोड़कर देश लौटना पड़ा था।

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में ईडी के समक्ष शुक्रवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। एजेंसी ने यस बैंक से जुड़े धनशोधन मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए उन्हें तलब किया था। अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने पूछताछ टालने का अनुरोध किया। अनिल अंबानी से बृहस्पतिवार को उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन से जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी।

### 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज का रास्ता साफ

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' फिल्म की रिलीज स्थगित करने संबंधी एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश पर शुक्रवार को दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने के कुछ घंटों बाद बृहस्पतिवार देर रात निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की ओर से दायर अपील पर न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पीवी बालकृष्णन की पीठ ने फैसला सुनाया। पीठ ने बृहस्पतिवार रात फैसला सुरक्षित रख लिया था। विपुल शाह ने अपनी अपील में दावा किया था कि फिल्म केरल राज्य या किसी भी धार्मिक समुदाय को बदनाम नहीं करती।

# केजरीवाल-सिसोदिया समेत सभी बरी

### कोर्ट ने कहा- तय योजना के तहत बढ़ी सीबीआई की कहानी, हर किसी को फंसाया गया

आबकारी घोटाला

- आरोप पत्र पर नहीं लिया संज्ञान, आदेश को सीबीआई ने हाईकोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के कविता समेत सभी 23 आरोपियों को शराब नीति मामले में बरी कर दिया। अदालत ने आरोप पत्र का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया और सीबीआई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उसका मामला न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह नाकाम रहा है। सीबीआई ने निचली अदालत के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा, इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी से किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भी कोई मामला नहीं बनता, और न ही कोई गंभीर शक है। इसलिए आरोपी संख्या 1 से 23 को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है। सिंह ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि जांच पहले से तय रास्ते पर आगे बढ़ी है, जिसमें नीति बनाने या लागू करने से जुड़े लगभग हर व्यक्ति को फंसाया गया है, ताकि एक कमजोर कहानी को गहराई और भरोसे का भ्रम दिया जा सके।

अदालत का फैसला आने के कुछ ही घंटे बाद सीबीआई ने उसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। सीबीआई ने कहा कि निचली अदालत में जांच के कई पहलुओं की या तो अनदेखी की गई या उन पर सही से विचार नहीं किया गया। सीबीआई आप सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।



अदालत का फैसला आने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए रो पड़े अरविंद केजरीवाल।

### कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं, कई प्रश्न अनुत्तरित: भाजपा

भाजपा की दिल्ली इकाई ने कहा है कि शराब नीति से जुड़े कई सवाल अनुत्तरित हैं और कानूनी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मामले में अदालत ने अपने फैसले में सबूतों की कमी की बात कही है लेकिन जांच एजेंसी ने बार-बार कहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने सबूत नष्ट किए हैं। जांच एजेंसी नष्ट किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है। केजरीवाल के पास अब भी कुछ सवालों के जवाब नहीं हैं। अगर आबकारी नीति सही थी, तो जांच शुरू होते ही इसे वापस क्यों ले लिया गया, और ठेकेदारों का कमीशन बढ़ाने का मकसद क्या था।

### मीडिया के सामने रोए केजरीवाल बोले- मोदी-शाह ने की थी साजिश

फैसला आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केजरीवाल रो दिए। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलकर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश रची। मौजूदा मुख्यमंत्री को उनके घर से घसीटकर जेल में डाल दिया गया, ऐसा देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। उन्हें छह महीने और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दो साल तक जेल में रहना पड़ा। टीवी चैनलों पर उनका चरित्र हनन किया गया। केजरीवाल ने कहा, मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है।

- दिल्ली में फिरोज शाह रोड पर अरविंद केजरीवाल के बंगले में जश्न मनाया गया। नारों की गूंज के बीच पार्टी कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे। लोगों को लड्डू और गुझिया बांटे गए। केजरीवाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अंदर बंगले में थे। मनीष सिसोदिया भी इस जश्न में मौजूद थे।

### पंजाब-गुजरात में चुनाव हैं, इस कारण वाशिंग मशीन से धो दिया गया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा गुजरात और पंजाब के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर केजरीवाल को नहला-धुलाकर और वाशिंग मशीन से निकालकर पेश कर रही है ताकि चुनावों में मुख्य विपक्षी दल को कमजोर किया जा सके। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा एक 'इच्छाधारी नाग' है जो सिर्फ कांग्रेस को हराने के लिए अपना रूप बदलती रहती है और इसके लिए वह किसी भी स्तर तक गिर सकती है। खेड़ा ने दावा किया कि कैसे कांग्रेस को कमजोर किया जाए, यही भाजपा का खेल है और इसमें कई खिलाड़ी और अंपायर बिके हुए हैं।

## होली से पहले हर हालत में जारी किया जाए वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जापान से लौटते ही मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को दिए सख्त आदेश
- वेतन जारी करने के लिए शनिवार को घोषित किया गया कार्य दिवस

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के राज्यकर्मियों को हर हालत में वेतन जारी किया जाए। सिंगापुर और जापान के दौरे से लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बारे में सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेतन भुगतान में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आदेश का कड़ाई से पालन करें।

हालांकि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण नहीं देने वालों का जनवरी माह का वेतन भी नहीं मिलने से उनकी हालत और पस्त है। इस बीच कई विभागों के आदेशों में एकरूपता का अभाव था। शासन ने सभी विभागों को 28 फरवरी तक वेतन देने की बात कही थी, लेकिन महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कार्यालयों व निदेशालयों में कार्यरत स्थायी, संविदा, आउटसोर्स, शिक्षकीय एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की वेतन भुगतान प्राथमिकता के आधार पर दो मार्च से पहले हर हाल में जारी करने के निर्देश जारी किए थे।

इन स्थितियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार सुबह स्पष्ट निर्णय लिया कि शनिवार को किसी भी विभाग, बैंक या कोषागार की में छुट्टी नहीं होगी। इस दिन को कार्यदिवस घोषित करते हुए वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। योगी ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वेतन भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई या अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष तौर पर आउटसोर्सिंग कर्मियों, संविदाकर्मियों, सफाईकर्मियों समेत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों का भुगतान शनिवार को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### दो, तीन व चार मार्च को होली अवकाश

प्रदेश सरकार ने होली पर्व के अवसर पर दो, तीन और चार मार्च को अवकाश घोषित किया है। इस दौरान राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

## सेंसेक्स 961 अंक लुढ़का, निवेशकों के पांच लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक रुझानों, बढ़ते तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 961 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 318 अंक टूटकर 25,200 के स्तर के नीचे आ गया। निवेशकों की पूंजी करीब पांच लाख करोड़ रुपये कम हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत लुढ़ककर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 1,089.46 अंक यानी 1.32 प्रतिशत तक गिरकर 81,159.15 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ।



- निफ्टी में 318 अंकों की गिरावट 25,200 के नीचे आया

## दिवंगत अजित पवार को 25,000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र प्रदेश सहकारी बैंक के कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया और दिवंगत अजित पवार एवं अन्य आरोपियों को क्लीन चिट दे दी।

अदालत की ओर से क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किए जाने का फैसला महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री पवार की बारामती में विमान दुर्घटना में मृत्यु के लगभग एक महीने बाद आया है। सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों से संबद्ध विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने ईओडब्ल्यू की 'सी-समरी' रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए कहा कि कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी। राज्य सरकार और वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने का भी आदेश दिया गया है।

न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया जिसके मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनाए जाने की संभावना है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के वकील दिलीप गुप्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता आशुतोष पांडेय कई आपराधिक मामलों में लिप्त रहे हैं और याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के इशारे पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है।



- राज्य सरकार और आशुतोष पांडेय को जवाब दाखिल करने का आदेश
- शंकराचार्य के वकील ने कहा- सरकार के इशारे पर झूठे केस में फंसाया

### नार्को टेस्ट के लिए तैयार

**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि उनके खिलाफ यौन शोषण मामले में यदि सच्चाई का पता लगाने के लिए नार्को टेस्ट जरूरी हो तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, यदि नार्को टेस्ट से सच्चाई सामने आ सकती है तो अवश्य किया जाना चाहिए। सच उजागर करने के लिए जो भी तरीके उपलब्ध हैं, उन्हें अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, झूठ अधिक समय तक नहीं टिकता। जिन्होंने झूठी कहानी गढ़ी है, वे बेनकाब हो रहे हैं।

## दुबई में पकड़ा गया शाइन सिटी का सीएमडी 60,000 करोड़ रुपये की ठगी का है आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हजारों लोगों से निवेश व भूखंड के नाम पर करीब 60 हजार करोड़ रुपये की ठगी करने वाला शाइन सिटी का सीएमडी राशिद नसीम गिरफ्तार हो गया है। ईडी और ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर उसे दुबई पुलिस ने गिरफ्तार किया। दस वर्ष से दुबई में ठिकाना बनाए हुए राशिद पर यूपी सरकार ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

राशिद मूलतः प्रयागराज के करेली का रहने वाला है। उसके खिलाफ यूपी में 554 मामले दर्ज हैं। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उसके खिलाफ पीएमएलए के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। उसे अप्रैल 2025 में विशेष पीएमएलए कोर्ट ने आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत भगोड़ा घोषित किया था।

इसके बाद ईडी ने उसकी 127.98 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त कर दिया। राशिद के खिलाफ यूपी के अलावा दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और महाराष्ट्र तक निवेशकों ने एफआईआर दर्ज कराई हैं। कंपनी में 10 लाख से अधिक निवेशकों का रुपया फंसा था।

**प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू :** ईडी व ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद भारत राशिद के प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सारे जरूरी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। इसमें ईडी व ईओडब्ल्यू की टीम अपनी रिपोर्ट भी तैयार कर रही है। दोनों एजेंसियां आरोपी के वित्तीय लेनदेन, शेल कंपनियों और देश-विदेश में मौजूद संपत्तियों की जांच कर रही हैं।



- पांच लाख रुपये का इनामी है राशिद नईम, ईडी और ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर की गई गिरफ्तारी

आह्वान | मोदी ने वित्तीय संस्थानों से व्यावहारिक समाधान प्रदान कर बाजार विश्वास को मजबूत करने का किया आग्रह

## निवेश एवं नवाचार कर बजट घोषणाओं का लाभ उठाएं उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।

'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए।

मोदी ने कहा, वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा, सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए।



### सुधारों के बाद भी निजी क्षेत्र ने नहीं दिखाया जुझारूपन

प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार की ओर से निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है। हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है, हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

### अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी का मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में लगातार चौथी बार एक साल और कार्यकाल बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अवनीश अवस्थी भी सिंगापुर और जापान दौरे गए हुए थे और शुक्रवार को ही लौटे हैं। अवनीश अवस्थी फरवरी 2022 में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत होने के बाद ही उन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया था। इसके बाद उनका कार्यकाल लगातार बढ़ता रहा है। अब तक उनका चार बार बढ़ चुका है। 1987 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का जन्म 19 अगस्त 1962 में हुआ था। आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं। वह गृह सचिव, सूचना विभाग के प्रमुख और यूपी एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सीईओ भी रह चुके हैं।

### हर्बल गुलाल संग 'लखपति दीदी' अभियान को रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला स्वावलंबन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से होली पर राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिससे स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं की आय बढ़ेगी। एसएचजी ग्रुप की दीदियां हर्बल गुलाल, पापड़, चिप्स, मिठाइयां, अगरबत्ती व अन्य हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर रही हैं। पलाश के फूल, चुकंदर और गेंदे से बना केमिकल-फ्री गुलाल "स्वस्थ होली-सुरक्षित होली" का संदेश दे रहा है। सभी जिलों में सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जा रहे हैं और ई-सरस समेत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की जा रही है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण महिलाओं को "लखपति दीदी" लक्ष्य से जोड़ने की दिशा में अहम कदम है।

### 10 दिवसीय 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' के अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिका वर्मा ने प्रथम, कशिश चौधरी ने द्वितीय और कुलदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया तिवारी और ऋचा मेहरोत्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनकी रचनात्मकता और समर्पण की सराहना की गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के पाठ्यक्रम युवाओं में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसका उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को प्रदेश की समृद्ध विरासत और परंपराओं से जोड़कर उनमें गर्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

### कौशल विकास मिशन का छह संस्थाओं से एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की दिशा में लगातार पहल कर रही है। लखनऊ स्थित मिशन मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मिशन निदेशक पुलकित खरे और संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार की उपस्थिति में नॉन-फाइनेंशियल एमओयू साइन किए गए। यह पहल व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में की गई मिशन निदेशक ने बताया कि भारतेंदु नाट्य अकादमी के सहयोग से युवाओं को मंच कौशल और संवाद क्षमता का प्रशिक्षण मिलेगा, जबकि ओरैकल द्वारा विकसित ऑनलाइन कोर्स मिशन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# आयकर विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाया तो लपेटे में आ सकते हैं कई दिग्गज नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा विधायक के यहां तीसरे दिन भी जारी रही आयकर टीम की कार्रवाई
- छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के आफिस में मिली संपत्ति का हिसाब लगाते रहे अफसर

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित कंपनी के आफिस पर आयकर विभाग की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। पूरे दिन अधिकारी बरामद नकदी, जेवर और जमीन और प्लाटों के दस्तावेज, लूज शीट, रसीदें आदि के जरिए कथित टैक्स चोरी की हिसाब किताब लगाते रहे। उधर सूत्रों का दावा है कि मिले दस्तावेजों से साफ हो रहा है कि विधायक के बसपा के साथ ही भाजपा और सपा के नेताओं से भी संबंध थे। साथ ही विभागों के आला अफसरों से सांठगांठ कर टेंडर प्राप्त किए जाते थे। अब आशंका इस बात की है कि यदि आयकर विभाग की टीमों ने जांच में विस्तार किया तो कई दिग्गज नेता भी दायरे में आ सकते हैं।

बलिया के रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित आवास पर बुधवार को सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। इसके साथ ही बलिया, सोनभद्र और कौशांबी समेत विधायक से जुड़ी कंपनियों और कई लोगों के यहां भी कार्रवाई जारी है। दावा है कि इस कार्रवाई में करीब 10 करोड़ की संपत्ति के साथ ही जेवर और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, लूज सीट, डायरां, हाथ से लिखे हिसाब, टेंडर भुगतान के कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। हालांकि आयकर विभाग ने इस बारे में को छापे की जड़ में उमाशंकर सिंह द्वारा बनाई गई सीएस कंस्ट्रक्शन कंपनी बताई जा रही है।

कंपनी की स्थापना उमाशंकर सिंह ने जनवरी 2009 में की थी। पहले वह खुद ही इसके निदेशक थे, लेकिन बाद में पत्नी को निदेशक बना दिया। छापे में साफ हुआ है कि छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी और साईराम इंटर प्राइजेज बसपा, सपा और भाजपा सरकार में कई करोड़ों के ठेके लिए। सोनभद्र में खनन के मामले में कैग की रिपोर्ट में 60 करोड़ रुपये का घपला पकड़ा गया था। माना जा रहा है कि कैग की रिपोर्ट के आधार पर ही आयकर विभाग ने कार्रवाई की है।

### आवास और आफिस में पसरा सन्नाटा

- विधायक उमाशंकर सिंह का आवास गोमती नगर के विपुल खंड में हैं। आवास से ही कुछ दूरी पर सीएस कंस्ट्रक्शन कंपनी का आफिस है। पहली बार जब बुधवार को छापा पड़ा था तो वहां पर समर्थकों और आसपास के लोगों की काफी भीड़ लगी रही, लेकिन दूसरे दिन भी कुछ लोग आते और जाते रहे। लेकिन तीसरे दिन शुक्रवार को आवास और आफिस पर सन्नाटा पसरा रहा। अंदर टीम जांच में जुटी है, वहीं बाहर महिला और पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहे।

# फरवरी तक 1.96 लाख करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रह

## आबकारी से 13 प्रतिशत अधिक आय, जीएसटी-वैट-परिवहन सहित हर क्षेत्र में बढ़ा राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अपने आवास पर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी महीने के अं तक की कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की। इसमें अब तक 1.96 लाख करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रह किया जा चुका है। आबकारी से 13 प्रतिशत अधिक आय के साथ जीएसटी-वैट-परिवहन सहित हर क्षेत्र में राजस्व बढ़ा है। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रयास और तेज करने के निर्देश दिए। योगी ने होली के मद्देनजर पर अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई के साथ लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन और बेहतर बस सेवाओं की पर जोर दिया।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीकरण, परिवहन, ऊर्जा, भू-राजस्व व खनन विभागों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्यों और उपलब्धियों का आकलन करते हुए कहा कि राजस्व वृद्धि प्रदेश में विकास कार्यों की गति को निर्धारित करती है। उन्होंने सभी विभागों को पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार-आधारित कार्यप्रणाली के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए कर-राजस्व का वार्षिक लक्ष्य 2.95 लाख करोड़ निर्धारित है, जिसके मुकाबले फरवरी 2026 तक 1,96,177 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व में निरंतर वृद्धि से प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण योजनाओं, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। आबकारी विभाग का वार्षिक लक्ष्य 63,000 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी तक 48,501 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि से 13.2 प्रतिशत अधिक है। मार्च में करीब 9,050 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने होली पर्व को देखते हुए अवैध और जहरीली शराब के निर्माण व बिक्री पर शून्य सहनशीलता अपनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन और रजिस्ट्री कार्यालयों के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। परिवहन निगम की बसों की फिटनेस सुनिश्चित करने, नए रूट चिन्हित कर निजी क्षेत्र के सहयोग से बस सेवाएं शुरू करने और होली के दौरान कानून-व्यवस्था व आबकारी नियंत्रण को लेकर प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

### जीएसटी-वैट से मजबूत योगदान

- राज्य कर (जीएसटी वैट) का वार्षिक लक्ष्य 1,75,725 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी तक 1,03,770 करोड़ का संग्रह हुआ। इसमें जीएसटी से 75,195 करोड़ और वैट से 28,575 करोड़ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी 2.0, एआई आधारित जोखिम विश्लेषण, ई-इनवॉइसिंग, ई-वे बिल की प्रभावी निगरानी और फर्जी आईटीसी पर नियंत्रण से कर अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन प्रयासों से अब तक 3,117 करोड़ की अतिरिक्त वसूली की गई है।

### स्टाम्प व परिवहन में भी मजबूती

- स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने लक्ष्य 38,150 करोड़ के सापेक्ष फरवरी तक 29,487 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की। परिवहन विभाग ने 14,000 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 11,005 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। वहीं, खनन विभाग ने लक्ष्य 6,000 करोड़ के सापेक्ष फरवरी तक 3,597 करोड़ का संग्रह किया, जबकि मार्च में लगभग 600 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति का अनुमान है।

### 76 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा अपना भवन

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंगनबाड़ी ढांचे को पूरी तरह सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के बचे सभी 76 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को उनके स्वयं के भवनों में संचालित करने के लिए विस्तृत और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी शिक्षा की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इनका वातावरण सुरक्षित, आकर्षक और शैक्षिक रूप से समृद्ध होना चाहिए।सीएम आवास पर हुई बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 1.89 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से लगभग 76 हजार केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इन केंद्रों के भवन निर्माण में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) से सहयोग लिया जाए और आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार भी वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी की मजबूत बुनियाद हैं। प्रस्तावित नए भवनों में आधुनिक और समावेशी सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। इनमें सुरक्षित पेयजल व विद्युत व्यवस्था, बाल-मित्र शौचालय और लो-हाइट वॉश यूनिट, खेल आधारित गतिविधियों के लिए पर्याप्त प्ले एरिया, किचन शेड व हॉट-कुक्ड मील की व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पृथक कक्ष और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और पोषण वाटिका जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने को आज से लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर की रोकथाम के लिए आज से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। अभियान के तहत प्रदेश की लगभग 46 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 14 वर्ष की आयु की किशोरियों को गार्डासिल-4 वैक्सीन की सिंगल डोज निःशुल्क दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक राजधानी लखनऊ में इसका शुभारंभ करेंगे। यह अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका शनिवार को प्रधानमंत्री अजमेर से शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ.अरूण कुमार अरूण के अनुसार यह टीका सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध रहेगा। अभियान तीन माह तक प्रतिदिन संचालित होगा, इसके बाद नियमित टीकाकरण दिवसों पर भी यह वैक्सीन लगाई जाएगी।

# अब मतदाता बनने के लिए बचे मात्र तीन दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत दावे और आपत्तियां अब केवल अब छह मार्च तक ही स्वीकार की जाएंगी। ऐसे में नए मतदाताओं और नाम संशोधन कराने वालों के पास आवेदन करने के लिए केवल तीन दिन ही बचे हैं। दस अप्रैल को एसआईआर के तहत तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

निर्वाचन विभाग के अनुसार जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे यदि छह मार्च तक आवेदन कर देते हैं तो उनका नाम 10 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार के बाद रविवार अवकाश रहेगा, जबकि सोमवार, मंगलवार और बुधवार को होली का सार्वजनिक अवकाश घोषित है। ऐसे में व्यावहारिक रूप से शनिवार के बाद पांच और छह मार्च को ही बीएलओ से संपर्क कर फार्म जमा करने का अवसर मिलेगा। हालांकि राहत की बात यह है कि जो लोग आनलाइन आवेदन करते हैं तो वह हो जाएंगे।

### किसी का वोट एक से अधिक स्थान पर है तो स्वेच्छा से नाम कटवा लें

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को अलीगढ़ में एसआईआर के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थान पर है तो फार्म-7 भरकर स्वेच्छा से उसे कटवा लें। यह एक दण्डनीय अपराध है, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित मतदाता का होगा। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अलीगढ़ में विधान सभा क्षेत्र कोल के सन्त फिदेलिस स्कूल के सुनवाई केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

# ओबीसी योजनाओं का लाभ देने के लिए तैयार होगी जिलेवार रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ओबीसी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ ओबीसी वर्ग को मिल रहा है या नहीं, इसकी जिलेवार समीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

आयोग के अध्यक्ष, शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जोर दिया गया कि उनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। इस दौरान नियुक्तियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण को लेकर प्राप्त शिकायतों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उत्थान से जुड़ी योजनाओं और आरक्षण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा विभिन्न जातियों के सम्मेलन और निष्कासन से जुड़े प्रत्यावेदनों की भी समीक्षा की गई। आयोग ने स्पष्ट किया कि ओबीसी समाज के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आयोग ने भरोसा दिलाया कि वह पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा, ताकि पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और हितों की रक्षा हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली समेत आयोग के सदस्य मौजूद रहे।



बैठक लेते आयोग के पदाधिकारी।

# आयुध कारखाना के पूर्व सीजीएम पर आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई की जांच में पाया गया आय से अधिक खर्च व पद के दुरुपयोग का मामला
- आयुध उपकरण कारखाना हरजतपुर फिरोजाबाद के मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** सीबीआई ने आयुध उपकरण कारखाना हजरतपुर फिरोजाबाद के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह पर आय से अधिक संपत्ति हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई जांच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने व पद के दुरुपयोग कर अवैध कमाई की पुष्टि हुई।

मामले की जांच सीबीआई एसीबी गाजियाबाद के एएसपी अशोक कुमार को सौंपी गई है। सीबीआई के मुताबिक अमित सिंह 1 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर 2025 के बीच आयुध उपकरण कारखाना, हजरतपुर, फिरोजाबाद में महाप्रबंधक व मुख्य महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। इस अवधि के दौरान उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की। जांच में करीब 55,58,471 रुपये (73.28 प्रतिशत) की अनुपातहीन संपत्ति का मामला सामने आया है।

अमित सिंह भारतीय आयुध कारखाना सेवा (बैच 1998) के अधिकारी हैं। उन्होंने 7 सितंबर 1998 को सेवा शुरू की थी। 30 जून 2022 को उन्होंने हजरतपुर स्थित आयुध उपकरण कारखाना में महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। यह कारखाना रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन संचालित ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड की विनिर्माण इकाइयों में शामिल है। जो भारतीय सशस्त्र बलों, गृह मंत्रालय की सेनाओं और विभिन्न राज्य पुलिस बलों के लिए पैराशूट, बैग, वर्दी सहित रक्षा उपकरणों का उत्पादन करता है।

### 2023 में बने थे मुख्य महाप्रबंधक

- जांच एजेंसियों के अनुसार ओईएफ हजरतपुर में अमित सिंह सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। कारखाने के प्रशासन, संचालन, संसाधनों के उपयोग तथा मानव संसाधन प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी उनके पास थी। उन्हें वर्ष 2023-24 में मुख्य महाप्रबंधक बनाया गया, लेकिन जिम्मेदारियां वहीं रहीं। 25 दिसंबर 2025 को उनका तबादला आयुध वस्त्र कारखाना, कानपुर कर दिया गया। वर्तमान में वे ट्रूप कम्फ्ट्र्स लिमिटेड प्रशिक्षण अकादमी, कानपुर में तैनात बताए जा रहे हैं।

### कमाई से 55.58 लाख रुपये किया अधिक खर्च

- सीबीआई की जांच में सामने आया कि जांच अवधि से पूर्व यानी 1 अप्रैल 2022 से पहले अमित सिंह के पास ज्ञात स्रोतों से अर्जित करीब 18,82,871 रुपये की चल-अचल संपत्ति थी। इसमें उनके और उनकी पत्नी नीलम सिंह के बैंक खातों की प्रारंभिक राशि तथा वर्ष 2007 में बरेली में पत्नी के नाम खरीदे गए मकान का मूल्य शामिल है। जांच अवधि के अंत, 31 दिसंबर 2025 तक अमित सिंह और उनके परिवार के पास कुल 37,33,567 रुपये की संपत्ति पाई गई। इसमें वर्ष 2023 में लखनऊ में पत्नी के नाम फ्लैट का भुगतान, बरेली स्थित मकान का मूल्य, म्यूचुअल फंड निवेश और बैंक खातों में जमा राशि शामिल है। आरोपी अधिकारी को 75,57,303 रुपये का शुद्ध वेतन और 28,220 रुपये का ब्याज प्राप्त हुआ। जिससे कुल ज्ञात आय 75,85,523 रुपये पायी गई। इस दौरान अमित सिंह ने परिवार पर कुल 1,12,93,298 रुपये खर्च किया।

# सीपीआर देकर यात्री को बचाने वाले 13 कर्मचारी सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एडीजी जीआरपी प्रकाश डी. ने कहा कि यदि पुलिस सतर्क और सक्रिय रहेगा तो अपराध रोकने में सफलता जरूर मिलती है। इस दौरान उन्होंने पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरेली में यात्री को सीपीआर देकर बचाने वाले सिपाही हरिओम और कानपुर के सेंट्रल स्टेशन पर दो साल के चोरी हुई बच्ची को बचाने वाले समेत दर्जन भर से अधिक पुलिस कमियों को सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में बरेली जीआरपी में तैनात हरिओम, दो साल के बच्चे को केवल चार घंटे में तलाश कर परिजनों से मिलाने वाले कानपुर के डिप्टी एसपी दुष्यंत कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, दारोगा मोहित कुमार, सिपाही सत्येन्द्र सिंह, शिवेन्द्र सिंह, दीपक यादव को सम्मानित किया गया। इसी तरह जीआरपी टूंडला के एसओ मोनू कुमार आर्य, एसआई सतेन्द्र कुमार, सिपाही मनोज कुमार के साथ ही जीआरपी कर्वी की महिला एसआई शालिनी सिंह भदौरिया, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह और सिपाही हरिकेश मौर्य को भी सम्मान से नवाजा गया।

**शासनादेश**

सोलर फेंसिंग परियोजना के लिए किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

# बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि की मजबूती को मिले 30 .47 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि को मजबूती देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुंदेलखंड पैकेज के अंतर्गत कृषि विभाग की एकीकृत कृषि विकास योजना (सोलर फेंसिंग) के लिए 30.47 करोड़ रुपये की शेष धनराशि स्वीकृत करते हुए शासनादेश जारी किया गया है। यह धनराशि पूर्व में स्वीकृत कुल 74.53 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के सापेक्ष बची हुई राशि के रूप में जारी की गई है।

शासनादेश के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस परियोजना के लिए प्रथम किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये जारी किए गए थे, जिसे विभाग द्वारा व्यय न करते हुए समर्पित कर दिया गया था। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में 44.06 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसका पूर्ण उपयोग करते हुए कृषि विभाग ने उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया। अब परियोजना के शेष कार्यों के लिए 30.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

### सोलर फेंसिंग से किसानों को राहत

- बुंदेलखंड क्षेत्र में जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सोलर फेंसिंग परियोजना को बेहद अहम माना जा रहा है। इस योजना के तहत खेतों की सुरक्षा के लिए सौर ऊर्जा आधारित बाड़ लगाई जाएगी, जिससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र में टिकाऊ कृषि को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वित्तीय अनुशासन और सख्त शर्तें

- शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित मदों में ही किया जाएगा। राशि को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाएगा और यदि कोई ब्याज अर्जित होता है तो उसे राजकोष में जमा कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परियोजना से संबंधित वित्तीय और भौतिक प्रगति की मासिक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 7 तारीख तक नियोजन विभाग को भेजनी होगी।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए 98.28 करोड़ जारी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण से जुड़े ऋण के मूलधन की अदायगी के लिए 98 .28 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। इसे यूपीडा को निर्धारित शर्तों के अधीन अवमुक्त किया जाएगा। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लिए गए ऋण की अदायगी हेतु जनवरी से मार्च 2026 की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि जारी की गई धनराशि सीधे उसी बैंक खाते में जमा कराई जाएगी, जहां से संबंधित वित्तीय संस्थाओं का ऋण लिया गया था। इसे किसी अन्य खाते में रखने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही धन के उपयोग को लेकर सख्त वित्तीय नियमों और बजट मैनुअल का अनुपालन अनिवार्य किया गया है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र और कार्य का सत्यापित लेखा निर्धारित समयावधि में महालेखाकार कार्यालय और शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की पूरी जिम्मेदारी यूपीडा की होगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में मजबूत कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास का प्रमुख आधार मानी जा रही है। ऋण के मूलधन की समय पर अदायगी से परियोजना की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होगी और भविष्य की अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए निवेशकों का भरोसा और मजबूत होगा।

# टमाटर, भिंडी, कद्दूवर्गीय सब्जियों की बुवाई के लिए मौसम अनुकूल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद ने जारी किया मौसम आधारित कृषि परामर्श

**अमृत विचार :** उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि जायद फसलों, टमाटर, भिंडी, लोबिया व कद्दूवर्गीय सब्जियों की बुवाई के लिए मौसम अनुकूल है। बसंतकालीन गन्ने की उन्नत किस्मों के प्रयोग पर जोर देते हुए उन्होंने लाल सड़न रोग से प्रभावित 0238 किस्म न बोने की हिदायत दी गई है। गन्ने के साथ उर्द, मूंग या लोबिया की अंतःफसल से आय बढ़ाने की सलाह भी दी गई।

परिषद के महानिदेशक, सभाकक्ष में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2025-26 की 24वीं बैठक संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त पूर्वानुमानों के आधार पर प्रदेश के कृषकों को आगामी दो सप्ताह के लिए कृषि प्रबंधन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव और परामर्श जारी किए गए हैं। अनुमान है कि प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा और तापमान में क्रमिक वृद्धि होगी।

विशेषज्ञों ने रबी फसलों में नमी बनाए रखने के लिए सायंकाल हल्की सिंचाई की सलाह दी है। देर से बोए गए गेहूं में दाना भरने की अवस्था पर पोटैशियम नाइट्रेट का पर्णीय छिड़काव तथा गेरूई व पत्ती धब्बा रोग नियंत्रण हेतु प्रोपीकोनाजोल के प्रयोग की संस्तुति की गई है।

चने में फलीबेधक कीट और अरहर में फल मक्खी से बचाव के लिए उचित कीटनाशक उपयोग की सलाह दी गई है। उद्यानिकी में आम के बौर को कीट व खर्रा रोग से बचाने के उपाय बताए गए। पशुपालकों को एफएमडी टीकाकरण और मत्स्य पालकों को कॉमन कार्प व पंगेशियस बीज संचय की सलाह दी गई है। विस्तृत परामर्श उपकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# सीडीओ को अधूरे मिले अभिलेख बड़े बाबू का वेतन रोकने के निर्देश

## एआर कोआपरेटिव कार्यालय में सेवा और जीपीएफ पुस्तिका अपूर्ण मिलने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने एआर कोआपरेटिव कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका और जीपीएफ बुक अधूरी मिली। कमियां मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई और बड़े बाबू का मार्च माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही कमियां दुरुस्त करने को कहा।

शुक्रवार को सीडीओ ने जिला सहकारिता कार्यालय और जिला उद्यान कार्यालय का निरीक्षण किया। पहले उन्होंने सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानी। एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा को शत-प्रतिशत योजनाओं की प्रगति पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी लिपिकों की सेवा पुस्तिकाएं और जीपीएफ बुक अपूर्ण मिली। उन्होंने नाराजगी जताते हुए फाइलों का रखरखाव सही करने के भी निर्देश दिए। सीडीओ ने वरिष्ठ लिपिक लल्लन का मार्च का वेतन रोकने का फरमान जारी किया। कहा कि बड़े बाबू ने वर्ष 2024 से सेवा पुस्तिका और जीपीएफ बुक के अभिलेख पूरे नहीं किए हैं। इस पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जब तक सेवा पुस्तिका और जीपीएफ बुक दुरुस्त नहीं होगी तब तक लल्लन का वेतन जारी नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद सीडीओ ने उद्यान कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएचओ सीपी अवस्थी, सुभाष यादव व रजनीश पांडेय मौजूद रहे। आज भूमि सरंक्षण कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा।


एआर कोआपरेटिव कार्यालय में निर्देश देते सीडीओ राम कृपाल चौधरी व मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

• कार्यालय के सभी कर्मियों के अभिलेख दुरुस्त करने व कमियां दूर करने के दिए निर्देश

**2024** से सेवा पुस्तिका और जीपीएफ बुक के अभिलेख पूरे नहीं किए

## न्यूज ब्रीफ

### रिश्तेदार के शांति पाठ में शामिल होंगे सपा सुप्रीमो

**तिर्वा।** शनिवार को तिर्वा थाना क्षेत्र में स्थित किसान प्रशिक्षण केंद्र के पास संस्थागत वित्त सचिव शिव सिंह यादव के पिता स्व. लक्ष्मी नारायण यादव के शांति पाठ में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व भजन गायक अनूप जलोटा आयेंगे।

### प्राथमिक विद्यालय विकूपुर में खिड़की काटकर चोरी

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विकूपुर में चोरों ने खिड़की काट कर सामान चोरी कर लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने बताया कि चोरों ने स्कूल की खिड़की को काटकर विद्यालय में घुस गये। इसके बाद चोरों ने बच्चों के खेलकूद का सामान, वजन उठाने वाली मशीन चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक के अनुसार चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 11,000 रुपये है। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बिल राहत पाने का अंतिम अवसर आज तक

**छिबरामऊ।** विद्युत वितरण खण्ड छिबरामऊ के उपभोक्ताओं को एक्सईएन ने जागरुक किया है। बताया कि बिजली बिल राहत योजना के तीसरे चरण का लाभ लेने का अंतिम मौका 28 फरवरी तक है। छिबरामऊ खण्ड के 7148 ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने पंजीकरण तो करा लिया है, लेकिन अभी तक शेष धनराशि जमा नहीं की है, वे अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से भुगतान कर दें। निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने पर उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे। बकाया के कारण बिजली काटी जा सकती है। असुविधा से बचने के लिए बकाया जमा करें और योजना का पूर्ण लाभ उठाएं।

### फोर व्हीलर ने बाइक में मारी टक्कर

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैजू रामपुर निवासी सर्वेश (55) पुत्र प्रताप सिंह, ग्राम घिलोई निवासी रामवीर (38) पुत्र राजकुमार तथा मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी रामशंकर शर्मा (60) पुत्र छोटेलाल बोरिंग का कार्य करते हैं। इस समय ग्राम रनधीरपुर में उनका बोरिंग का कार्य चल रहा है, जिसको लेकर तीनों लोग बाइक से काम पर जा रहे थे। तभी सेंट पॉल स्कूल के पास कट क्रॉस करते समय छिबरामऊ की ओर से आ रही एक फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें निजी वाहन से सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना होते ही गाड़ी का चालक घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## एआरएम ने बसों को स्टैंड में कराया खडा, लगा जाम

**कन्नौज।** एआरएम ने कई रोडवेज की बसों को स्टैंड में कराया खड़ा। बाहरी डिपो की गाडियों के लिये जगह न बचने से जाम लग गया। इससे नाराज यातायात पुलिस ने पूर्वी वाईपास से बैरियर हटा दिये। बैरियर हटते ही प्रत्येक डिपों की बसे रोडवेज बस स्टैंड पहुंच गई। इससे पूरे दिन सरायमीरा में जाम लगा रहा।

सरायमीरा में लगा रहे जाम से निजात दिलाने के लिये एसपी के निर्देश पर पूर्वी बाईपास पर बैरियर लगा कर अन्य डिपो की रोडवेज बसों को कानपुर की ओर से आने पर रोक दिया गया। इससे लोगों को कुछ राहत मिल गई। खास बात यह रही कि कन्नौज डिपो की बसों पर रोक नहीं लगाई गई। शुक्रवार को होली के चलते एआरएम ने डिपो की सभी बसों को निकाल कर रोडवेज बस स्टैंड पर खडा करा दिया। इससे बस स्टैंड में अन्य बसों के खड़े होने की जगह की नहीं बची। इससे दिल्ली या कानपुर का आने वाली बसों को बस स्टैंड के सामने जीटी रोड पर खडा होना पडा। इससे भारी जाम लग गया। इससे नाराज यातायात पुलिस ने पूर्वी बाईपास पर लगाये गये बैरियर हटा लिये।


पुरस्कार के साथ मौजूद छात्राएं अमृत विचार

## शिविर के समापन पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता छिबरामऊ

• नेहरू कॉलेज में हुआ एनएसएस विशेष शिविर का समापन

**अमृत विचार।** शुक्रवार को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्ण ढंग से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्यगीत और ध्येयगीत के साथ हुआ, इसके बाद स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया।

सभी वॉलेंटियर्स ने ग्राम कमालपुर का भ्रमण किया और पिछले छह दिनों में आयोजित जागरूकता अभियानों के बाद ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट की। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आन्या श्रीवास्तव, दिव्यांशी यादव, पलक, कोमल सविता, खुशी दीक्षित, वरुण, कौशल, दिव्यांशी मिश्रा, सायमीन, कनक, कनिष्का, सिम्मी, सगुन आदि ने अपनी प्रतिभा दिखाई। काजल और कंचन की टीम ने ढोलक पर लोकगीत गाकर माहौल को जीवंत किया। 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' प्रतियोगिता में स्मृति पाठक प्रथम, काव्या गुप्ता द्वितीय, मुस्कान तृतीय रहीं, जबकि पलक, खुशी और सुहानी को सांत्वना पुरस्कार मिले। प्रो. बबिता यादव, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार सिंह और डॉ. रवि प्रताप सिंह चौहान ने वॉलेंटियर्स की मेहनत, अनुशासन और सीखे गए ज्ञान को जीवन में अपनाने की सलाह दी।

## राष्ट्रपति से पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों का मिलेगा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

• बीएसए कार्यालय में गुरुजनों के सम्मान में गुरु गौरव दीर्घा का निर्माण
• वर्ष 2003 से अब तक के अध्यापकों की तस्वीर दीवारों में सजाई गईं

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अब उन शिक्षक- शिक्षिकाओं की फोटो व ब्योरा देखने को मिल रहा है जिनको राष्ट्रपति या राज्य अध्यापक पुरस्कार मिल चुका है। ऐसे शिक्षकों की फोटो, विवरण एवं नवोन्मेषी कार्य की फोटो फ्रेम दीवार पर लगा दी गई है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि पहले चरण में शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपलब्धियों को रेखांकित कर कार्यालय में यह गुरु गौरव दीर्घा का निर्माण कराया है। आगे जो भी शिक्षक- शिक्षिकाएं राज्य या राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करेंगे उनके कार्यों एवं उपलब्धियों को भी फोटो के साथ इस दीर्घा में लगाया जाएगा। इससे अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित होंगे। गुरु गौरव दीर्घा में सम्मान प्राप्त करने वाले अध्यापकों में वर्ष 2003 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भारत सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय, छिबरामऊ, वर्ष 2014 रघुराज सिंह बघेल, राज्य अध्यापक पुरस्कार उच्च प्राथमिक विद्यालय मलिकापुर- कन्नौज, राज्य अध्यापक पुरस्कार में वर्ष 2015 सुरेश सिंह यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी- छिबरामऊ, वर्ष 2018 आशुतोष दुबे, पीएम श्री जूनियर हाईस्कूल तालग्राम, वर्ष 2019 शशिकांत शुक्ला कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ, वर्ष 2021 रेनू कमल, प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम- जलालाबाद, वर्ष 2022 रामशरन शाक्य प्राथमिक विद्यालय नगला अंगद- सौरिख व वर्ष 2024 सरिता गौतम प्राथमिक विद्यालय आसकरपुर्वा- कन्नौज हैं।

## अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तिर्वा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मेडिकल कालेज में उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मटके पुरवा निवासी शंकर लाल (63) पुत्र हीरा लाल अपनी बाइक से तालग्राम से वापस लौट रहे थे। उनके साथ में अरविंद पुत्र छोटे लाल बाइक पर था। सौंसरी गांव के पास शंकर लाल बाइक रोक कर लघुशंका के लिए जा रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने उनको टक्कर मार दी, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। जांच की जा रही है।

## अचार में छिपकली निकलने के मामले में नमूना किया गया सील

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• कोतवाली में रखवाये गये थे अचार के डिब्बे
• बचे अचार को नाले में फिंकवाया की जा रही जांच

**अमृत विचार।** शुक्रवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अचार में छिपकली निकलने के मामले में नमूना सील किया। उसे जांच के लिये भेजा जायेगा।

अचार में छिपकली निकलने के मामले में फूड विभाग सक्रिय हो गया है। 15 फरवरी को अचार के कुछ डिब्बे सील करने के लिये कोतवाली गुरसहायगंज में रखवाये गये थे उनको शुक्रवार को निकलवा कर सील किया गया। इस सील अचार को जांच के लिये भेजा जायेगा। मामला गत दिनों का है। भाकियू स्वराज संगठन की एक महिला पदाधिकारी द्वारा खरीदे गए मनपसंद आचार के डिब्बे में सड़ी गली मरी हुई छिपकली निकली थी जिसके सेवन से महिला का स्वास्थ्य गंभीर रूप से बिगड़ा था जिसकी शिकायत महिला ने जिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर की थी। शिकायत की जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही हैं। फूड इंस्पेक्टर अरविंद कुमार साहू ने बताया कि सैंपल रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वहीं अचार ले जाने वाले वाहन चालक अखिलेश ने बताया कि उक्त अचार कंपनी के संचालक व मालिक इदरीस, तमजीत व तमहीद हैं। अचार कंपनी के उक्त संचालक दुकानदारों का पता देते हैं वहां माल पहुंचाया जाता है। जिसका उसे भाड़ा व वेतन मिलता। यह बात चालक ने शपथ पत्र पर लिखकर खाद्य एवं औषधि विभाग को दिया है।


अचार का नमूना सील करते फूड निरीक्षक। अमृत विचार

## पीएम स्वनिधि के कैम्प में लाभार्थियों ने कराया आवेदन

**गुरसहायगंज।** नगर पालिका परिसर में पीएम स्वनिधि ऋण योजना के तहत तीन दिवसीय आवेदन कैंप लगाया गया।

शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना के तहत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न वार्डों से आए लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। तो वहीं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी किया गया। पालिका द्वारा नगर में पीएम स्वनिधि योजना के बारे में बैनर, होर्डिंग एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार भी किया गया। जिससे लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। वहीं कैंप में प्रसन्नजीत मिश्रा ने लाभार्थियों को बताया कि योजना के प्रथम चरण में 15000 रुपये, द्वितीय चरण में 25000, तृतीय चरण में 50000 का ऋण लाभार्थी को बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। इस दौरान सीएमएम डूडा मेघना गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, आकाश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## हम नहीं सुधरेंगे



**कन्नौज।** एक कहावत है कि हम नहीं सुधरेंगे। इसी के मुताबिक जिले के कई कोल्ड संचालक चल रहे हैं। पुराने व खराब आलू को सड़कों किनारे फेंककर नए आलू का भंडारण कोल्ड में शुरू हो गया है। अब भी जगह- जगह खुले में आलू देखा जा सकता है जो सड़ांध फैला रहा है। ईशन नदी के पास फेंके गए आलू को मवेशी खा गए और वह सड़ गया। अब बेहरिन गांव के निकट पेड़ों के नीचे किसी ने कई क्विंटल आलू फेंक दिया है। चर्चा है कि डीएम व डीएचओ के निर्देश भी कोल्ड संचालक नहीं मान रहे हैं।

## छूटे लोगों को भी मिले एक मुश्त समाधान योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• बिजली बिल राहत योजना में कई बकायेदार उपभोक्ता छूट लेने से रहे वंचित

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से चलाई जा रही बिजली बिल राहत योजना में कई बकायेदार उपभोक्ताओं को छूट का लाभ न मिलने की समस्या का व्यापारी नेता ने मंत्री के सामने रखा।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी को ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा को संबोधित ज्ञापन देकर मांग रखी है। उन्होंने बताया प्रदेश सरकार ने वर्तमान में ओटीएस योजना जो चालू की गई है उसमें सभी उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिनका पिछले वर्ष ओटीएस योजना में पंजीकरण करवाने एवं कुछ किश्ते बकाया देने के बाद वह सुचारू रूप से अपना भुगतान नहीं कर पाए हैं उन उपभोक्ताओं को इस योजना से वंचित रखा गया है। संगठन ने मांग की है कि 01 मार्च से ऐसे उपभोक्ताओं को ब्याज में शत प्रतिशत व्याज में छूट एवं 6 माह की किस्तों में बकाया भुगतान करने का अवसर दिया जाए, जिससे उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग का बकाया राजस्व प्राप्त हो और वंचित उपभोक्ताओं को भी ओटीएस योजना का पूर्ण लाभ मिल सके। इस पर प्रभारी मंत्री ने जनहित में की गई मांग को ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखने का भरोसा दिया।जिलाध्यक्ष ने जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए एक आईडी कार्ड बनवाने की एवं आयुष्मान कार्ड की तरह ही व्यापारियों का भी कार्ड बनाने की मांग की। जिसमें गंभीर रूप से व्यापारियों को बीमारियों को शामिल किया जाए।वं जिस तरह से सरकार किसानों को यूनिटों में छूट देती है इस तरह से पंजीकृत व्यापारियों को भी यूनिटों में छूट देकर सरकार जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करें।

निरीक्षण

व्यापारियों को दिया आश्वासन, कहा दिक्कतें दूर होंगी

# मंत्री ने ठठिया मंडी पहुंच व्यापारियों की सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मंत्री असीम अरुण ने विशिष्ट आलू मंडी ठठिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, व्यापारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

ठठिया मण्ड़ी पहुंचने पर व्यापारियों ने मंत्री का स्वागत किया। इस के बाद व्यापारियों ने मंत्री को एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया। इस में उन्होंने व्यापार में आ रही दिक्कतों को बतायी। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन की मिलीभगत से मंडी के बाहर आलू की बिक्री हो रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाये। जिससे उनका व्यपार ठीक से चल सके। व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में दुकान संख्या 1 से 60 तक का आवंटन तो हो गया है, लेकिन आढ़तियों को इसकी समय-सीमा संबंधी कोई प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस कारण व्यापारियों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसके अतिरिक्त व्यापारियों ने मंडी परिसर में मूलभूत सुविधायें जैसे बैंक, कैंटीन, पेयजल, बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी होने की बात कही। व्यापारियों ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापार न होने से दुकानों का प्रीमियम और यूजर चार्ज एक साथ जमा करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में सहयोग करने की मांग रखी। व्यापारियों की बात सुनने के बाद मंत्री असीम अरुण ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। आश्वासन दिया कि व्यापारियों व किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह, प्रधान लिपिक देवेन्द्र कुमार निगम, मंडी प्रभारी आदिल खां, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजन अवस्थी, संजू कटियार, विनय अवस्थी, सुरजीत यादव, अंकुर कटियार, शैलेंद्र तिवारी और वेद नारायण त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व किसान मौजूद रहे।


व्यापारियों की बात सुनते मंत्री असीम अरुण व मौजूद भाजपाई व व्यापारी अमृत विचार

## पुलिस जवानों को लगवाई दौड़

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस जवानों को दौड़ लगवाई गयी।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिसकर्मियो व रिक्रूट आरक्षियों से शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। सभी अधिकारी/कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आर ओआईपी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, यूपी 112 को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह व अन्य अधिधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


परेड के दौरान पुलिस लाइन में दौड़ लगाते पुलिस जवान अमृत विचार

• एएसपी ने पुलिस लाइन परेड का किया निरीक्षण
• शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने को दिए टिप्स

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारियों के लिए नए भवन का शुभारंभ

**कायमगंज।** नवीन मंडी समिति कायमगंज में नया ऑफिस खोला गया जिसमें आधुनिकता देखने को मिली। मंडी सचिव शैलेंद्र कुमार वर्मा ने उपस्थित रहकर सभी का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने मंडी से संबंधित कुछ विषयों पर विस्तृत चर्चा की और कहा किसी भी व्यापारी को यदि कोई समस्या आती है तो मंडी सचिव के पास जाकर अपनी समस्या का निदान करवा सकता है। गर्मियां भी आ गई हैं पेयजल व्यवस्था भी ठीक है फ्रीजर भी लगे हुए हैं कोई दिक्कत नहीं होगी। नवीन कार्यालय में उपस्थित निम्न प्रकार रही जिसमें प्रमुख रूप से मंडी सचिव शैलेंद्र कुमार वर्मा, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपस्थित रहे।

### आठ उपनिरीक्षकों का तबादला

**फर्रुखाबाद।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने गुरुवार रात्रि आठ उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। इनमें दो चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। आदेश के अनुसार, उपनिरीक्षक यतेन्द्र सिंह को चौकी नीबकरोरी, थाना मोहम्मदाबाद से हटाकर चौकी बजरिया, थाना मऊदरवाजा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, उपनिरीक्षक लछिमन सिंह को चौकी बजरिया, थाना मऊदरवाजा से चौकी नीबकरोरी, थाना मोहम्मदाबाद स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उपनिरीक्षक विमल कुमार को पुलिस लाइन से थाना कमालगंज, जगदीश प्रसाद वर्मा को पुलिस लाइन से थाना राजेपुर और विद्यासागर तिवारी को पुलिस लाइन से थाना कादरीगेट भेजा गया है। उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना नवाबगंज, शकील अहमद को पुलिस लाइन से थाना जहानगंज और श्रीनाथ तिवारी को भी पुलिस लाइन से थाना जहानगंज में नई तैनाती दी गई है।

### दो सहायक अध्यापक निलंबित

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर स्थित कुम्हरौर संविलियन विद्यालय के दो सहायक अध्यापकों को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई मारपीट की घटना और वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद की है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हिमानी सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सहायक अध्यापक मृदुल सक्सेना ने कोरोना काल में छात्रों के खातों में सरकारी धनराशि समय पर नहीं भेजी। इसके अलावा, मिड-डे मील योजना के तहत खाद्यान्न वितरण में भी अनियमितताएं बरती गईं। शिकायत में विद्यालय परिसर में हुई मारपीट की घटना का भी जिक्र था, जिससे शैक्षिक माहौल प्रभावित हुआ। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने दो खंड शिक्षा अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर जांच कराई। जांच के दौरान अभिलेखों की समीक्षा की गई, संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ हुई और वित्तीय लेन-देन के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट में वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर अनियमितताएं पाई गईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक अध्यापक मृदुल सक्सेना और यतेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### सहकारी समिति उदैतापुर व तिखवा का किया निरीक्षण

**कन्नौज।** कानपुर मंडल अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक शिक्षा व नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने सदर ब्लॉक क्षेत्र की सहकारी समिति उदैतापुर व तिखवा का निरीक्षण किया। मंडी समिति की ओर से बनवाई गई दुकानों को नीलाम कराने, खाद गोदाम के रोशन दान पर जाली लगाने, समिति पर स्थापित सीएससी को भी सक्रिय करने के निर्देश उन्होंने दिए। अपर आयुक्त ने समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर का पद दैनिक वेतन से भरने के निर्देश दिए। उनको समिति पर पीएम केएसके का बोर्ड नहीं लगा मिला। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि योजना से प्राप्त टीवी पर भारत एवं प्रदेश सरकार से संचालित सहकारिता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का हर दिन यूट्यूब- पेनड्राइव से डिस्प्ले कराया जाए। जिससे समिति पर आने वाले किसानों को योजनाओं की जानकारी मिल सके। समिति में अभिलेखों का रखरखाव सही नहीं मिला। इससे नाराजगी जताई गई।

# अपर आयुक्त को ब्लाक के निरीक्षण में मिलीं खामियां

## कई पटलों पर काम संतोषजनक नहीं मिला, सफाई व्यवस्था की सराहना की

संवाददाता तिर्वा

**अमृच विचार।** अपर आयुक्त कानपुर मंडल ने ब्लाक का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई की सराहना की। कई पटलों की कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

शुक्रवार को करीब ग्यारह बजे अपर आयुक्त कानपुर मंडल रेनू सिंह ब्लाक कार्यालय उमर्दा का निरीक्षण करने पहुंचीं। एडीओ समाज कल्याण कार्यालय में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र लाभार्थियों के संबंध में जानकारी ली। स्थापना पटल का भी कार्य संतोष जनक नहीं मिला। किंतु लेखागार कक्ष की हालत ठीक नहीं मिली। गत वर्ष हुए विकास कार्यों पर खर्च की गई तथा ग्रांट के अभिलेख अधूरे मिले। सभी फाइलों में विकास कार्य के लिए कराए गए टेंडर की निविदाओं के लिए



ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करतीं अपर आयुक्त कानपुर रेनू सिंह।

प्रकाशित विज्ञापनों की प्रतियां नहीं मिलीं।

इस पर पटल प्रभारी संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। अपर आयुक्त ने पटल प्रभारी से कहा कि ग्राम सभा द्वारा जो विकास कार्य कराया जाता है उसकी निगरानी देखरेख कैसे की जाती है इस पर भी कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा सिर्फ आपका फोकस मनरेगा पर ही है। ग्राम सभा की निगरानी कौन करेगा। उन्होंने समय के भीतर सभी अधूरे अभिलेखों को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मनरेगा पटल का निरीक्षण करते हुए इस वर्ष कराए गए मानव दिवस के बारे में जानकारी ली तो पटल प्रभारी ने बताया कि इस वर्ष चार लाख छब्बीस हजार मानव दिवस का कार्य हुआ है। जब उनके भुगतान संबंधी जानकारी ली तो पटल प्रभारी ने कहा कि दिसंबर तक भुगतान हो गया है। इस पर अपरायुक्त ने अभिलेख मांगे तो पटल प्रभारी अभिलेखों को दिखा नहीं पाए, इस पर उन्होंने कहा कि पूरा काम व खर्चा हवा हवाई हो रहा है। सब काम ऑनलाइन है किंतु किसी का अभिलेख नहीं बना हुआ है। यह बहुत ही चिंताजनक बात है। उन्होंने ऑन लाइन सभी सूचनाओं को अभिलेख में दर्ज करने का निर्देश दिया। राजकीय बीज भंडार केंद्र तथा सभागार का निरीक्षण किया। सभागार की कुर्सियां को बदलने को कहा। पूरे परिसर में साफ सफाई, सुंदरी करण, पेयजल शौचालय की साफ सफाई को देखा तथा इस कार्य के लिए ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा तथा खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव के प्रयास की सराहना की है।

# चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** देश की आजादी में महत्वपूर्ण क्रांति करने वाले चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस को उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किनौरा के विद्यार्थियों ने मनाया।

क्रातिकारी चंद्रशेखर आजाद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बताया कि अंग्रेजों की ओर से आजाद को जिंदा न पकड़े जाने के अपने वादे को निभाते हुए 27 फरवरी 1931 को उन्होंने खुद को गोली मारकर बलिदान दे दिया था। जिसके बाद से इसदिन को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सहायक अध्यापक वैभव राजपूत ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय किनौरा में छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्रा मोहिनी प्रथम, प्रियांशी द्वितीय व मानसी तृतीय स्थान पर रहीं।



चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि दी गई।

# सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी को मिला स्कूल कोड

**छिबरामऊ।** सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी (सीसीए) को अंतरराष्ट्रीय मानकीकृत परीक्षा एसएटी (सेट) और पीएसएटी आयोजित करने के लिए कॉलेज बोर्ड से आधिकारिक स्कूल कोड प्राप्त हो गया है।

संस्था के सीईओ विश्वास प्रधान ने बताया कि इस कोड के मिलने से अब छात्र स्कूल परिसर में ही ये परीक्षाएं दे सकेंगे। सेट स्कोर के आधार पर बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं तथा हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, कैलिफोर्निया, टेक्सास जैसे विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश में वरीयता मिलती है। इससे छात्रों के लिए प्रतिष्ठित विदेशी संस्थानों के द्वार खुल गए हैं। प्रधानाचार्य नीरा प्रसाद ने कहा कि अब बच्चों को परीक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्कूल में विशेष तैयारी कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। छिबरामऊ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी बच्चों के लिए सुनहरा भविष्य अब और अधिक सुलभ हो गया है।

# जिला पंचायत में नहीं हो सकेगा सीएम के आदेश का पालन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कर्मचारियों को दो महीने से वेतन न मिलने से होली होगी बदरंग
- अपर मुख्य अधिकारी हैं नहीं, बकाया है दो महीने की तनख्वाह

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिए हैं कि सभी कर्मचारियों, शिक्षकों व संविदा कर्मियों को होली से पहले वेतन और मानदेय दे दिया जाए। यह आदेश जिला पंचायत कन्नौज के कर्मचारियों पर अप्रभावी रहेगा। इसका कारण अपर मुख्य अधिकारी का कई महीनों से पद रिक्त होना है।

जिला पंचायत में एएमए जेपी मौर्य के रिटायर होने के बाद से कुर्सी खाली चल रही है। अब तक किसी को अतिरिक्त प्रभार भी नहीं दिया गया है। शासन से तैनाती होने के चलते कर्मचारियों की वेतन की समस्या गंभीर है। कर्मचारियों का तर्क है कि जनवरी व फरवरी दो महीने का वेतन बकाया हो गया है। होली सिर पर आ गई है और जेब खाली है। त्योहार में काफी खर्च होता है लेकिन सैलरी को लेकर सब परेशान हैं।

बताया गया है कि इंजीनियर, दो अवर अभियंता, कर अधिकारी, छह बाबू, तीन टैक्स कलेक्टर, चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, एक सफाईकर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, कर अधिकारी समेत 20-22 लोग यहां काम करते हैं। सभी की होली बदरंग होने की संभावना है। इस बाबत जानकारी व पक्ष लेने के लिए जब जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# नलकूप खराब होने से गौरियापुर में गहराया पेयजल का संकट

संवाददाता गुरसहायगंज

- ग्रामीणों ने प्रशासन से की पानी की टंकी सही कराने की मांग

**अमृत विचार।** बीते करीब तीन माह से नलकूप खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीण निजी साधनों व दूर दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों व शहरी क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने हर घर जल योजना के तहत नलकूप व ओवरहेड टैंक की स्थापना लाखों रुपये खर्च कर कराई। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी और मनमानी और लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। ब्लाक जलालाबाद की ग्राम पंचायत गौरियापुर में नलकूप खराब होने से पेयजल समस्या बनी हुई है। इससे पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है। गांव में पेयजल संकट गहराने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के कार्यों सहित दिनचर्या भी प्रभावित है। पानी लेने के लिए ग्रामीण निजी संसाधनों का प्रयोग कर रहे है। जबकि अधिकांश को दूर दराज के स्थान से पानी लाना पड़ता है। नलकूप आपरेटर मुन्नू सिंह बाथम ने बताया कि जिम्मेदारों को जानकारी दे दी गई है। नलकूप की मरम्मत करा कर जल्द ही आपूर्ति को बहाल कराया जाएगा। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है। समस्या का निस्तारण न होने पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।



शोपीस बनी पानी की टंकी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# नीलगाय से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** मैनपुरी जिले के थाना भोगांव क्षेत्र के ग्राम जोगपुर निवासी दो भाई सड़क हादसे का शिकार हो गए। बिशनगढ़ के पास हुए भीषण हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

देवेंद्र (35 वर्ष) पुत्र राजाराम राजपूत निवासी ग्राम जोगपुर, अपने चचेरे भाई धर्मेंद्र (29 वर्ष) पुत्र मानसिंह राजपूत के साथ बाइक से अपने मामा के घर ग्राम लक्ष्मणपुर, बिशुनगढ़ एक तेरहवीं संस्कार में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद जब दोनों भाई वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी प्रेमपुर स्थित मां भगवती फ्लोर मिल सराय गोपाल के सामने अचानक एक नीलगाय उनकी बाइक से टकरा गई। हादसे में दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

वहीं धर्मेंद्र की हालत नाजुक है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। देवेंद्र पेशे से किसान थे और अपने परिवार के मुख्य सहारा थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही गांव जोगपुर में शोक की लहर दौड़ गई है। देवेंद्र अपने पीछे पत्नी अरुणा राजपूत और चार मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बाग में मिला महिला का शव दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक आम के बाग में 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद होने की खबर फैलते ही भीड़ जमा हो गई।

बताया गया कि सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने बाग में शव पड़ा देखा। मृतका लाल-सफेद रंग का स्वेटर और काले रंग की प्रिंटेड पजामी पहने थी। गले पर किसी से खींच कर कसने के गहरे निशान देख स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। आशंका जताई जा रही है कि पहले महिला के साथ दरिंदगी की गई और फिर साक्ष्य मिटाने के इरादे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई।

सूचना मिलते ही सीओ राजेश कुमार द्विवेदी कोतवाली प्रभारी



बाग में जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**30** वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ

निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, एसआई सोमवीरसिंह, एवं फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थिति को समझने का प्रयास किया। वहीं फोरेंसिक टीम ने वीडियो व फोटोग्राफी के साथ साक्ष्य जुटाने के लिए नमूने एकत्र किए। मृतका की जीभ मुंह से बाहर निकल आई थी इसीलिए हत्या की आशंका जताई जा रही है। समझा जा रहा है कि कहीं से हत्या कर शव यहां लाकर डाला गया होगा। चूँकि घटना स्थल श्यामनगर गांव के बेहद करीब है, इसलिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# युवक को पीटकर जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के नगला रामप्रसाद गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। प्रमोद सिंह पुत्र मुलायम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शैतान सिंह पुत्र वसंत सिंह तथा उसके पुत्र शैलेन्द्र और आदित्य उनके दरवाजे पर आकर बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। प्रमोद सिंह के अनुसार, जब उन्होंने आरोपितों को गाली देने से मना किया, तो उन्होंने घर के सामने रास्ते पर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद सभी आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर अमृतपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज कर लिया। इस प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक रवि सोलंकी को सौंपी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# फार्मेसी लेक्चर में त्रिस्तरीय उपचार व प्राकृतिक चिकित्सा पर हुई चर्चा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में शुक्रवार को आयोजित फार्मेसी लेक्चर सीरीज़ में विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार पद्धतियों व पारंपरिक औषधीय ज्ञान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई के सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास चंद्रा ने पेट के बैक्टीरिया संक्रमण के उपचार में ट्रिपल थेरेपी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि प्रोटॉन पंप इन्हिबिटर व दो एंटीबायोटिक्स का संयोजन प्रभावी उन्मूलन में सहायक है। वहीं डॉ. पद्मिनी शुक्ला ने "आधुनिक चिकित्सा में प्राकृतिक उत्पादों की भूमिका : पारंपरिक ज्ञान और समकालीन चिकित्सा के बीच सेतु" विषय पर व्याख्यान देते हुए आयुर्वेद व वनस्पति आधारित उपचारों की प्रासंगिकता बताई।



अतिथि वक्ताओं को प्रमाणपत्र देते डॉ अनार सिंह व डॉ अनीता यादव।

कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह व चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने अतिथि वक्ताओं को शॉल, पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया। कुलाधिपति ने कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को नवीन वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ते हैं, जबकि चेयरपर्सन ने विशेषज्ञों के अनुभव को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ. बिंदु राठौर व अतिथि वक्ताओं ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती पुष्पार्चन से किया। संचालन प्राचार्य डॉ. सुमित कुमार ने किया। अंत में हुए प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। कार्यक्रम में डीन डॉ बिंदु राठौर, प्राचार्य सुमित कुमार, रिंकेश कुमार, आदि भी मौजूद रहे।

**मुकद्दस रमजान** — सुरक्षा व्यवस्था के लिए सडक़ों पर पुलिस तैनात रही

# रमजान के दूसरे जुमे पर रोजेदारों ने मांगीं मुल्क की खुशहाली

संवाददाता फर्रुखाबाद

- दोपहर बाद मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ाई गई
- रोजेदारों में विशेष उत्साह का माहौल देखा जा रहा है

**अमृत विचार।** मुकद्दस रमजान के के दूसरे जुमे की नमाज नगर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा कर नमाजियों ने मुल्क में अमन-ओ-अमान व खुशहाली की दुआएं मांगीं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सडक़ों पर पुलिस तैनात रही।

दोपहर बाद मस्जिदों में जुम्मे की नमाज पढ़ाई गई और किसी भी प्रकार की कोई भी अशांति नहीं पैदा हुई इस तरीके से सौहार्द की एक और मिसाल कायम हो गई। रोजेदारों में विशेष उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। रोजेदार अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। जुमे की नमाज की को लेकर से पुलिस प्रशासन सक्रिय



शहर की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी।

बना रहा। मस्जिदों की सुरक्षा और जुमे की नमाज की व्यवस्था के लिए खासतौर से शहर कोतवाल के निर्देशन में सुरक्षा कर्मी तैनात रहे।

शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमाज व होली को लेकर पुलिस प्रशासन को अलर्ट जारी किया था कि मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गयी कोई भी अप्रिय घटना न हो। जिसका पालन किया गया। खास तौर से घुमना स्थित जामा मस्जिद को लेकर प्रशासन अधिक चिंता में रहा क्योंकि यहां पर नमाजियों की भारी भीड़ एकत्र होती है। इसके अलावा दरगाह हुसैनियां मुजीबिया, रानी साहब की मस्जिद, आम वाली मस्जिद सुनहरी मस्जिद, जान अली काजी साहब की मस्जिद, फतेहगढ़ चौराहा मस्जिद समेत आने छोटी वाली मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई है। जिसमें बड़ी तादाद में रोजेदारों ने भागीदारी की। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने इन सभी स्थानों पर नमाज की व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की। इसके अलावा सादा वर्दी में भी पुलिस तैनात रही, साथ ही लोकल इंटेलीजेंस यूनिट के जवान भी पल-पल की जानकारी रखे रहे। मस्जिदों के प्रबंधक और इमाम नमाज की तैयारी के लिए पूरे दिन जुटे रहे। नमाज के समय सीसीटीवी कैमरे भी निगरानी रखी। इसके अलावा मोबाइल कैमरा की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई। डी एम व एसपी नमाज के दौरान पल-पल की जानकारी लेते रहे।

# श्रीमहामंगलेश्वरनाथ, द्वादश ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के प्राचीन मंदिर बाबा श्री महामंगलेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम पुराना कोठा पार्चा फर्रुखाबाद छोटी काशी में सत्रहवां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।

प्रथम दिवस श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ श्री राम जी राज्याभिषेक हवन पूजन सुंदरकांड का पाठ श्रीमहामंगलेश्वर नाथ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों का वैदिक विधि से विद्वान पंडितों एवं भक्तों ने रुद्राभिषेक किया। दिव्य श्रृंगार पूजन महा आरती के साथ भक्तों ने बाबा के दर्शन किए और प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के आचार्य पंडित मनोज



वार्षिकोत्सव में सम्मिलित श्रद्धालु।

अग्निहोत्री मोहित त्रिवेदी ने बताया शिव के रुद्राभिषेक करने से, देखने से और श्रवण करने से प्राणी मात्र को आध्यात्मिक सुख समृद्धि प्राप्त होती है और भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं और कृपा दृष्टि करते हैं सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### राधा माधव संकीर्तन मंडल की बैठक कल

**इटावा।** अखिल भारतीय श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 1 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे से शाखा के सचिव नारायण किशोर वाजपेई के पुरानी दीवानी रोड (सिविल लाइंस) स्थित आवास पर होगी। इसकी जानकारी देते हुए शाखा के महासचिव विष्णु नारायण शोरावाल ने बताया कि शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आगामी 14 एवं 15 मार्च को होने जा रहे शाखा के भव्य वार्षिक श्री हरि नाम संकीर्तन उत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने को लेकर चर्चा की जाएगी।

### बाइक फिसलने से भाजपा नेता घायल

**जसवन्तनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव के समीप गुरुवार देर शाम एक सड़क हादसे में इटावा की ओर से वापस आ रहे भाजपा नेता व गोरक्षक 53 वर्षीय धुरवेश तोमर की बाइक डिवाइडर से जा टकराई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**भरथना ।** क्षेत्र अंतर्गत मल्होसी गांव की राधा देवी पत्नी रमाकांत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 फरवरी को गांव में स्थित भोले बाबा मंदिर पर कीर्तन हो रहे थे। उसी में शामिल होने पति गए थे, वहां किसी पुरानी बात को लेकर गांव के योगेंद्र, ऋषभ व अवनीश मिलकर पति के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे, किसी तरह जान बचाकर पति के घर पहुंचने पर विपक्षी घर पर आए और मेरे साथ भी मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपी ऋषभ ने धारदार हथियार से मेरे सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे मेरे सिर से खून निकलने लगा । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 14 जोड़ों ने थाम लिया एक दूसरे का हाथ

**इटावा ।** मुख्यमंत्री सामूहिक योजना में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 14 जोड़ों का विवाह कराया गया। इनमें 13 जोड़ों का विवाह कराया गया और एक जोड़े का निकाह कराया गया। इसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। बढ़पुरा ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने कहा कि इस योजना में निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांग अभिभावक की पुत्री, दिव्यांग कन्या , को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। प्रत्येक लाभार्थी पर 1 लाख रुपया खर्च किया जाता है। खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुरा गौरव पुरोहित, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास राजीव कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण बढ़पुरा बीरेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय निर्मल चन्द बाजपेई मौजूद रहे।

### चोरों ने 13 लाख के जेवर व नकदी किये पार

**सैफई ।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव नगला बाबा में अज्ञात चोर जीने के रास्ते घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी ले गए। पीड़ित परिवार ने करीब 13 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी होने की बात कही है। गांव नगला बाबा निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम उनकी पत्नी अंजलि अपने छोटे भाई महेंद्र प्रताप की शादी की सालगिरह में शामिल होने के लिए इटावा जाने की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान जब वह कमरे में रखी अलमारी के पास पहुंचीं तो अलमारी खुली मिली और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर जेवरात और नकदी गायब मिले। मुकेश कुमार के अनुसार अलमारी से सोने चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये नकद रखे थे। परिवार ने चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपये बताई है। पीड़ित का कहना है कि वह और उनकी पत्नी खेत पर काम करने जाते समय मुख्य गेट पर ताला लगा देते हैं। घटना किस समय हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका है कि चोर जीने के रास्ते घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। सूचना पर वैदपुरा थाना अध्यक्ष नागेंद्र चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है। मुकेश कुमार की ओर से थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया है। थाना अध्यक्ष नागेंद्र चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मार्ग दुर्घटनाओं में चार की गई जान

## परिजनों में मचा कोहराम ,हादसे में एक महिला को भी आई गंभीर चोटें , जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय, संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक मिहला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**पहली घटना** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव बिरारी के पास हुई जहां बाइक से जा रहे दंपती को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। मैनपुरी जिले के करहल के स्टेट बैंक के पास रहने वाले नरेश कुमार 55 अपनी पत्नी राजो देवी के साथ बाइक से रिश्तेदारी में बकेवर जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक बिरारी गांव के सामने हाईवे पर पहुंची तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। इस हादसे में नरेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी राजो देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक अपने वाहन को भगा ले जाने में सफल रहा। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

**दूसरी घटना** इकदिल क्षेत्र के हाईवे पर गांव मनियांमऊ के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। गांव जगमोहन पुरा निवासी राधेश्याम 62 गांव के पास स्थित पेट्रोल पम्प के पास चाय की दुकान चलाते थे। शुक्रवार की सुबह वह अपनी दुकान खोलने आए थे तभी सड़क पर कार करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए । हादसे के बाद लोग उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


हादसे के बाद हाईवे पर लगी लोगों की भीड व पुलिस । अमृत विचार

**तीसरी घटना** चकर नगर क्षेत्र के अजीत की गढिया के पास हुई औरैया जिले के बाबरपुर हनुमान नगर खेतूपुर रोड निवासी रनवीर सिंह 55 इटावा जिले के सहसो थाना क्षेत्र के बदनपुरा गांव में अपने सड़वाई राजेंद्र सिंह का हालचाल लेने गए थे। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। गड़िया मोड़ बिठौली मार्ग के पास बेकाबू कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया, लेकिन कार की नंबर प्लेट मौके पर पड़ी मिली। घायल अवस्था में परिजन उन्हें बकेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल इटावा रेफर किया गया। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. राहुल राजपूत ने अस्पताल पहुंचने पर मेडिकल परीक्षण कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि करीब आठ साल पहले वह फौज से रिटायर्ड हुए थे। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा रवि एयरफोर्स में सेवा दे रहा है, जबकि छोटा बेटा सनी घर पर रहकर खेतीबाड़ी का काम संभालता है।

**चौथी घटना** मंगलवार शाम को कचौरा बाईपास मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज क पास हुई। मंगलवार शाम को ग्राम दुर्गापुरा निवासी स्वयंप्रताप अपने मामा विपिन कुमार के साथ कचौरा बाइपास मार्ग पर बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज पर सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर घायल विपिन का सैफई पीजीआई में इलाज चल रहा था। गुरुवार देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद के शौर्य को किया याद



चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद खड़े कांग्रेसी नेता।

संवाददताता भरथना इटावा

- अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**अमृत विचार ।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को कस्बा के बालूगंज स्थित शहीद पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान वक्ताओं ने उनके त्याग, बलिदान और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुखराम सिंधी, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल भूरे, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव अनुराग कर्ण व ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर यादव आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### कुंए में पड़ा मिला युवक का शव

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव मुडैना समसपुर निवासी 41 वर्षीय कुंअर सिंह रोज की भांति घर से बाहर शौच के लिए निकले थे, किन्तु काफी देर तक वापस ना पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी देर तक खोजबीन के बाद सुबह करीब साढ़े छह बजे परिजनों ने उनका शव कुंए में पड़ा देखा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर यूनिट तथा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुंए में पड़े कुंअर सिंह के शव को बाहर निकाला जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है. वहीं पैर फिसलने के कारण कुंए में गिरने की आशंका जताई जा रही है। मृतक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था. मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी लाली देवी तथा इकलौते पुत्र बसंत समेत चार अविवाहित पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के परिवार के जीवन निर्वाहन करने का संकट खड़ा हो गया है।

# डीबीए के होली मिलन में खूब उड़ा गुलाल


होली मिलन समारोह में जिला जज व डीबीए अध्यक्ष। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को होली मिलन का कार्यक्रम कराया गया। डीबीए सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में खूब अबीर गुलाल उड़ा। न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायधीश रजत सिंह जैन ने गुलाल लगाकर होली की शुरुआत की। डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी व महामंत्री नितिन तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी जिला जज रामचंद्र यादव, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार, एंटी डकैती जज आलोक कुमार श्रीवास्तव, स्पेशल जज ईसीएक्ट अंकुर शर्मा, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट संजय कुमार, एडीजे 12 अशोक कुमार दुबे, सीजेएम अश्वनी , एसीजेएम द्वितीय शिवार्थ खरे, एसीजेएम तृतीय दानवीर सिंह, एसीजेएम चतुर्थ सर्वेश यादव, प्रभाकर त्रिपाठी, अमित तिवारी मौजूद रहे।

### गृहकलह से तंग युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**ताखा।** ऊसराहार क्षेत्र के दौलतपुर गांव में पारिवारिक क्लेश के चलते युवक ने घर पीछे खड़े पेड़ पर लटक कर जान दे दी । मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी गौरव यादव (19) ने गुरुवार रात को घर के पीछे खड़े आम के पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक पिछले कुछ समय से पारिवारिक क्लेश के कारण मानसिक रूप से परेशान था। परिजनों के अनुसार शाम को वह घर से बाहर गया, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। घर के पीछे खेत में पहुंचने पर गौरव का शव आम के पेड़ से लटका मिला। शव को लटका देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना तत्काल ऊसराहार पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम को भेजा।

# रोबर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन व नेतृत्व के बताये गुर

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** जनता कॉलेज में आयोजित रोबर्स-रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अपने द्वितीय दिवस पर अत्यंत प्रभावशाली, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर का वातावरण पूरे दिन अनुशासन, ऊर्जा, राष्ट्रप्रेम और सेवा-भाव से ओत-प्रोत रहा।

प्रारंभिक सत्र में प्रदीप कुमार त्यागी ने स्काउट-गाइड आंदोलन के इतिहास, उद्देश्य, प्रतिज्ञा, नियमों एवं संगठनात्मक संरचना पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग केवल शारीरिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में एक सशक्त आंदोलन है। द्वितीय दिवस के व्यावहारिक सत्र में विद्यार्थियों को


प्रशिक्षण में भाग लेते रोबर्स-रेंजर्स । अमृत विचार

रस्सी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना सिखाया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ये गांठें आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, कैम्पिंग एवं दैनिक जीवन की अनेक परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल एवं समन्वय की भावना को विकसित किया गया। समूह प्रस्तुतीकरण, देशभक्ति गीत, लघु नाट्य मंचन एवं प्रेरक नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रेंजर्स प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया, रोबर्स प्रभारी डॉ. नवीन अवस्थी, क्रीड़ा शिक्षिका मीनू त्रिपाठी, इंजीनियर अजित प्रताप अग्निहोत्री एवं अनिल कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने प्रशिक्षण की सराहना की।

# यूपी बोर्ड: 2362 ने छोड़ी परीक्षा


परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी चेक करते एडीआईओएस डॉ. मुकेश यादव ।

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच कराई जा रही हैं।

राज्य पर्यवक्षेक, जिलाधिकारी , जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को पहली पाली में हाईस्कूल के गणित व इंटर के व्यावसायिक शिक्षा वर्ग और द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान व सैन्य विज्ञान विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा निर्धारित 67 परीक्षा केन्द्रों पर कराई गई। प्रथम पाली में 17540 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 16243 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1257 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 15653 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 14548 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1105 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2362 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल , राज्यस्तरीय पर्यवेक्षक प्रतिमा मिश्रा और जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### स्कूली बच्चों ने किया सफारी का भ्रमण

**महेवा ।** लायन सफारी के अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवरसा विकास खंड क्षेत्र महेवा के छात्र-छात्राओं को लायन सफारी का भ्रमण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कराया गया । शिक्षक नगेंद्र प्रताप सिंह विज्ञान अध्यापक के प्रयास से छात्र-छात्राओं को यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ । प्राकृतिक संतुलन और प्रकृति का संरक्षण जीवन को बचाए और बनाए रखने के लिए आवश्यक है और लायन सफारी इटावा इसका जीवंत उदाहरण है। वहां छात्रों ने पांच प्रकार की सफारी का भ्रमण किया। जिसमें काला हिरण, तेंदुआ ,भालू , हिरण बारासिंघा चीतल को देखा। सफारी स्टाफ के द्वारा बारीक जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं स्वल्पाहार भी कराया गया । निदेशक लायन सफारी अनिल पटेल द्वारा छात्र छात्राओं से संवाद किया गया । प्रधानाध्यापक मनीष चतुर्वेदी , आलोक त्रिपाठी ने निदेशक का धन्यवाद किया ।

# आश्वासन के बाद अभी तक 122 किसानों ने कराया बैनामा

संवाददताता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच शुक्रवार को कुदरैल गांव में एसडीएम श्वेता मिश्रा ने किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

एसडीएम श्वेता मिश्रा ने किसानों से स्पष्ट कहा कि शासन के निर्देशानुसार उन्हें पूरा मुआवजा सर्किल रेट के आधार पर दिया जा रहा है। किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो किसान बैनामा करा रहे हैं, उनके खातों में तीन दिन के भीतर मुआवजे की धनराशि भेजी जा रही है। अब तक लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत 122 किसान


किसानों से वार्ता करतीं एसडीएम श्वेता मिश्रा । अमृत विचार

बैनामा करा चुके हैं और सभी को नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और प्रशासन पर विश्वास रखें। शासन और प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान किसानों ने अपनी शंकाएं और आपत्तियां रखीं, जिनका एसडीएम ने बिंदुवार जवाब दिया और समाधान किया। अधिकारियों ने राजस्व अभिलेखों और भुगतान प्रक्रिया की भी जानकारी दी। एसडीएम की वार्ता के बाद किसानों में संतोष का माहौल देखा गया। वार्ता के सकारात्मक परिणाम सामने आए और शुक्रवार को करीब दस किसान सब रजिस्टार कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्वेच्छा से अपनी भूमि का बैनामा कराया।

एसडीएम श्वेता मिश्रा ने बताया कि किसान से वार्ता की गई वह लगातार बैनामा कर रहे हैं और किसानों को संतुष्ट भी किया जा रहा है।

### परीक्षा केंद्र पर छात्रा की तबियत बिगड़ी

**भरथना ।** कस्बा के एक इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में दसवीं की परीक्षा दे रही एक छात्रा की अचानक तबियत बिगड़ गई । उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । इसके चलते उसका पेपर छूट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला ब्रह्म नगर निवासी एक दसवीं की छात्रा कस्बा के जवाहर रोड स्थित एस.ए.वी. इंटर कॉलेज की छात्रा सुबह की प्रथम पाली में गणित की परिक्षा दे रही थी। बताया जा रहा है कि परीक्षा के दौरान छात्रा की अचानक तबियत बिगड़ गयी, जिसके बाद परिजनों को सूचित करते हुए छात्रा को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां गंभीर हालत होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिले के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

दिये निर्देश | प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक

# त्योहारों में 24 घंटे मिले बिजली, खराब ट्रांसफार्मर बदलें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जिले की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाए और ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसको 24 घंटे के अंदर बदला भी जाए। यह त्योहारों का मौसम है और इस मौसम में भरपूर बिजली दी जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि चकरनगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर बदलने में काफी समय लगता है जिससे लोग परेशान रहते हैं। इसे सुधारा जाए। वहां एक ट्रांसफार्मर तो एक महीने से खराब है और उसको अभी तक नहीं बदला गया है। इसे तत्काल बदला जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि गोवंश के पोषण पर ध्यान दिया जाए । उन्होंने कहा कि विभाग जो कार्य करें उसकी जानकारी जनता तक पहुंचना चाहिए। यह भी कहा कि राजस्व की समस्याएं तहसील स्तर पर निपटाई जाएं क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसी समस्या लेकर तहसील पहुंचते हैं । इसलिए तहसील पर ही इन समस्याओं का निस्तारण किया जाए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस की ओर से की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और जनसुनवाई भी लगातार चल रही है। अपराधियों को पकड़ा जा रहा है और उन्हें सजा भी दिलाई जा रही है। 86 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है।


समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा की गेहूं खरीद के लिए जो केंद्र खोले जाएं उनकी सूची बनाकर तहसील और ब्लाकों पर भी लगाई जाए, जिससे किसानों को जानकारी हो सके।

उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग से जो योजनाएं चलाई जाती है उनका लाभ पात्रों तक पहुंचाएं कोई भी पात्र योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने विभागों के कामकाज में तेजी लाने के लिए कहा। बैठक में अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बृजेंद्र कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह मौजूद रहे।

**चौपाल में तीन महिलाओं को किया गया सम्मानित :** इटावा। प्रभारी मंत्री ने जसवंत नगर क्षेत्र के ग्राम कैस्त में आयोजित चौपाल में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य यही है कि गांव के लोगों की समस्याओं का निदान गांव में ही कर दिया जाए। अधिकारी इन चौपाल में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करें। इस चौपाल में प्रभारी मंत्री ने एनआरएलएम में बेहतर कार्य करने वाली तीन महिलाओं को सम्मानित किया। पांच पात्रों को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबी दी गई और कन्या सुमंगला योजना में तीन बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, घुराज सिंह शाक्य, अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे ,अजय धाकरे रहे।

# हिंदी ओलम्पियाड में आदित्य को मिला स्वर्ण

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी के कक्षा दो के छात्र आदित्य को दो महीने पूर्व ओलम्पियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित की गई परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन कर पदक जीता है।

हिंदी ओलम्पियाड फाउंडेशन नई दिल्ली ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में इस प्रतियोगिता का आयोजtन कराया था। इस परीक्षा में बच्चों की हिंदी के क्षेत्र में सवाल पूछे गए थे। परीक्षा के सम्पन्न होने के बाद उनकी उत्तर पुस्तकाओं की फाउंडेशन के द्वारा जांच कराई गई थी। प्रतियोगिता में सुदिति ग्लोबल स्कूल में कक्षा दो में पढ़ने वाले छात्र आदित्य ने सफलता हासिल की। इस पर उसे फाउंडेशन की ओर से गोल्ड मेडल दिया गया।


आदित्य यादव अपने पदक के साथ।

कालेज के प्रधानाचार्य कमल कुमार ने उसे मेडल पहना कर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । आदित्य के बाबा रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह यादव व चाचा अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी अरविंद व पिता फुटबाल खिलाड़ी रहे है। आदित्य के मेडल मिलने पर वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र चौबे, मुन्ना अवस्थी, रवीद्र यादव , राम सरन यादव अंशू चतुर्वेदी ने बधाई दी है।

न्यूज ब्रीफ

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बेला।** थाना सहायल क्षेत्र के गांव उपरेंगा निवासी चंद्रप्रकाश पुत्र मुंशीलाल शुक्रवार शाम करीब पांच बजे मोपेड से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वो बेला के तिर्वा मार्ग पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके से गुजर रही डायल 112 पुलिस के एक वाहन ने घायल को उठाकर बेला सीएचसी में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया हैं कि क्षतिग्रस्त वाहन को थाने में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइकों की भिंड़त में तीन लोग घायल

**बेला।** बेला–बिधूना मार्ग स्थित छैरी पुलिया पर शुक्रवार शाम बिधूना की तरफ से बेला जा रहे बाइक सवार दो युवकों की बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक शीलू व शिवा निवासी जयसिंह पुर्वा, तिर्वा कन्नौज सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरी बाइक सवार दम्पति का मासूम बच्चा गिरकर घायल हो गया। दम्पति मासूम को उठाकर मौके से चले गये। बाद में रहागीरों की मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायल युवकों को जनपद कन्नौज के डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया। क्षतिग्रस्त बाइक को थाने में खड़ा किया गया है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया हैं की क्षतिग्रस्त वाहन थाने में खड़ा है।

## अनूप कुमार गुप्ता बने अधिवक्ता

**औरैया।** नगर पालिका परिषद औरैया के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने अधिवक्ता के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी की शुरुआत की। इस अवसर पर औरैया में अधिवक्ता साथियों द्वारा उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया और शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बूढ़ादाना रजबहा की पटरी फटी, फसलें जलमग्न

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में ग्राम पसैया स्थित बूढ़ादाना रजबहा की पटरी गुरुवार देर रात करीब 11 बजे अचानक फट गई। इससे सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई और दर्जनों किसानों की खड़ी फसलें पानी में डूब गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रजबहा में पानी का दबाव अधिक होने के कारण पटरी कमजोर हो गई थी। पटरी टूटने से पानी सीधे खेतों में घुस गया, जिससे गेहूं, चना, सरसों और आलू की तैयार फसलें प्रभावित हुईं।

घटना में किसान देव सिंह की लगभग 30 बीघा गेहूं की फसल, आदेश की 6 बीघा, राजेंद्र कुमार की 5 बीघा, ज्ञान बाबू की 4 बीघा, श्रीकृष्ण की 8 बीघा, चंद्रपाल की 5 बीघा और कीरत सिंह की 5 बीघा सरसों की फसल जलमग्न हो गई। इसके अतिरिक्त कई अन्य किसानों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। किसान ज्ञान बाबू ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी। उन्होंने कहा कि इससे उनकी महीनों की मेहनत और लागत बर्बाद हो गई है। रजबहा का पानी पसैया-अछल्दा मार्ग पर भी भर गया, जिससे सड़क पर जलभराव हो गया। राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसानों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद सिंचाई विभाग हरकत में आया। शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे ठेकेदार सर्वेश यादव जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पटरी को बंद करने का कार्य शुरू किया। क्षेत्रीय लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि आपदा की स्थिति में तहसील प्रशासन की ओर से मदद उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सिचाई विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। नहर में पानी ओवरफ्लो होने के कारण आसपास के खेत जलमग्न हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रजबहा की पटरी पहले से कमजोर थी और इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी। किसानों का कहना है कि समय रहते विभाग द्वारा मरम्मत कराई जाती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। किसानों ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।




रजबहा की पटरी फटने से खेतों में भरा पानी। फसल बर्बाद होने के बाद माथा पकड़े बैठा किसान। अमृत विचार

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**35.5** हजार रुपये का अर्थदंड भी लगा

**अमृत विचार।** अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम), औरैया ने दिबियापुर थाना क्षेत्र के साढ़े छह वर्ष पुराने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कठोर दंड सुनाया है। न्यायालय ने दोषी जितेंद्र को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 35,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे मुदुल मिश्रा ने बताया कि वादी ने दिबियापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 26 अगस्त 2019 की रात करीब 9:30 बजे जब वादी अपने घर पहुंचा तो उसकी 16 वर्षीय मंदबुद्धि बहन घर पर अकेली थी। उसी दौरान गांव का जितेंद्र उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। वादी को देखते ही आरोपी भागने लगा, जिसे पकड़ कर वादी ने मारपीट की और भगा दिया।

वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

# युवक ने चीता बाइक से किया स्टंट, मुख्य आरक्षी निलंबित

## अछल्दा के हरीगंज क्षेत्र का मामला, युवक भी गिरफ्तार

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में चीता मोबाइल बाइक से एक युवक ने स्टंट किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार की रात करीब 10 बजे हरीगंज बाजार क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक युवक चीता मोबाइल बाइक लेकर फाटक की ओर से बाजार की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक कस्बे में बाइक से घूमता नजर आया। वीडियो में युवक कथितरूप से नशे की हालत में दिख रहा है और सरकारी वाहन से स्टंट करते हुए बाइक घूमता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकारी वाहन के इस प्रकार दुरुपयोग पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुख्य आरक्षी सर मोहन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही चीता मोबाइल बाइक चला रहे हरीगंज बाजार निवासी सुड्डन त्रिपाठी को देर रात गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



वायरल वीडियो की फुटेज। अमृत विचार

**10** बजे रात का मामला जांच शुरू की गई

## 10 फीट लंबा अजगर दिखने से हड़कंप

**अछल्दा।** कस्बे के हरीगंज बाजार स्थित आदर्श चौराहे के पास शुक्रवार रात 7:25 बजे करीब उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क पर लगभग 10 फीट लंबा अजगर रेंगता हुआ दिखाई दिया। अचानक अजगर को देख राहगीरों और दुकानदारों में हड़कम्प मच गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने अजगर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अछल्दा वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची। वन रेंज अधिकारी गौरव मिश्रा व वनकर्मी दुर्वेश ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही अजगर सड़क किनारे बनी झाड़ियों में चला गया, जिससे उसे पकड़ना संभव नहीं हो सका। वन रेंज अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन अंधेरा होने के कारण अजगर झाड़ियों में छिप गया। सुबह पुनः तलाश अभियान चलाया जाएगा। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि अजगर दोबारा दिखाई दे तो उससे दूर रहें और तुरंत विभाग को सूचना दें।

# बच्चे पहुंचे स्कूल तो कहा गया आज छुट्टी है, अधिकारी बोले जांच करेंगे

संवाददाता, बेला (औरैया)

- बिधूना के शिवरा प्राथमिक विद्यालय का मामला
- ग्रामीणों ने लगाया आरोप, कहा सप्ताह में दो-तीन दिन खुलता है

**अमृत विचार।** विकासखंड बिधूना की ग्राम पंचायत गैली के मजरा शिवरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को बच्चे स्कूल पहुंचे तो वहां मौजूद रसोइया ने कहा कि आज छुट्टी है। इससे बच्चे घर लौट गए। दोपहर करीब एक बजे विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया। स्कूल बंद होने से नाराज ग्रामीणों ने जीपीएस कैमरे से फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय अक्सर बंद रहता है। बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। गांव निवासी गोलू यादव ने बताया कि शुक्रवार सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो गेट बंद मिला और उन्हें वापस घर लौटना पड़ा। उनका कहना है कि सप्ताह में दो-तीन दिन ही विद्यालय खुलता है। शिक्षक आते हैं, उपस्थिति दर्ज करते हैं और बच्चों को छुट्टी बताकर चले जाते हैं। विद्यालय में प्रधानाध्यापक दीपक श्रीवास्तव तथा सहायक अध्यापक मुकेश सिंह और संदीप सेंगर तैनात हैं। ग्रामीणों के अनुसार रसोइया ने बच्चों से कह दिया कि आज छुट्टी है, जबकि उस दिन कोई सरकारी अवकाश घोषित नहीं था। ग्रामीण दिनेश ने आरोप लगाया कि आए दिन बच्चों को बिना पढ़ाई कराए लौटा दिया जाता है। इससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में रोष है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



शुक्रवार दोपहर को विद्यालय में लगा ताला। अमृत विचार

# अवैध खनन व खनिज परिवहन के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान उपजिलाधिकारी सदर औरैया अजय आनंद वर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें खनन विभाग की टीम भी सक्रिय रूप से मौजूद रही।

अभियान के दौरान एक्सप्रेसवे से गुजर रहे कई डंपरों को रोककर उनके दस्तावेज, रॉयल्टी पर्ची एवं खनिज परिवहन से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। जांच में चार डंपर अवैध रूप से खनिज परिवहन करते पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते हुए 1,32,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। सभी आरोपित वाहन स्वामियों ने मौके पर ही जुर्माना राशि जमा कर दी। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन के निर्देशों के क्रम में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य राजस्व की क्षति को रोकना, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



चेकिंग अभियान चलाते अधिकारी।

# अहिल्याबाई होल्कर ने तीर्थ स्थलों, मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई

अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। यह आयोजन कस्बा के मोहल्ला सराय बाजार स्थित पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल के आवास पर बटेश्वर दयाल समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में किया गया, इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल ने किया। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई का कार्यकाल 1725 से 1795 तक रहा, इस दौरान उन्होंने प्रजा के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए और नर्मदा नदी के किनारे घाटों का निर्माण करवाया। राष्ट्र सेविका समिति धार विभाग की बौद्धिक प्रमुख अमृता भावसार ने अहिल्याबाई को एक साधारण ग्रामीण परिवार से आने वाली विलक्षण प्रतिभा की धनी बताया। उन्होंने कहा कि उस समय समाज में महिलाओं की स्थिति दयनीय थी और शिक्षा व विकास के अवसर सीमित थे। कार्यक्रम प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने कहा कि अहिल्याबाई ने न केवल विशाल साम्राज्य का सफल संचालन किया, बल्कि तीर्थ स्थलों और मंदिरों का जीर्णोद्धार भी करवाया। उन्होंने नर्मदा तट पर घाटों का निर्माण भी किया। सीमित शिक्षा के बावजूद वे एक सफल महारानी बनीं और निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए नई ऊंचाइयां हासिल कीं। इस अवसर पर अरविंद सिंह भदौरिया, लायक सिंह, लाखन सिंह, मन्नी लाल पाल, सुरेश, अर्जुन सिंह भदौरिया, सुरेश यादव, वीरेंद्र सिंह और कृष्ण कुमार यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई

# यमुना तट के विकास को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में यमुना तट की सफाई, सौंदर्यीकरण और धार्मिक सुविधाओं के विकास को लेकर समाजसेवी संगठन 'एक विचित्र पहल सेवा समिति' ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ककोर स्थित कलेक्ट्रेट पहुँचा और जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों के समतलीकरण तथा क्षतिग्रस्त स्नान कुंडों के जीर्णोद्धार की प्रमुख मांग उठाई गई। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना तट पर प्रतिदिन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 10 अंत्येष्टियाँ होती हैं, जिससे हजारों लोगों का आवागमन रहता है। बदहाल व्यवस्थाओं के कारण लोगों को अंतिम संस्कार, स्नान एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। समिति ने अन्य मांगों में पतित पावनी यमुना नदी में गिर रहे गंदे नालों पर रोक लगाने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, धार्मिक पर्वों के लिए स्नान व आरती स्थल का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत शवदाह गृह की स्थापना तथा जालौन मार्ग पर औरैया एवं यमुना तट के मध्य पिंडदान स्थल विकसित करने की मांग की। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जन-समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नदियों की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है और यमुना तट पर पारंपरिक अंत्येष्टियों पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। साथ ही तट के सौंदर्यीकरण, धार्मिक पर्वों पर स्नान व आरती स्थल के विकास तथा विद्युत शवदाह गृह स्थापना की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने यमुना तट पर भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की संभावनाओं का भी उल्लेख किया।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजीव त्रिवेदी (गौरव), पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरू), हिमांशु दुबे, राजीव पोरवाल (रानू), संजय अग्रवाल एवं आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट शामिल रहे।

सेमीनार | विकसित भारत के लिए महिलाओं का योगदान जरूरी

# लैंगिक असमानता को समाप्त करना होगा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** तिलक महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतत विषयक सेमीनार की शुरुआत हुई। जिसमें मुख्य वक्ता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. वीपी मालिक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कि 2047 तक विकसित भारत की कल्पना तभी पूरी हो सकती है। जब महिलाओं का भी योगदान होगा।

बिना लैंगिक असमानता खत्म किये यह सम्भव नहीं है। कहा विकास के चार आधार है जिसमें आर्थिक, सामाजिक न्याय, नवाचार, पर्यावरण संतुलन, नैतिक न्याय महत्वपूर्ण है। इनके बिना विकसित भारत की परिकल्पना निराधार है। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को 2047 तक साकार करने के लिये सरकार के कार्यों के अलावा हम सभी का योगदान है। उन्होंने नागरिक सहभागिता पर जोर दिया सेमीनार के संयोजक प्रो. अरविन्द्र सिंह ने कहा कि दो दिन के समीनार में पांच तकनीकी सत्र होंगे। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा कि आज हम सब लोग विकसित भारत की बात कर रहे है। तभी विकसित भारत का स्वप्न पूरा हो सकेगा समन्वयक प्रो. सिया राम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण, सहभागिता, समाजिक विकास के माध्यम से ही विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकती है। उद्घाट्न सत्र का सचालन प्रो. पीवी सिंह तथा डॉ. अनुपम बिड़ला से किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# हिंदू युवा मोर्चा संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**फफूंद, औरैया।** हिंदू युवा मोर्चा संघ द्वारा शुक्रवार को स्थापना दिवस मनाया गया। हिन्दू युवा मोर्चा संघ के महामंत्री गौरव श्रीवास्तव द्वारा संचालन किया गया। संघ के संरक्षक ओवरन सिंह राजपूत ने अपने विचार व्यक्त की। आज हिन्दू समाज को आपस में लड़ाने का काम कर रही है, इससे हिन्दू समाज आहत है। सरकार के पास अभी भी समय है, इस बिल को वापस ले, अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम बहुत ही घातक होंगे। हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार पर मुखरता के साथ हिन्दू युवा मोर्चा संघ को अपना विरोध करना चाहिए। जिसके लिए सदैव संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे। हिंदू युवा मोर्चा संघ के संरक्षक अनिल कुशवाहा द्वारा अपने विचार रखे गये। राकेश पाल ने कहा कि आज हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए समर्पित होकर हिन्दू युवा मोर्चा संघ कार्य कर रहा है। हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। गौरव श्रीवास्तव प्रदेश संगठन महामंत्री के द्वारा बताया गया हम सभी को संगठन को मजबूत करना चाहिए। तभी, हिन्दू समाज को सुरक्षित रखा जा सकता। इसके लिए सभी को एकजुट होकर खड़ा होना पड़ेगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)

पत्रांक :– 3097/4 / न0पा0प0–राठ/नीलामी/2025–26 दिनांक:–27–02–2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये नगर पालिका परिषद–राठ के सीमान्तर्गत पशु रजिस्ट्रेशन शुल्क, हड्डी चमड़ा, कांजी हाउस, सुलभ शौचालय (दीवानपुरा, चौबट्टा, रामलीला, सरकारी अस्पताल के पास, धुपकली के पास एवं कोट बाजार), नगर का बहता गंदा पानी (सैना रोड), नगर का बहता गंदा पानी (जुल्हैटी पॉवर हाउस), सागर तालाब, विज्ञापन (होर्डिंग्स आदि) की आम बोली दिनांक 11.03.2026 को समय 12.00 बजे पालिका कार्यालय में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के समक्ष होगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति पंजीयन शुल्क व जमानत धनराशि पालिका कार्यालय में विज्ञाप्ति प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 10.03.2026 सायं 05.00 बजे तक जमा कर सकते हैं तथा पालिका की शर्तो के अनुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं।

**नोट :– बोली के उपरान्त शेष बची नीलामी की बोली प्रत्येक बुधवार को की जायेगी।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद राठ**
(हमीरपुर)

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद राठ**
(हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार बाइक होमगार्ड पर गिरी

राठ। कस्बे के पठानपुरा निवासी होमगार्ड जयचंद अपना टिफिन लेकर पैदल ड्यूटी जा रहा था। ब्लॉक गेट के पास पहुंचते ही मोहल्ले के एक नाबालिग ने तेज रफ्तार बाइक से नियंत्रण खो दिया और होमगार्ड पर जा गिरी, जिससे बाइक चला रहा नाबालिग किशोर और होमगार्ड दोनों गिरकर घायल हो गए।

### नकदी और जेवरात लेकर प्रेमी संग गई

मौदहा। क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 24 फरवरी की दोपहर गांव का सजातीय रोहित उसकी पुत्री को बहलाकर ले गया। बेटी घर से 50 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई है। पुत्री को कबरई ले जाने की आशंका जताई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज का प्रशिक्षण शुरू

सुमेरपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिवों, प्रधानों, पंचायत सहायकों को ईजीएस, पीएफएमएस, जेम पोर्टल एवं एसएनए स्पर्श पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर महोबा की मास्टर ट्रेनर पूजा मरजीवा ने पोर्टल के बारे में जानकारी दी। जितेंद्र कुमार ने ईजीएस एवं पीएफएमएस के बारे में बताया। डीपीआर महोबा के सहायक फैकल्टी इंचार्ज इरफान खान ने स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी। प्रथम दिन 74 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

### मस्जिद में जानवर घुसने की शिकायत

सुमेरपुर। रमजान माह में मस्जिद एवं दरगाह के आसपास गंदे जानवरों के विचरण की शिकायत रोजेदारों ने नगर पंचायत के ईओ से की। कस्बे के इमिलिया थोक निवासी इरशाद खान, शमशाद खान, नूरहसन, साहेब आलम आदि ने अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य को बताया कि रमजान में गंदे जानवर खुलेआम विचरण कर दरगाह एवं मस्जिद में घुसकर गंदगी फैलाते हैं। रोजेदारों ने अधिशाषी अधिकारी से गंदे जानवरों पर प्रतिबंध की मांग की है। ईओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### नकली शराब पर प्रशासन सख्त

मौदहा। होली के त्योहार को देखते हुए शुक्रवार को उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, सीओ राजकुमार पाण्डेय और आबकारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने तहसील रोड बड़ा चौराहा स्थित शराब के ठेकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दुकान संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वह न तो निर्धारित मूल्य से अधिक पर शराब बेचें और न ही किसी भी स्थिति में नकली या मिलावटी शराब का स्टॉक रखें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित दुकान का लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### राज्यमंत्री से हुई बंधी प्रकरण की शिकायत

सुमेरपुर। सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके मकान एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बनाने वालों ने अंतिम नोटिस मिलने के बाद जल शक्ति राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रशासनिक अधिकारी से कार्यवाही के लिए आदेशित करने की मांग की है। कस्बा निवासी राजेश शिवहरे, अमन शर्मा, कुंजबिहारी पांडे, रामचंद्र, राजेश शर्मा आदि में जल शक्ति राज मंत्री रामकेश निषाद को ज्ञापन सौंपकर बंधी के प्रकरण से अवगत कराते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रशासनिक अधिकारी को विधिक कार्यवाही के लिए आदेशित करने का मांग की है।

### चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

सुमेरपुर। वर्णिता संस्था की ओर से क्रांतिकारी आंदोलन के सूरमा चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि आजाद मातृभूमि के निडर सपूत थे। इनके वंशज उन्नाव के बदरका के रहने वाले थे, जो बाद में मध्य प्रदेश के भावरा चले गए थे। आजाद का जन्म भावरा में ही 23 जुलाई 1906 को सीताराम तिवारी तथा जगरानी के घर हुआ था। 27 फरवरी 1931 को शहीद हो गए। यहां अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, विकास, रामबाबू, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



शिवरामपुर डेरा में सड़क हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगाकर हंगामा किया। अमृत विचार



जाम के चलते सड़क पर खड़े वाहन, जिनमें तोड़-फोड़ भी की गई। अमृत विचार

# ट्रक ने ली जान, जाम के साथ तोड़फोड़

## सुमेरपुर थाना क्षेत्र के शिवरामपुर डेरा में नहर के पास हुआ हादसा, सड़क पर शव रखकर हंगामा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- सड़क पर जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी
- शाम तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे अफसर

**अमृत विचार।** पत्योरा खदान बालू लादने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को कुचल दिया। एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया और वाहनों में तोड़-फोड़ की। देर शाम तक अधिकारी समझाने का प्रयास करते रहे।

पत्योरा ग्राम पंचायत के मजरा शिवरामपुर डेरा निवासी शिवरतन (18) पुत्र शिवनरायन निषाद गांव निवासी अपने दोस्त ध्रुव कुमार (20) पुत्र रामखिलावन निषाद के साथ नहर के पास मोड़ पर सड़क किनारे बाइक खड़ी कर बतिया रहा था, तभी खदान जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। इस घटना में शिवरतन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ध्रुव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है।

इस बीच युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने खदान से आने और खदान की तरफ जाने वाले वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए जाम लगा दिया। ग्रामीण मृतक युवक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। जाम की सूचना पाकर एसडीएम सदर, सीओ सदर, थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने की कोशिश में जुट गए।



हादसे के बाद मौके पर लगी गांव वालों की भीड़। अमृत विचार

शुक्रवार को दोपहर करीब 2:00 बजे घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने पत्योरा मार्ग पर जाम लगा दिया और ट्रकों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जाम की सूचना पाकर एसडीएम सदर केडी शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष अनूप सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास करने, लेकिन गांव वाले अपनी मांगों पर अडिग रहे सड़क से शव हटाने को तैयार नहीं हुए। देर शाम तक हंगामा चलता रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे रहे।

### मौके पर रोते-बिलखते रहे मां-बाप और भाई

- हादसे का शिकार हुआ शिवरतन तीन बहनों और दो भाइयों में छोटा था। मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। मुंबई से एक सप्ताह पहले ही वह गांव आया था। अचानक इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पिता शिवनारायण, मां भूरी, भाई रमाशंकर निषाद रोते-बिलखते रहे। ग्राम प्रधान अरविंद निषाद ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, लव जिहाद का बखेड़ा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



फातिमा उर्फ उत्कर्षा।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बिगहना में एक मुस्लिम परिवार की महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना मान रही है। इस मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, महिला के हिंदू होने की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता इस मामले को लव जिहाद से जोड़कर तूल देने लगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना में शुक्रवार को लगभग 11:00 बजे मुर्तजा उर्फ रज्जू की पत्नी फातिमा (21) ने संदिग्ध हालात में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद उसके परिवार में हड़कंप गया। मामला उस समय पेचीदा हो गया, जब हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने महिला के हिंदू होने की अधिकारियों को सूचना देकर लव जिहाद से मामला जोड़ा। सीओ राजकुमार पांडेय के साथ बिवांर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह घटना नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### फातिमा महाराष्ट्र की रहने वाली उत्कर्षा थी

- छानबीन में पता चला फातिमा का संबंध हिंदू परिवार से है। वह महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के मदनगढ़े थाना क्षेत्र के पीपलगांव निवासी सुनील सतपाल की पुत्री उत्कर्षा थी। दो साल पूर्व मुंबई के एक होटल में अपने मामा के साथ काम करती थी, जहां मुर्तजा भी पास ही मुर्गा काटता था। दोनों यहां भाग आए और बिना शादी व निकाह के पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। दो माह पूर्व ही उसने एक पुत्री को जन्म दिया था, जो अपनी मां से बिछड़ने पर बिलख रही है।

### बेटी की मौत पर मां बाप ने फेर लिया मुंह

- क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्कर्षा के मां-बाप को इस घटना की सूचना दी गई तो उन्होंने मुंह फेर लिया और यहां आने से साफ इनकार कर दिया है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# अनियमितता बरतने पर सीवीओ का सहायक लेखाकार निलंबित

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बांदा कार्यालय में किया गया सम्बद्ध
- प्रयोगशाला के नाम पर डकारा बजट, बिना अनुमति भुगतान

**अमृत विचार।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक/प्रभारी सहायक लेखाकार सैय्यद मुहम्मद अहमद द्वारा प्रयोगशाला के बगैर संचालन के बजट का उपयोग करने, बहुउद्देशीय सचल वाहन चालकों के मानदेय में अनियमितता करने आदि के आरोप में अपर निदेशक द्वितीय पशुपालन विभाग चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने निलंबित करके मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बांदा कार्यालय में सम्बद्ध करके जांच मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महोबा को सौंपी है।

अपर निदेशक द्वितीय पशुपालन विभाग चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉक्टर अशोक कुमार द्वारा 25 फरवरी को जारी किए गए निलम्बन आदेश में स्पष्ट किया गया है की मुख्य विकास अधिकारी हमीरपुर के पत्र संख्या 1285, दिनांक 21 फरवरी के क्रम में वरिष्ठ सहायक सैय्यद मुहम्मद अहमद को बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के भुगतान आहरण स्वीकृत करने, क्रय प्रक्रिया में अनियमितता बरतने, प्रयोगशाला के वास्तविक संचालन न होने के बाद भी बजट का आहरण करने, कार्यालय अभिलेखों में छेड़छाड़ करने तथा सचल वाहन चालकों के मानदेय में अनियमितता पाए जाने के क्रम में तत्काल प्रभाव से निलंबित करके मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बांदा के कार्यालय में सम्बद्ध करके जांच महोबा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.रंजन सिंह को सौंपी गई। इस कार्यवाही में पशुपालन विभाग में हड़कंप मच गया है। निलंबित सहायक लेखाकार करीब तीन दशक से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात था। प्रथम दृष्टया जांच में कई लाख का घोटाला सामने आया है।

### जहर खाने से वृद्ध की थम गईं सांसें

राठ। मझगवां थाने के नौरंगा गांव में एक वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली। वृद्ध की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

नौरंगा गांव निवासी गोली (90) परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी लाए, जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उरई ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही उसे घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि गोली लंबे समय से बीमार थे। करीब एक वर्ष पहले उनकी पत्नी विद्यारानी भी लापता हो गई थीं। गोली अपने पीछे पुत्र संतोष और विनोद सहित अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं।

# तेज रफ्तार ऑटो पलटा, 3 गंभीर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- रफ्तार अधिक होने से काबू नहीं कर पाया चालक, खड्ड में गिरा
- हाईवे पर हुआ हादसा, इंगोहटा से भरुआ आ रहा था ऑटो

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो पलट कर खड्ड में चला गया। जिससे तीन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। फिलहाल तीनों को इलाज के लिए सुमेरपुर अस्पताल भेजा गया है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा से भरुआ चलने वाला ऑटो यूपी 90 एटी 2038नेशनल हाईवे पर इंगोहटा से भरुआ सवारी लादकर जा रहा था, तभी रफ्तार अधिक होने के कारण अनियंत्रित पलट कर खड्ढ में जाकर पलट गया। जिसमें इंगोहटा निवासी शत्रुघ्न पुत्र फक्कड़, बिवांर निवासी सुनील पुत्र बाबू प्रजापति, कुसमरा निवासी अशोक पुत्र रामसजीवन गंभीर रूप से घायल हो गए और बुरी तरह से ऑटो में फंस गए। राहगीरों ने किसी तरह घायलों को निकाल कर पुलिस और एंबुलेंस के सहयोग से इलाज के लिए सुमेरपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।



खड्ड में खड़ा क्षतिग्रस्त ऑटो।

### कुत्ते से भिड़ी बाइक 3 परीक्षार्थी घायल

- बिवांर। क्षेत्र के महेरा गांव की खुशबू पुत्री सुखदेव अहिरवार, अनुष्का पुत्री श्याम करण यादव, रेशम पुत्री बबलू कुशवाहा पीएनबी इंटर कॉलेज में इंटर की छात्राएं हैं। शुक्रवार को सुबह पाली में आशुलिपि टंकण का पेपर था। तीनों एक बाइक पर परीक्षा देने जा रही थी। महेरा मोड़ के पास सामने सड़क पर कुत्ता आ गया, जिससे बाइक उससे टकराकर गिर गई, जिससे तीनों छात्राएं और चालक घायल हो गए। पुलिस ने मुस्करा सीएचसी भेजा। छात्राओं के घायल होने उनकी बोर्ड परीक्षा भी छूट गई।



प्रशिक्षण में मौजूद पंचायत सचिव, प्रधान और पंचायक सहायक। अमृत विचार

# पोर्टल में काम करने का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकास खंड सभागार में दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों को ई-ग्राम स्वराज, जेम पोर्टल, पीएफएमएस व एसएनए-स्पर्श पोर्टल के संचालन एवं उपयोग की जानकारी दी गई।

उपनिदेशक मंडल परवेज आलम खान के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के लिए संदर्भ सामग्री जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (पीआरसी) चित्रकूट और महोबा के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। सीनियर रिसोर्स सेंटर प्राची गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 82 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बड़ी आबादी वाले ग्रामों के 8 प्रधान, 9 पंचायत सहायक और संबंधित सचिवों ने भाग लिया। इस दौरान सचिव शिवमूरत, सचिव भूपेंद्र, अरतरा के प्रधान माहेश्वरी दीन, परछछ की प्रधान अंशिका गौतम, खंडेह के प्रधान सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को और मजबूत बनाना है।

### दो ग्राम पंचायतों में लगी ग्राम चौपाल

- कुरारा। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरी में बीडीओ मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें महावीर की मांग पर हैंडपंप की मरम्मत कराई गई। पतारा में ग्राम प्रधान माया देवी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में रामेश्वर ने नमामि गंगे द्वारा घरों तक पानी न पहुंचने की शिकायत की। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि रहे।

# वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्नों का धमाल

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कलौलीजार के वार्षिकोत्सव समारोह में नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने खेलकूद, नृत्य, गीत, नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जयनारायण यादव, बीईओ प्रभाकर तोमर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। छात्र-छात्राओं ने काली तांडव, रानी लक्ष्मीबाई, माखन दे दे गुजरिया राष्ट्रीय गीत व विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। कृषक भारतीय विद्यालय उजनेड़ी के प्रधानाचार्य शिवनारायण यादव ने कहा कि पीएम श्री केंद्र सरकार की ऐसी योजना है, जिसमें स्कूलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से मुक्त बनाया जाता है। कंप्यूटर लैब डिस्टिल बोर्ड के माध्यम से शिक्षा का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा। कार्यक्रम करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अरविंद यादव, सेवा निवृत्त शिक्षक लाल दिवान यादव, कैलाश प्रसाद सोनी, विज्ञान क्लब के अध्यक्ष जीके द्विवेदी, प्रधानाचार्य बाबादीन कर्णधार, स्कूल के शिक्षक, रामप्रताप फौजी, ग्रामवासी रहे।



कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# शादी में जा रही युवती के साथ रास्ते में छेड़छाड़

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- खींचकर ले जाने का किया प्रयास मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार।** कस्बे में एक शादी समारोह में जा रही एक युवती के साथ तीन युवकों ने रास्ते में अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ की। यहां तक कि युवती को खींचकर ले जाने का प्रयास किया। किसी तरह युवकों के चंगुल से बचकर भागी युवती ने अपनी मां को जानकारी दी। मां ने कोतवाली में आरोपी युवक और उसके दो अज्ञात दोस्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

महिला के बताया कि बुधवार को वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए एक मोहल्ले में गई थी। उसकी बेटी भी साथ थी। वहां से बहू ने पुत्री को एक युवक के साथ कपड़े बदलने के लिए घर भेजा। कपड़े बदलने के बाद लौटते समय एक युवक और उसके दो दोस्तों ने रास्ते में पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर खींचकर ले जाने का प्रयास किया। बताया कि दबंगों के चंगुल से जान बचाकर भागी उसकी पुत्री ने उसे घटना की जानकारी दी। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया मुकादमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

समीक्षा बैठक — जिले के प्रभारी मंत्री ने जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक में दिए निर्देश

# हर घर के नल में पहुंचाएं पानी, जनता को नहीं हो परेशानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुन्तला निषाद व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में अन्ना पशुओं की समस्या, उर्वरक उपलब्धता, विकास कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, राजकीय नलकूपो का संचालन, स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून व्यवस्था, गौशालाओ में गौवंशों के संरक्षण, कृषि विभाग एवं समाज कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के मुताविक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अवैध वसूली में लिप्त जेई व लाइनमैनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के तहत संयोजित घरों में हर हाल में पानी पहुंचे। गौशालाओं में गोवंशों का रखरखाव बेहतर ढंग से किया जाए। कोई भी गोवंश छुट्टा न दिखे। किसानों को वन गायों की समस्या से निजात दिलाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना को अमल में लाया जाए। अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। होली के त्योहार के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद सहित जनपद स्तरीय अधिकारीमौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

### स्व.बैजनाथ सिंह स्मृति द्वार का किया अनावरण

- कुरारा। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने जल्ला कंडौर मोड़ पर स्व. बैजनाथ सिंह स्मृति द्वार का अनावरण कर गौशाला का निरीक्षण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, प्रधान उमाशंकर रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### परिचालक ने महिला यात्री से की अभद्रता

**महोबा।** रोडवज की अनुबंधित बस के परिचालक ने शराब के नशे में महिला यात्री के साथ अभद्रता की। लोगों के काफी समझाने के बाद परिचालक ने पैसा वापस किया। कानपुर जा रही बस को रास्ते में चेकिंग दल ने रोक लिया और परिचालक को शराब पीकर ड्यूटी करने पर डिपो केंद्र प्रभारी से शिकायत की। आरोप है कि अनुबंधित बस में आउटसोर्सिंग परिचालक उदय प्रकाश शराब के नशे में था। महिला यात्री ने 50 रुपये देकर 30 रुपये का टिकट लिया था, लेकिन परिचालक ने उसे शेष 20 रुपये वापस नहीं किए। जब महिला ने अपने पैसे मांगे, तो परिचालक ने उससे बदतमीजी की। अन्य यात्रियों और चालक ने भी परिचालक को पैसे लौटाने के लिए समझाया, उसके बाद महिला को उसके पैसे वापस मिले। इसी बीच चेकिंग दल ने बस की जांच के दौरान परिचालक को शराब के नशे में पाया। महोबा डिपो के केंद्र प्रभारी एमपी लखेरे ने बताया कि क्षेत्रीय चेकिंग दल की रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**जालौन।** शुक्रवार दोपहर 12 बजे से दो बजे तक बिजली कटौती किए जाने से लोग परेशान हैं। खास कर जुमे की नमाज के दौरान वुजू को लेकर रोजेदार परेशान रहे। रमजान माह के जुमे के दिन दोपहर 12 बजे बिजली बंद कर दी गई। यह कटौती लगभग दो घंटे तक रही। लगभग यही समय जुमे के दिन के लिए वजू का होता है। इन दो घंटों तक बिजली कटौती होने से पानी की आपूर्ति भी बंद रही। रोजेदारों को हैंडपंपों में जाकर पानी भरना पड़ा। अशफाक, अफजाल, मुजीब, खालिद आदि ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि जुमे के दिन दोपहर में होने वाली कटौती को बंद किया जाए।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**जालौन।** महोबा के पनवाड़ी निवासी अरविंद कुमार (25) गुरुवार की शाम बाइक से उरगांव रोड पर अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहा थे। जब वह बाइक लेकर गूढ़ा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे कार सवार ने बेकाबू होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक सवार अरविंद बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से निकल रहे राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस

**महोबा।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के भंडरा गांव निवासी गीता कुशवाहा ने बताया कि पहरा निवासी उनके पिता चुन्नू ने 14 जून 2019 को उन्हें जमीन खरीदने के लिए 12 लाख रुपये दिए थे। जब जमीन का सौदा नहीं हो पाया तो उसने रकम इलाहाबाद बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बालेंद्र कुशवाहा को अपने बैंक खाते में जमा करने के लिए दी। दो महीने बाद पता चला कि उनके खाते में एक भी रुपया जमा नहीं हुआ। जांच में सामने आया कि बालेंद्र ने 12 लाख रुपये में से 10 लाख रुपये अपने खाते में जमा कर लिए थे, जबकि शेष 2 लाख रुपये खर्च कर दिए थे। जब पीड़िता ने बालेंद्र से पैसे मांगे, तो उसने पहले तो आश्वासन दिया, लेकिन बाद में रुपये लौटाने से साफ इनकार कर धमकी देकर भगा दिया। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। वहां से भी न्याय न मिलने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी बालेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आड़े-तिरछे वाहनों से देवनगर चौराहा जाम

**जालौन।** देवनगर चौराहे पर वाहनों के आड़े–तिरछे खड़े रहने से निकलने में दिक्कत होती है। टेंपो भी परेशानी का कारण बनते हैं। देवनगर चौराहे पर आगरा, दिल्ली, औरैया, बरेली, कानुपर, लखनऊ, बरेली, अजमेर शरीफ के अलावा रामपुरा, बंगरा, भिंड, ग्वालियर आदि स्थानों के लिए दिन भर भारी वाहनों का आना–जाना रहता है। कोई बस स्टैंड न होने से यात्रियों को चौराहे पर ही खड़े रहना पड़ता है। बसें और ऑटो भी चौराहे पर खड़े रहते हैं। बसें सवारियां बैठाने के चक्कर में आड़ी–तिरछी खड़ी हो जाती हैं, जिससे जाम लगता है। ई–रिक्शा व ऑटो भी जहां मन चाहा, वहां खड़े कर देते हैं। वाहन चालकों में लड़ाई, झगड़े की नौबत आ जाती है। नगर के रहने वाले विपुल दीक्षित, विनय कुमार, मनोज कुमार, सोमिल, जाकिर आदि ने जिला प्रशासन से देवनगर चौराहे पर वाहनों के आड़ा–तिरछा खड़ा करने पर सख्त रोक लगाने की मांग की है।

# पानी, बारातघर और मोक्षधाम के लिए प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- गांव में तीन से पूरा नहीं हो सका पाइप लाइन का काम
- जलस्तर गिरने से एकलौता हैंडपंप भी नहीं दे रहा साथ

**अमृत विचार।** पेयजल, मोक्षधाम और बारातघर आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराए जाने को लेकर शुक्रवार को छिकहरा गांव के मजरा मुल्ला के खोड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने समस्याओं का जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की साथ ही चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं होता तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सदर तहसील के इस मजरे में पिछले तीन सालों से पाइप लाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है, जिससे उन्हें एक एक बाल्टी साफ पेयजल के लिए प्रतिदिन जूझना पड़ रहा है।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे मुल्ला के खोड़ा के ग्रामीण। अमृत विचार

ज्ञापन में ग्रामीण बताया कि मजरे में एक मात्र हैंडपंप है, जो अक्सर खराब रहता है। मरम्मत के बाद भी अब जलस्तर गिरने से हैंडपंप शोपीस बनकर रह गया है। बताया कि इस संबन्ध में एक माह से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन देकर टहलाया जा रहा है। पेयजल के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनका पूरा दिन पानी भरने में ही गुजर जाता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने गांव की सभी गलियों में तत्काल पाइपलाइन डालने की मांग की है

ज्ञापन में ग्रामीण ने अंतिम संस्कार के लिए जगह की कमी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि जिस जमीन पर पहले शवों का अंतिम संस्कार किया जाता था, उसे अब वन विभाग ने तारबंदी कर घेर दिया है। ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए कोई निश्चित जगह नहीं बची है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में एक मोक्षधाम के निर्माण की मांग की है। साथ ही शादी विवाह व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक बारातघर की कमी को दूर कराए जाने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में जय कुमार, दयावती वर्मा, भूरा, परमे, कोमल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।

# प्रदर्शन कर मांगा सर्किल रेट से मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम को ज्ञापन सौंपकर नई ग्राम पंचायत बसाने की मांग
- अलीपुरा के डूब क्षेत्र के प्रभावित परिवारों ने सुनाई व्यथा

**अमृत विचार।** कबरई ब्लाक के अलीपुरा गांव के डूब क्षेत्र के प्रभावित परिवारों ने नई ग्राम पंचायत बसाने, आवासीय प्लाट का आवंटन किए जाने और वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। डीएम के नाम एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि अर्जुन सहायक परियोजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में आ चुके अलीपुरा गांव की आबादी विस्थापित होने की कगार पर है। पूरे गांव के प्रभावित परिवारों को लाभ सूची में शामिल करने की मांग की गई है। 2019 से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक युवतियों को पृथक इकाई मानकर धनराशि दी जा रही है. जबकि 2025 की सूची में उन्हें शामिल नहीं किया गया है। पुर्नवास के लिए आवासीय



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अलीपुर गांव के लोग। अमृत विचार

प्लाट का पूर्ण आवंटन नहीं किया गया। मुआवजा राशि वर्तमान प्रभावी सर्किल रेट के अनुरूप निर्धारित नहीं की जा रही है। प्रभावित परिवारों का पुनः सर्वे कर लाभ सूची में शामिल करने की मांग की गई। पुर्नवास क्षेत्र को विधिवत नई ग्राम पंचायत घोषित कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जनहित में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की ग्रामीणों ने मांग की। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान अंशिका, देवेंद्र कुमार, नीरज, सुनीता, कामता प्रसाद, सीताराम, अंकित शुक्ला, धर्मेंद्र, नंदकिशोर, रामसनेही, अर्जुन, साहिल, रामदीन सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

# 9.17 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर ने विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का किया जाएगा सुंदरीकरण
- विभिन्न योजनाओं से बदलेगी जिले के निकायों की तस्वीर

**1.85** करोड़ रुपये से बनेगी योगशाला

**1.54** करोड़ से होंगे तीन मंदिरों में काम

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर ने शुक्रवार को जिले के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए करोड़ों रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिले की चारों नगर निकायों के लिए अहम परियोजनाओं की सौगात दी है। इन कार्यों से न केवल शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भी सुंदरीकरण सुनिश्चित होगा। इन विकास कार्यों को मुख्य रूप से वंदन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना और स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वीकृत किया गया है।

नगर पालिका परिषद महोबा की ओर से धार्मिक स्थलों के विकास के लिए वंदन योजना के अंतर्गत



योजनाओं का लोकार्पण करते राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर। अमृत विचार

मां चन्द्रिका देवी मंदिर परिसर और बौद्ध मठ के पास नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण किया गया। वहीं ट्यूबवेल से बौद्ध मठ तक और कारकदेव मन्दिर से बौद्ध मठ तक इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण एवं खनिज न्यास निधि और वंदन योजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 1.75 करोड़ रुपये की लागत के सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। नगर पालिका परिषद चरखारी ने सुगम आवागमन के लिए पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत वार्ड रूपनगर और कजियाना में लगभग 1.17 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख सीसी रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को सौंपा गया साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका परिसर में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया।

नगर पंचायत, कबरई में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत 88 लाख रुपये की लागत से नगर में आधुनिक पुस्तकालय और अम्बेडकर नगर वार्ड में चिल्ड्रेन पार्क, इंटरलॉकिंग एवं नाली के निर्माण का लोकार्पण किया गया साथ ही 1.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रानी लक्ष्मीबाई पार्क के पास योगशाला और एक कम्युनिटी सेन्टर का शिलान्यास किया गया। वंदन योजना के तहत 1.54 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पांच पहाड़ी मंदिर, बूढ़े हनुमान मंदिर और राम जानकी मंदिर में शेड व सीसी रोड निर्माण का भी शिलान्यास हुआ। इस प्रकार नगर पंचायत कुलपहाड़ में वंदन योजना के तहत मां बाघराजन मन्दिर के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें 1.18 करोड़ की लागत से मंदिर के परिक्रमा मार्ग, सीसी रोड और शेड के नीचे इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कर श्रद्धालुओं को समर्पित किया गया, वहीं लगभग 1.36 करोड़ रुपये की लागत से तहसील के सामने निकाय भूमि पर 'दुकानों का निर्माण' और एक 'आधुनिक पुस्तकालय' के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, सभी निकायों के चेयरमेन व अधिशाषी अधिकारियों और कर्मचारियों सहित बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- युवक मंगल दल ने सुगिरा में चलाया नशा मुक्ति अभियान

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सुगिरा में युवक मंगल दल के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। दल के अध्यक्ष ने नशे के दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। दल के लोगों ने इस मौके पर न नशा मुक्त जन जागरूकता रैली निकालकर गांव का भ्रमण करते हुए वहां से शराब दुकानों के पास पहुंचकर धरना देते हुए लोगों को नश छोड़कर स्वस्थ जीवन जीने प्रति जागरूक किया।

सुगिरा गांव में युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने लोगों के सहयोग से नशु मुक्त जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली ने गांव की प्रत्येक गलियों सड़क पर घूमकर ग्रामीणों को जागरूक किया साथ ही शराब की दुकानों पर पहुंचकर वहां मौजूद लोगों को समझाया और नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। रैली चल रहे लोग नशा मुक्त स्लोग्न लिखी तख्तियां बैनर आदि लेकर चल रहे थे साथ ही नशा है बेकारी, इसे आज ही छोड़ो। खुशहाल परिवार नशा मुक्त समाज। नशा छोड़ो, खुशियां अपनाओ। नशा से दूर रहो, स्वस्थ रहो जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

गोष्ठी के बाद अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां पर ग्रामीणों को जागरूकत करते हुए दल के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि अगर हमें एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है तो हमे हर प्रकार के नशे को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। इसके बाद देसी शराब के ठेके के बाहर नशे के खिलाफ युवाओं ने धरना दिया। इस अवसर पर रुद्र बाजपेयी, पुष्पेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रोहित सिंह, विक्रम प्रजापति, शरद महाराज, वंश अग्रवाल, बॉबी श्रीवास, आरबी यादव आदि रहे।

# पशु चोरी करने वाले दो शातिर पुलिस ने पकड़े

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- अभियुक्तों के पास 1,39,500 रुपये और पिकअप बरामद

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ पुलिस टीम ने पांच दिन पूर्व पशु चोरी की घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप वाहन के अलावा पशुओं की बिक्री के 139500 रुपये भी बरामद किए है।

नगर के नेताजी वार्ड निवासी भगवानदास ने 22 फरवरी को थाने में सूचना दी गई कि उनके बाड़े में रामलला मंदिर के पीछे बंधी तीन भैंस व एक पड़िया को अज्ञात चोरों ने पिकअप वाहन संख्या यूपी95एटी-4297 से चोरी कर लिया गया है। सूचना के आधार पर थाना कुलपहाड़ पर धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए पुलिस टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर यादवत्र उपनिरीक्षक श्रीकृष्ण वैश्य, उपनिरीक्षक विकास तिवारी, कांस्टेबल ओमप्रकाश शर्मा व विक्की चौधरी ने नगर के यादव चौराहा के समीप से रहीस मुहम्मद (23) पुत्र गनी मोहम्मद बजरंग कॉलोनी श्रीनगर व अली अहमद (32) पुत्र अल्लादीन निवासी दाउपुरा श्रीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 24500 रुपये नगद, मोबाइल, के अलावा अभियुकतों ने चोरी किए गए पशुओं को 115000 में बेचने की बात स्वीकार की, जिसमें से उपरोक्त धनराशि बरामद की गई है। पुलिस ने पकड़े गए वाहन को सीज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछतांछ दौरान अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि नवाजिस खान पुत्र नजीर खान, अनवर खान उर्फ अन्नू निवासीगण बजरंग कॉलोनी श्रीनगर हाल पता आर्मी कैंप के पहले ईशानगर रोड कस्बा नौगांव मध्यप्रदेश, रवि रैकवार पुत्र सुरेश धीमर निवासी बेलाताल व रोशन पुत्र प्यारेलाल रैकवार निवासी ग्राम पथनौड़ी थाना राठ के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### मस्जिदों में नमाज को उमड़े रोजेदार

**जालौन।** रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज नगर की विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमंदों द्वारा अदा की गई। रोजेदारों ने अल्लाह की इबादत कर देश में अमन-शांति की दुआ मांगी।

नगर की बड़ी सुन्नी जामा मस्जिद, मरकज जामा मस्जिद, तकिया वाली मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, वाले वाली मस्जिद, मदरसा मस्जिद, मोती मस्जिद, सुब्हानी मस्जिद, इमाम चौक मस्जिद में जुमा की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज से पहले इमामों ने रमजान के महत्व पर रोशनी डाली और रोजे, जकात व नेक कार्यों की अहमियत बताई। लोगों ने अपने गुनाहों की माफी मांगी। इस मौके पर मस्जिदों में साफ-सफाई और नमाजियों की सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए थे। रमजान माह और जुमे दिन विशेष तौर पर दुआएं हुईं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था। मरकज जामा मस्जिद में मौलाना उवैश, तकिया में मौलाना साबिर, सुब्हानी जामा मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन ने अदा कराई।



इसरो वैन का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

# ज्ञानस्थली के बच्चों ने इसरो वैन में देखा अंतरिक्ष

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर इसरो वैन का किया उद्घाटन

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने इसरो वैन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इसरो वैन का भ्रमण किया और डेमो के माध्यम से अंतरिक्ष ज्ञान प्राप्त किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बच्चे अध्ययन करके शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। अपना अनुभव साझा करें और वैज्ञानिक बनकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि यहां के बच्चे एक दिन प्रदेश का भी नाम रोशन करेंगे। हर एक बच्चा दिल्ली से आए हुए साइंटिस्ट से सवाल जवाब करें, जिससे आपका ज्ञान बढ़ सके और इसरो लैब के बारे में जानकारी प्राप्त करें। डेमो देखना और पढ़ने में बहुत अंतर है पढ़ने के साथ साथ सभी बच्चे प्रैक्टिस भी करें। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन बच्चों को शुरूआत में जैसा तराशेगे आगे चलकर ये बच्चे वैसे ही बनेगे। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि जिले में 40 इसरो लैब की स्थापना हो रही है। इसरो वैन के माध्यम से दूर दराज से आए हुए छात्र छात्राएं इस इसरो वैन का एक्सपीरियंस कर पाएंगे। हर ब्लॉक में इसरो वैन जाएगी और बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे। डीएम ने कहा कि जिंदगी में किताबी ज्ञान ही काफी नहीं होता जरूरी होता है हर चीज को विजुलाइज कर पाओ, जो चीज हो रही है पर कैसे हो रही है, हर चीज पर आप सवाल भी पूछ पाओ कोई चीज आप देखते हो आपके सामने हो रही है जो एक जिज्ञासा में हो रही है उसको कभी शांत नहीं होने दो जब आप सोशल साइंस पढ़ते हो उसको बोरिंग तरीके से ना पड़े आप उसके विषय में समझो क्या वजह रही होगी उसके आगे क्या उसका प्रभाव पड़ेगा। जब आप उस विषय के बारे में समझ जाएंगे तो आप जिंदगी भर नहीं भूलेंगे। इस मौके पर इसरो के वैज्ञानिक अंकित थरेजा औरयोगेन्द्र सिंह ने अंतरिक्ष यान, उपग्रह, रॉकेट प्रौद्योगिकी एवं भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, एडीएम, सीडीओ, एसडीएम, तहसीलदार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, सीओ सिटी, पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू, व्यापर मंडल से भागीरथ नगायच, एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सिंह, पुष्पेन्द्र गुप्ता, व्योगी शाश्वत, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे ।

**छतों पर भी नमाज** | मस्जिदों में रोजेदारों की उमड़ी भीड़, पेश इमाम ने अदा कराई नमाज

# रमजान के दूसरे जुमा पर मस्जिदों में दुआ

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान के मौके पर मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ जुट रही है। सुनसान रहने वाली मस्जिदें आज कल खासी आबाद हैं। रमजानुल मुबारक के दूसरे जुमे में अकीदतमंदों की मस्जिदों में भारी भीड़ जुटी। कई मस्जिदों में जगह न मिल पाने के कारण नमाजियों ने छत के ऊपर चढ़कर जुमे की नमाज अदा की और मुल्क में अमनो अमान व आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गई।

रमजान माह का दूसरा जुमा पड़ने के कारण लोग सुबह से ही नहाकर साफ कपड़े पहन कर पाकीजगी



नमाज के बाद दुआ मंगते रोजेदार। अमृत विचार

के साथ तैयार होकर मस्जिदों के जानिब चल दिए, जिससे मस्जिदों में जगह मिल सके, वहीं कुछ लोग मस्जिद में सबसे आगे वाली पहली सफ में जगह पाने के लिए पहले से ही पहुंचकर जगह बना ली। तमाम लोगों ने दुकानें और प्रतिष्ठान बंद करके जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में पहुंचकर पेश इमाम के पीछे नमाज अदा की। इस मुबारक माह में एक नेकी के बदले सत्तर नेकियों का सवाब मिलने के कारण लोग प्रतिष्ठानों की चिंता किए बगैर इबादत तिलावत में अधिक ध्यान दे रहे हैं, यही वजह है कि कोशिश भर लोग नमाज नहीं छोड़ रहे हैं। जुमे के जुमे आठ दिन में नमाज पढ़ने वाले भी आज कल मस्जिदों को आबाद किए हुए हैं, जिससे मस्जिदों में नमाजियों की हर नमाज में अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। जुमे दिन भी खाली रहने वाली मस्जिदों में आज कल नीचे और छत पर जुमे की नमाज पढ़ी जा रही है। शहर के मुहल्ला मकनियापुरा की जमा मस्जिद के पेश इमाम कारी हसन रजा ने खिताब करते हुए कहा कि नमाज आंखों की ठंडक है, नमाज पढ़ने से सुकून मिलता है। इस माह के रोजों की विशेष अहमियत हैं। रोजा रखने वालों से अल्लाह ताअला बेपनाह मोहब्बत करता है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ वकीलों का वार

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** तहसील के राजस्व और चकबंदी कार्यालयों में प्राइवेट लड़कों को लगाए जाने के विरोध में बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी। हड़ताल के चलते न्यायिक कामकाज प्रभावित रहा। मुकदमो की पैरवी के लिए दूर दराज से आने वाले वादकारियों को तारीख देखकर चलता कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्राइवेट लड़कों को लगाकर काम कराने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसकी जानकारी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी है, इसके बाद



हड़ताल दौरान तहसील में विरोध जताते अधिवक्ता। अमृत विचार

भी कामकाज कर रहे हैं। महामंत्री बृजेंद्र कुमार ने कहा कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्राइवेट लड़कों को कार्यालयों से नहीं हटाया जाता हड़ताल जारी रहेगी। बताया कि शासन से जारी किए गए अंश संशोधन पोर्टल एवं आधारकार्ड के आधार पर खतौनी में संशोधन के पोर्टल पर किए गए आवेदनों को लेखपाल और राजस्व निरीक्षक रिश्वत न मिलने पर उनको निरस्त कर रहे हैं। हड़ताल दौरान बार अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, राहुल सिंह चंदेल, श्यामकिशोर सोनी, साकिर खान, शिवराम सिंह राजपूत, जमुना प्रसाद सोनी, जितेंद्र शुक्ला, विजय साहू सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 28 तारीख तक मिलेगा कोटे का अनाज

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि फरवरी माह में कोटे के खाद्यान्न का वितरण 28 तारीख तक विस्तारित किया गया है। इस तिथि तक मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जाएगा। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा भी रहेगी।

### टीम के कामों का मौके पर किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को संयुक्त निदेशक डॉ. विनोद अग्रवाल ने मौका मुआयना किया। ब्लाक शिवरामपुर के ग्राम रेहुंटिया व ब्लाक पहाड़ी के ग्राम बूढ़ा सेमरवार में टीम के कार्यों को देखा। कार्यक्रम से संबधित अभिलेखों व रिपोर्टिंग की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। बताया गया कि अब तक जिले में लक्षित 779956 जनसंख्या में से 617587 को दवा का सेवन कराया जा चुका है। पर्यवेक्षण के दौरान कार्यकम के नोडल अधिकारी डा. जीआर रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लालसाहब सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण केंद्र का हुआ लोकार्पण

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में रिक्रूट पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए बने चाणक्य प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर डीआईजी राजेश एस और एसपी अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए तकनीकी दक्षता, विधिक ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल अत्यंत आवश्यक हैं। चाणक्य प्रशिक्षण केंद्र में चार कक्षाएं, 240 रिक्रूटों के एक साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

### दारोगा की कालर पकड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र भौरी चौराहे के सामने कृषक इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा के दौरान ड्यूटी कर रहे एक दारोगा सुभाषराम की कालर पकड़कर अभद्रता की गई। थाना प्रभारी रैपुरा आशुतोष तिवारी ने बताया कि युवक एक मामले में वांछित था। दारोगा उसका बयान लेने और नोटिस तामील कराने गए थे। इसी दौरान उसने बदतमीजी की और गालीगलौज करते हुए कॉलर पकड़ लिया। अभद्रता करने वाले का नाम दद्दू प्रसाद है।

### एडीएम ने किया पेयजल योजना का निरीक्षण

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति स्वप्निल कुमार यादव ने शुक्रवार को चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत रानीपुर खाकी का निरीक्षण किया। इस दौरान जल निगम ग्रामीण के अवर अभियंता विंध्यवासिनी प्रसाद चौबे आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रानीपुर खाकी में कुल 3840 मीटर पाइप लाइन के सापेक्ष 3640 मीटर पाइप लाइन बिछा दी गई है। गांव के तीन पुरवों में 195 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष 158 कनेक्शन करा दिए गए हैं। पाइप लाइन बिछाने के दौरान 1500 मीटर रोड क्षतिग्रस्त हुई थी। अबतक 1400 मीटर सड़क बनवा दी गई है। टंकी में सीपेज मरम्मत एवं पंप हाउस की पेंटिंग का काम बचा है। एडीएम ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि कामों को जल्द पूरा कराकर शुद्ध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करें।

# बिना वर्दी मिले दो सफाईकर्मियों का एक दिन का वेतन रोका

## प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने किया औचक मुआयना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी (स्थानीय निकाय) अरुण कुमार ने शुक्रवार को नगरपालिका अंतर्गत वार्डों का औचक मुआयना किया। उन्होंने बिना वर्दी पाए जाने पर दो सफाईकर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पटेल चौक से नगर पालिका परिषद कार्यालय तक कोई भी सफाईकर्मी कार्यरत नहीं पाया गया। पुरानी कोतवाली चौराहे के पास सफाई के दौरान कर्मचारी अनुज एवं बृजेश बिना वर्दी के पाए गए। इस पर प्रभारी अधिकारी ने इनका एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने की सख्त चेतावनी दी गई। एक डोर टू डोर वाहन में नंबर प्लेट नहीं मिली। सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी वाहनों में अनिवार्य रूप से नंबर प्लेट लगाई जाए। उन्होंने पीए सिस्टम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर क्षेत्र अंतर्गत कूड़ा निस्तारण की रिपोर्ट तैयार कर दो दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। निर्देशित किया कि आईजीआरएस के तहत आई शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, अवर अभियंता शुभम तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, सफाई नायक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


वार्डों में सफाई व्यवस्था का मुआयना करते प्रभारी अधिकारी अरुण कुमार।

### सड़क की पटरी पर दुकानें न लगें

- प्रभारी अधिकारी ने पुरानी कोतवाली स्थित स्ट्रीट वेंडरों को सड़क पटरी के ऊपर दुकान न लगाने व पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए निर्देशित किया। कर निरीक्षक एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिए कि नियमित सफाई के बाद किसी के कूड़ा फेंकते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाए।

### ट्रैफिक चौराहे की ग्रिलिंग को ठीक कराएं

- ट्रैफिक चौराहे के निरीक्षण के दौरान ग्रिलिंग टूटी एवं गंदी पाई गई। अधिशासी अभियंता शुभम तिवारी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र एस्टीमेट तैयार कर टूटी हुई ग्रिल को दुरुस्त कराया जाए। साथ ही सफाई निरीक्षक को वहां समुचित सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## मानीटरिंग कमेटी ने किया संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश ने बाल सुधार गृह के निरीक्षण के लिए मानीटरिंग कमेटी गठित की है। इसमें अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज अध्यक्ष, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा विदिशा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय सदस्य हैं। कमेटी ने शुक्रवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया। समिति ने बाल अपचारियों से बात की और शिक्षा, भोजन, चिकित्सा सुविधाओं तथा मनोरंजन की व्यवस्था का जायजा लिया। समिति ने अधीक्षक एवं स्टाफ को निर्देश दिए कि बालकों के लिए नियमित काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं तथा विधिक जागरूकता शिविरों में इन्हें शामिल किया जाए।

उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि अवलोकन गृह के लिए अतिरिक्त फंडिंग उपलब्ध कराई जाए कि कंप्यूटर लैब एवं खेलकूद सुविधाओं का विकास किया जा सके। इस दौरान वीर सिंह संस्था प्रभारी, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउंसलर आदि मौजूद रहे।

# प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. बीके जैन का निधन

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- गरीबों के हमदर्द थे डॉ. जैन
जिले में शोक की लहर


डॉ. बीके जैन।

**अमृत विचार।** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात नेत्र चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन, जिन्हें ज्यादातर लोग डॉ. बीके जैन के नाम से जानते हैं, का शुक्रवार शाम निधन हो गया। उन्होंने जानकी कुंड चिकित्सालय में शाम चार बजकर 24 मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई।

डॉ. जैन को चित्रकूट के जानकीकुंड अस्पताल में गरीबों, जरूरतमंदों के नेत्र संबंधी बीमारियों के निःशुल्क इलाज के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के बाद डॉ. जैन ऐसी विभूति थे, जिनको समाजसेवा में अप्रतिम योगदान के लिए जाना जाता था। यह भी एक संयोग ही है कि डॉ. जैन ने भी उसी तारीख को इस नश्वर संसार से विदा ली, जिसमें नानाजी ने अपनी देह त्यागी थी। उन्होंने जानकीकुंड अस्पताल को उस ऊंचाई तक पहुंचा दिया था, जिससे दूरदराज के लोग यहां आंखों के विश्वसनीय इलाज के लिए आते थे। डा. जैन को हाल ही में एम्स रायपुर का अध्यक्ष बनाया गया था। वह सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी और निदेशक थे। नेत्रों के इलाज और समाजसेवा के कामों के लिए उनको पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। वह लीवर में कैंसर से पीड़ित थे और मुंबई में इलाज करा रहे थे। शुक्रवार को विशेष विमान से जब उनको चित्रकूट लाया गया तो वह वेंटीलेटर पर थे। हालांकि शाम को उन्होंने आखिरी सांस ली। सरल और मिलनसार स्वभाव के धनी डा. जैन के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहती थी। वह अपने पीछे पत्नी ऊषा जैन, पुत्र जिनेश और इलेश सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके पार्थिव शरीर को निवास स्थल में अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है। सद्गुरु सेवा संघ से मिली जानकारी के अनुसार, अंत्येष्टि एक मार्च को सद्गुरु परिसर में होगी।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**पहाड़ी।** दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। एक को गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। पहाड़ी निवासी दुर्विजय कुशवाहा जनपद पीलीभीत के पूरनपुर विकास खंड में लिपिक है। वह ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक से कर्वी स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहा था। वह बाबूपुर श्रमदान के पास पहुंचा था तभी पहाड़ी की ओर से आ रही दूसरी बाइक इसकी बाइक से टकरा गई। इससे दुर्विजय और दूसरी बाइक चालक मनीष निवासी भरतकूप घायल हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, हल्का प्रभारी जंगबहादुर सिंह तोमर मौके पर पहुंचे और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने दुर्विजय को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहां से भी उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया।


जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का आभार जताते हरीशंकर। अमृत विचार

## मामले के निस्तारण पर डीएम का जताया आभार

**चित्रकूट।** चक संबधी मामले के निस्तारण पर ग्रामीण ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का आभार जताया।

जानकारी के मुताबिक, हरीशंकर निवासी ग्राम ऐंचवारा ने 26 फरवरी को जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि ऐंचवारा में सड़क के किनारे की उसकी कीमती जमीन है, जिसमें नींव भी भरी है। चकबंदी के दौरान जमीन दूसरे किसान के चक में शामिल हो गई है। इस पर डीएम ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरण के त्वरित समाधान के निर्देश दिए थे। इस पर बंदोबस्त अधिकारी ने मौका मुआयना और अभिलेखीय परीक्षण करने के बाद हरीशंकर की जमीन को उसके चक में शामिल करने का आदेश पारित किया। हरीशंकर ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।

## स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर चंद्रशेखर अपर जिलाधिकारी, अजय कुमार उप नियंत्रक, कर्नल अन्धेश सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, कैप्टन संतोष कुमार प्रजापति, राजेंद्र शुक्ला एडीसी होमगार्ड एवं राहुल सिंह आपदा विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को आधुनिक आपदा प्रबंधन तकनीकों से लैस करना और आपातकालीन स्थितियों में उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना था। प्रशिक्षण में स्वयंसेवक पुष्पराज मिश्रा, रविशंकर पांडेय, ज्ञान चंद्र, अनूप सिंह, सुंदर लाल, रामकृष्ण, अस्गित सिंह, इंद्रजीत, आलोक कुमार सिंह, रमेश, रिंकू कुमार, पुनीष कुमार, शुभम पांडेय, सौरभ मिश्रा, गंगासागर, आजाद वर्मा, हरिश्चंद्र, को प्रशिक्षित किया गया।

# नानाजी पीठ की होगी स्थापना

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट


राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को श्रद्धांजलि अर्पित करते कुलपति प्रो. आलोक चौबे।

- राष्ट्रऋषि की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नानाजी उपवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि नाना जी के विचारों और कार्यों का लाभ देश-विदेश तक पहुंचे, इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय में नानाजी देशमुख विचार केंद्र एवं नानाजी पीठ की स्थापना की जाएगी।

कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने नानाजी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विचार केंद्र और नानाजी पीठ स्थापना की पहल ग्रामोदय से विश्वोदय की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना नानाजी देशमुख की परिकल्पना पर मध्यप्रदेश शासन ने की थी और उन्हें संस्थापक कुलाधिपति नियुक्त किया था। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन से प्रेरित नानाजी देशमुख ने महात्मा गांधी को शाश्वत प्रेरणास्रोत मानते हुए विश्वविद्यालय की संकल्पना की थी। प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नाना जी के आदर्शों को अपने जीवन और कार्य में उतारें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय, प्रो. ललित कुमार सिंह, प्रो. एसके चतुर्वेदी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने नानाजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



सिंहपुर में लगी चौपाल में अधिकारी और ग्रामीण। अमृत विचार

## चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को निपटाया

**रामनगर चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सिंहपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें तहसीलदार मऊ रामसुधार, खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश निरंजन, ग्राम सचिव आलोक कुमार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटेदार, ग्रामीण आदि मौजूद रहे। चौपाल में ग्राम पंचायत के कामों की समीक्षा की गई।

ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार ने बताया कि लेखपाल का एक्सीडेंट हो जाने से खतौनी का उच्चारण नहीं हो सका। इस पर एडीएम ने निर्देशित किया है कि ग्राम खतौनी का उच्चारण शीघ्र कराया जाना सुनिश्चत करें, जिससे ग्रामीणों की वरासतों का ससमय निस्तारण हो सके।

# महाआरती से दिया नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला गंगा समिति और रानीपुर टाइगर रिजर्व के तत्वावधान में शुक्रवार को मानस धाम तुलसी घाट में यमुना नदी की महा आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों ने नदियों की स्वच्छता का संदेश दिया।

आकाशवाणी छतरपुर के कलाकारों ने भजनों से वातावरण भक्तिमय कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने उपस्थित लोगों को गंगा-यमुना एवं सहायक नदियों की स्वच्छता की शपथ दिलाई। एसडीएम ने कहा कि शास्त्र और ग्रंथों में वर्णित है कि गंगा जमुना तथा सहायक नदियां देवी स्वरूप हैं। नदियों को जलधारा न समझें, इनको स्वच्छ रखना सबका कर्तव्य एवं दायित्व है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जल प्रदूषण नियंत्रण नहीं किया गया तो मानव जीवन के साथ जल जीवों पर बुरा असर पड़ता है। गंगा यमुना तथा सहायक नदियों को स्वच्छ रखने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। पूर्व शिक्षक धीरेंद्र कुमार मिश्रा, समाजसेवी शिवपूजन गुप्ता, गोपालकृष्ण गुप्ता, रामअवतार, राधेश्याम सोनी, विष्णुकांत चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


निर्मल, स्वच्छ नदियों का संदेश देते नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा और उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** पन्ना जिला निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने इस संबंध में डीआईजी बांदा को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

राधे साहू (35) छतरपुर और कर्वी के बीच फेरी लगाकर सामान बेचता था। 21 फरवरी की शाम पुलिस को सूचना मिली कि नशे की हालत में एक व्यक्ति बेड़ी पुलिया के पास भटक रहा है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि कुछ समय बाद सूचना मिली कि युवक ने अस्पताल परिसर में पेड़ पर चढ़कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इसके बाद शव को अज्ञात के रूप में मर्चरी में रखवा दिया गया और बाद में सोशल मीडिया के जरिए पहचान कराई गई। परिजनों का कहना है कि अस्पताल रजिस्टर में भर्ती से जुड़ा कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे संदेह और गहरा गया है। उनका आरोप है कि यह मामला आत्महत्या नहीं बल्कि साजिशन हत्या का हो सकता है। परिजनों ने मांग की है कि बेड़ी पुलिया और जिला अस्पताल परिसर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से सच्चाई सामने लाई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हुई शुरुआत

विस्तारित क्षेत्र में ला एंड आर्डर बनाये रखने में होगी सहूलियत

# कानून व्यवस्था के लिए तुलसीतीर्थ में खुली पुलिस चौकी

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पताल के पुराने भवन में पुलिस चौकी खोली गई है। इसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच फीता काटकर किया। अधिकारियों ने आशा जताई कि इससे नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत होगी।

एसपी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि जनजीवन सुरक्षित तथा कानून व्यवस्था सही ढंग से चले। इसीके लिए राजापुर पुलिस चौकी खोली गई है। इसमें नगर पंचायत राजापुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा। आशा जताई कि कस्बे में पुलिस चौकी स्कूल जाने से अपराधों में कमी आएगी और पीड़ित को तुरंत न्याय मिलेगा। उप जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्रों में पुलिस चौकियां स्थापित होने से अपराध तथा अपराधियों में भय का माहौल बना रहता है और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास के साथ न्याय पाने की आशा बढ़ती है। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि विस्तारित क्षेत्र को लेकर पुलिस चौकी खोलने के लिए काफी दिनों से मांग की जा रही थी। इससे चोरियों पर लगाम लगेगी और शराब का काला धंधा करने वालों पर भी शिकंजा कसेगा। क्षेत्राधिकारी राजकमल ने बताया कि थाने का क्षेत्रफल अधिक होने से देरी होती थी।

पुलिस चौकी से जनता को लाभ मिलेगा। चौकी जाओ त्वरित न्याय पाओ और मानवाधिकारों की रक्षा और सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह, चौकी इंचार्ज रविंद्र कटियार, उप निरीक्षक परशुराम पांडेय, सुनील मिश्रा, सभासद शंकर दयाल जायसवाल, मंगल पांडेय, सतीश चंद्र मिश्रा, शिवपूजन गुप्ता, अजय पांडेय आदि मौजूद रहे।


चौकी का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार


भरतकूप थाने के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करते अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण, सांसद कृष्णा पटेल। अमृत विचार

### प्रशासनिक भवन भरतकूप का लोकार्पण

- **चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने भरतकूप थाने के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस, एसपी अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन पुलिस कार्यों की दक्षता एवं पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा तथा आमजन को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध करायेगा। थाना परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल, अशोक जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 व अनुक्रमांक नं0– 0435843 का मूल प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **आकांक्षा मिश्रा पुत्री धुपदेह मिश्रा निवासिनी – बी–2 ब्रह्मपुरी, इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

**सूचना**
मैने अपना नाम FATIMA से बदलकर FATEMA HUSAINI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **D/O-HUSAINI ALI ADD-108/190, MODEL HOUSE, TALAB GANGI SHUKLA,GPO, PS-KAISARBAGH DIST-LUCKNOW-226001(U.P)**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र पंकज कुमार पुत्र स्व0 रामचन्द्र निवासी उपरोक्त को उसके खराब चाल–चलन व अमर्यादित व्यवहार, मारपीट व गाली गलौज करने के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित कृत्य व लेन–देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **राजेश्वरी पत्नी स्व0 रामचन्द्र निवासिनी– ग्राम ढखवा थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राजेश कुमार पुत्र श्री रामभरोसे, निवासी बैशोली अड्डा, अछल्दा तहसील बिधूना, जनपद औरैया है। मेरे आधार कार्ड संख्या 7298 9473 6059 में त्रुटिवश मेरा नाम राकेश कुमार अंकित हो गया है, जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य अभिलेखों में मेरा सही नाम राजेश कुमार दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम राकेश कुमार को संशोधित कर राजेश कुमार पुत्र श्री रामभरोसे किया जाए।



धर्म नाम है न्याय का और न्याय नाम है पक्षपात को छोड़ना।

**–स्वामी दयानंद सरस्वती**, आर्य समाज के संस्थापक

## बहुआयामी दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया इजराइल दौरा भारत की पश्चिम एशिया नीति के युगांतरकारी चरण का स्पष्ट संकेत है। प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के 'जीरो टॉलरेंस' के रुख को दोहराया, बल्कि गाज़ा शांति प्रस्ताव का समर्थन कर परिपक्व कूटनीति का परिचय दिया। 'मानवता को संघर्ष का शिकार न बनने देने' का उनका आह्वान यह दर्शाता है कि भारत ऐसे मामलों में अब केवल मूक दर्शक नहीं हैं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के बारे में सक्रिय हितधारक की भूमिका निभा रहा है। इजराइली नेतृत्व के साथ हुई वार्ताओं के दौरान साफ हुआ कि भारत-इजराइल रक्षा संबंध अब केवल 'क्रेता-विक्रेता' तक सीमित नहीं हैं; मिसाइल, ड्रोन और साइबर सुरक्षा में सहयोग अब सह-उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण की दिशा में बढ़ रहा है। यह बदलाव 'मेक इन इंडिया' अभियान को सशक्त करेगा ही साथ ही सामरिक दृष्टि से भारत की आयात-निर्भरता को भी घटाएगा, हालांकि भारत इजराइल के इस बढ़ते रिश्ते के बीच अरब देशों और विशेषकर खाड़ी क्षेत्र के साथ संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। भारत ने बीते वर्षों में यह सिद्ध किया है कि वह इजराइल और अरब जगत, दोनों के साथ अपने हितों को स्वतंत्र रूप से साधने की क्षमता रखता है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जिसे 'आईमैक प्लस' के रूप में देखा जा रहा है, हमारे लिए यूरोप तक पहुंचने का एक क्रांतिकारी मार्ग है। यह गलियारा मात्र माल ढुलाई का रास्ता नहीं, बल्कि भविष्य की 'डिजिटल और ग्रीन हाईवे' है। प्रस्तावित फाइबर-ऑप्टिक केबल भारत को यूरोप से सीधे जोड़ेंगी, जिससे डेटा ट्रांसफर सस्ता होगा और फिनटेक एवं एआई जैसे उद्योगों को भारी लाभ होगा। साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा की साझेदारी भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को पुख्ता करेगी। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर और रक्षा उद्योग के लिए अनिवार्य 'रेयर अर्थ मेटल्स' की आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भरता कम करना भारत की बड़ी रणनीतिक जीत होगी। यदि मिस्र और अफ्रीकी नेटवर्क इस गलियारे से जुड़ते हैं, तो भारत की पहुंच स्वेज नहर से परे एक विशाल आर्थिक पट्टी तक हो जाएगी। यह आर्थिक, रणनीतिक मार्ग सस्ता और तेज तो है, पर जटिल भी है। संभव है भविष्य में कस्टम प्रक्रियाओं और रेल-नेटवर्क का पूर्ण डिजिटलीकरण, खाड़ी से भूमध्यसागर तक निर्बाध रेल संपर्क तथा कॉरिडोर की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकने वाली इस क्षेत्र की राजनीतिक अस्थिरता तथा तनाव पर नियंत्रण करने के लिये एक मजबूत सुरक्षा-ढांचा बन सके और यह रास्ता निरापद, आसान तथा सहज, लाभकारी हो सके।

इजराइल के साथ संभावित मुक्त व्यापार समझौता उच्च-तकनीक और कृषि में निवेश के नए द्वार खोलेगा, रोजगार के तमाम नये अवसर सृजित करेगा, बशर्ते घरेलू उद्योगों के हितों का ध्यान रखा जाए। कुल मिलाकर यह दौरा केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं, बल्कि भारत की 'कनेक्टिविटी-डिप्लोमेसी' का नया चेहरा है। इससे तेज व्यापार और तकनीकी बढ़त की पूरी संभावना तो है, लेकिन क्षेत्रीय अस्थिरता और अधूरी अवसंरचना जैसे जोखिम भी उतने ही वास्तविक हैं।

### प्रसंगवश

## घर के अदृश्य संविधान में स्त्री का संशोधन

सुबह की रसोई में उबलती चाय की भाप के साथ एक और चीज़ उठ रही है- खामोश विद्रोह। यह विद्रोह दरवाज़े पटककर नहीं, बल्कि दरवाज़े धीरे से बंद करके होता है। महिलाएं अब घर छोड़ नहीं रहीं, नौकरी छोड़ नहीं रहीं, पर 'सब कुछ संभालने' की अदृश्य जिम्मेदारी से पीछे हट रही हैं। इसे ही घर से 'क्वाइट क्विटिंग' कहा जा रहा है। यह लापरवाही नहीं, आत्मरक्षा है; असंवेदनशीलता नहीं, संतुलन की मांग है। दशकों से घर की दीवारों में कैद वह मानसिक बोझ, जिसे कर्तव्य कहकर सामान्य बना दिया गया था, अब प्रश्नों के कटघरे में है। यह नई लहर बिना नारों के, बिना मंचों के, सीधे रसोई और बैठक के बीच जन्म ले रही है।

'क्वाइट क्विटिंग' शब्द कार्यस्थल से आया, पर घर के भीतर इसका अर्थ कहीं अधिक गहरा है। दफ्तर में कर्मचारी अतिरिक्त काम छोड़ता है, यहां महिला अतिरिक्त भावनात्मक और संज्ञानात्मक श्रम छोड़ रही है। मेंटल लोड वह अदृश्य सूची है, जो उसके दिमाग में हर समय चलती रहती है। बच्चों की परियोजना, सास की दवा, पति की मीटिंग, त्योहार की तैयारी, रिश्तों की मरम्मत। समय उपयोग सर्वेक्षण 2024 के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय महिलाएं प्रतिदिन पुरुषों से कई घंटे अधिक अवैतनिक श्रम करती हैं। महिलाएं रोजाना 289 मिनट अनपेड घरेलू कामों पर और 137 मिनट देखभाल पर खर्च करती हैं, जबकि पुरुष केवल 88 और 75 मिनट। यह सिर्फ समय नहीं, ऊर्जा और पहचान की कीमत भी है। यही असमानता अब प्रतिरोध को जन्म दे रही है।



कृति जैन
लेखिका

महामारी ने इस असंतुलन को निर्वस्त्र कर दिया। घर ही दफ्तर बना, दफ्तर ही घर, और महिला दोनों की प्रबंधक। लैपटॉप की स्क्रीन के पीछे वह मीटिंग में थी और कैमरे के बाहर रसोई में। इसी दौर में सोशल मीडिया ने वैश्विक संवाद खोला। हजारों भारतीय महिलाएं लिखने लगीं कि वे 'परफेक्ट' होने की दौड़ से बाहर निकलना चाहती हैं। नई पीढ़ी की मिलेनियल और जेन-ज़ी महिलाएं अपनी माताओं की थकान को विरासत नहीं बनाना चाहतीं। वे समझ चुकी हैं कि त्याग का अनंत महिमामंडन असल में असमानता को स्थायी बनाता है, इसलिए यह बदलाव भावनात्मक जागरण से उपजा है।

व्यवहार में यह विद्रोह बेहद सूक्ष्म है। महिला चाय बनाएगी, पर सबके दिमाग का अलार्म नहीं बनेगी। वह याद दिलाना बंद कर देगी, आयोजन का बोझ साझा कर देगी, हर निर्णय की धुरी बनने से इंकार कर देगी। शुरुआत में परिवार चौंकता है, कभी नाराज़ भी होता है। 'तुम बदल गई हो' जैसे वाक्य तीर की तरह आते हैं, पर धीरे-धीरे घर के अन्य सदस्य भी जिम्मेदारी का स्वाद चखते हैं। बच्चे खुद अपना बैग तैयार करने लगते हैं, पति दवाइयों की सूची संभालने लगता है। यह बदलाव टकराव से नहीं, अभ्यास से आता है और यहीं इसकी शक्ति छिपी है।

इस खामोश क्रांति के सामाजिक प्रभाव दूरगामी हैं। परिवार की शक्ति-संरचना बदल रही है। पुरुष पहली बार समझ रहे हैं कि घर चलाना केवल शारीरिक श्रम नहीं, निरंतर मानसिक योजना भी है। बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है, क्योंकि मां हर समस्या का तत्काल समाधान नहीं दे रही। महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य सुधर रहा है; चिंता और थकान में कमी दिख रही है। जब वे हर समय 'ऑन' नहीं रहतीं, तब उनकी रचनात्मकता और पेशेवर दक्षता भी बढ़ती है। यह विद्रोह रिश्तों को तोड़ने नहीं, उन्हें अधिक न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में है। फिर भी यह राह बिल्कुल सरल नहीं। समाज अब भी आदर्श पत्नी और त्यागमयी मां के पुराने सांचे से बाहर सोचने को सहज नहीं है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# ज्यादा वेतन वाले कर्मियों में एआई का ज्यादा खौफ





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के तेज विस्तार ने रोजगार की दुनिया में एक नई बहस को जन्म दिया है। हाल में यह तथ्य उभरकर आया कि कम आय वाले कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन पाने वाले लोग अपनी नौकरी को लेकर ज्यादा चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहली नजर में यह निष्कर्ष चौंकाता है, क्योंकि आम धारणा यह रही है कि तकनीकी बदलाव का सबसे अधिक असर निम्न आय वर्ग पर पड़ता है, परंतु वर्तमान दौर में एआई जिस तरह कामकाज की प्रकृति को बदल रही है, उससे यह समझ में आता है कि उच्च आय वर्ग की चिंता के पीछे ठोस कारण मौजूद हैं।

सबसे पहला कारण यह है कि एआई अब केवल साधारण और दोहराए जाने वाले कामों तक सीमित नहीं है। पहले मशीनों और सॉफ्टवेयर से मुख्य रूप से उत्पादन, डेटा एंट्री या ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में बदलाव की आशंका जताई जाती थी, लेकिन अब एआई वित्तीय विश्लेषण, कानूनी दस्तावेज तैयार करने, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, मेडिकल रिपोर्ट की व्याख्या, डिजाइनिंग और यहां तक कि संपादकीय सामग्री का प्रारूप तैयार करने जैसे काम भी करने लगा है। ये वे क्षेत्र हैं, जहां आम तौर पर अधिक वेतन पाने वाले पेशेवर कार्यरत होते हैं। जब तकनीक जटिल कार्यों को तेजी और सटीकता से करने लगे, तो इन पदों पर काम कर रहे लोगों में असुरक्षा की भावना स्वाभाविक रूप से बढ़ती है।

दूसरा बड़ा कारण कंपनियों पर बढ़ता लागत दबाव है। किसी भी संस्था में उच्च वेतन पाने वाले कर्मचारियों पर कुल खर्च अधिक होता है। यदि एआई आधारित प्रणालियां कम लागत में समान या बेहतर परिणाम दे सकती हैं, तो प्रबंधन के सामने खर्च घटाने का विकल्प खुल जाता है। ऐसे में वरिष्ठ और महंगे पदों की संख्या घटाने या उनकी जिम्मेदारियां सीमित करने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। यह संभावना ही उच्च आय वर्ग के कर्मचारियों को असहज कर देती है।

तीसरा कारण बदलती कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया से जुड़ा है। आज कंपनियां डेटा आधारित निर्णयों पर अधिक भरोसा कर रही हैं। एआई बाजार की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कर सकती है, जोखिम का अनुमान लगा सकती है और रणनीतिक सुझाव दे सकती है। पहले वरिष्ठ अधिकारियों का अनुभव और अंतर्ज्ञान महत्वपूर्ण माना जाता था, लेकिन अब अल्गोरिदम आधारित विश्लेषण को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे कई पेशेवरों को लगता है कि उनकी पारंपरिक विशेषज्ञता का महत्व कम हो रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता है।

चौथा पहलू कौशल उन्नयन की चुनौती है। तकनीकी बदलाव की रफ्तार बहुत तेज है। उच्च आय वाले अधिकांश काम ज्ञान और डिजिटल दक्षता पर आधारित हैं। ऐसे में कर्मचारियों को लगातार नए उपकरण, नई प्रणालियां और नए सॉफ्टवेयर सीखने पड़ रहे हैं। जो लोग इस गति से तालमेल नहीं बैठा पाते, उन्हें पीछे छूटने का डर सताता है। इसके विपरीत, निम्न आय वर्ग के कई काम अभी भी मानवीय श्रम और भौतिक उपस्थिति पर आधारित हैं, जिनमें एआई का पूर्ण विकल्प बनना फिलहाल आसान नहीं है। इस कारण उच्च आय वर्ग को तात्कालिक खतरा अधिक महसूस होता है।

पांचवां कारण सामाजिक और आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा है। अधिक वेतन वाले कर्मचारियों की जीवनशैली अपेक्षाकृत महंगी होती है। घर का ऋण, बच्चों की शिक्षा, बीमा, निवेश और सामाजिक प्रतिष्ठा जैसे पहलू उनके आर्थिक ढांचे का हिस्सा होते हैं। यदि नौकरी पर संकट की आशंका उत्पन्न होती है, तो उसका प्रभाव व्यापक होता है। आय में थोड़ी सी कमी भी उनकी दीर्घकालिक योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, इसलिए उनका डर केवल पेशेवर नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक भी होता है।

छठा कारण करियर की स्थिरता में आई अनिश्चितता है। पहले यह माना जाता था कि अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर करियर क्रमशः आगे बढ़ता रहेगा। अब एआई और डिजिटल तकनीक के कारण कौशल की मांग तेजी से बदल रही है। कई बार युवा और तकनीकी रूप से अधिक दक्ष कर्मचारी कम समय में बेहतर अवसर पा लेते हैं। इससे अनुभवी पेशेवरों को प्रतिस्पर्धा बढ़ती हुई दिखती है। उन्हें लगता है कि वर्षों का अनुभव अचानक कम मूल्यवान हो सकता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि एआई का प्रभाव केवल नौकरी खत्म करने तक सीमित नहीं है, बल्कि काम के स्वरूप को बदलने तक है। कई कंपनियां कर्मचारियों की संख्या घटाने के बजाय भूमिकाओं को पुनर्गठित कर रही हैं। ऐसे में कुछ पद समाप्त होते हैं, तो नए प्रकार के पद भी बनते हैं, लेकिन इस परिवर्तन के दौर में अस्थिरता स्वाभाविक है। अधिक आय वर्ग के लोग, जो पहले अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते थे, अब खुद को जोखिम में देख रहे हैं।

यह स्थिति पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर तकनीकी क्रांति ने नई संभावनाएं भी पैदा की हैं। औद्योगिक क्रांति से लेकर सूचना क्रांति तक, बदलाव के साथ नए रोजगार भी सामने आए। एआई भी डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल रणनीति और मानव मशीन सहयोग जैसे नए क्षेत्रों में अवसर पैदा कर रही है। जो पेशेवर अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता को तकनीक के साथ जोड़ते हैं, वे अधिक प्रभावी बन सकते हैं।

सरकारों और कंपनियों की जिम्मेदारी भी यहां महत्वपूर्ण है। यदि पुनः कौशल प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाए, तो इस बदलाव का असर संतुलित किया जा सकता है। कर्मचारियों को यह भरोसा देना जरूरी है कि तकनीक उनका स्थान लेने नहीं, बल्कि उनके कार्य को बेहतर बनाने के लिए है। पारदर्शी नीति और संवाद से भी भय कम किया जा सकता है।

**एआई नौकरीपेशा लोगों के लिए खौफ का सबब बनता जा रहा है। कम आय वाले कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन वाले लोग अपनी नौकरी को लेकर ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।**

### आमने-सामने



किंग महेंद्र से जेडीयू सालों तक पैसा लेता रही। A2BS इंफ्रास्ट्रक्चर, जिसका टर्न ओवर 27 करोड़ है, उस कंपनी ने जेडीयू को 24 करोड़ रुपये दिए। जिस कंपनी का ऐसेट 10 हजार नहीं है, उससे करोड़ों रुपये जेडीयू ने चंदा लिया। सरकार हिरन का चोला पहनकर भेड़िया के रूप में है।

**–सुनील सिंह**
आरजेडी एमएलसी, बिहार

आरजेडी ने शराब कंपनियों से पैसा लिया। पश्चिम बंगाल की कंपनी से चंदा लिया। इलेक्टोरल बॉन्ड लेना गुनाह नहीं है, लेकिन आरजेडी ने बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब कंपनियों से पैसा लिया। ये लोग कायर हैं।

**–नीरज कुमार**
जेडीयू के प्रवक्ता, बिहार



# रेवड़ी कल्चर: शीर्ष अदालत की टिप्पणी व चिंता



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

मुफ्त की रेवड़ी पर बीती 19 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को कड़ी फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए गंभीर सवाल उठाए। न्यायालय ने पूछा कि हम किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? क्या राज्यों का काम सिर्फ वेतन देना और मुफ्त उपहार बांटना रह गया है? पीठ ने कहा कि ऐसी नीतियों से लोगों में काम करने की इच्छा खत्म हो रही है और देश का 'वर्क कल्चर' खराब हो रहा है।

रेवड़ी संस्कृति देश की राजनीति के केंद्र में आ चुकी है। फ्रीबीज की शुरुआत सन् 1956 से हुई मानी जा सकती है, जब मध्याह्न भोजन योजना पहली बार वर्ष 1956 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के कामराज द्वारा शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव की दो रुपये किलो चावल योजना ने आज के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की नींव रखी थी। तेलंगाना की रायथु बंधु और ओडिशा की कालिया योजनाओं ने किसानों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अग्रदूत के रूप में कार्य किया है।

दक्षिण भारत से शुरू हुई इस प्रथा को अरविंद केजरीवाल ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इसका बाद में दूसरे दलों ने अनुसरण किया। एक ओर अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ इस प्रथा की आलोचना करते हैं, तो दूसरी ओर कई नेता मतदाताओं के लिए मुफ्त चीजों की वकालत करते हैं। चुनाव में मुफ्त सुविधाओं के वादे और चुनाव अक्सर इस मायने में जुड़े होते हैं कि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्रों में इसका वादा करते हैं और सत्ताधारी दल अक्सर चुनाव से ठीक पहले उन्हें बांट देते हैं।

दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह जीवन की अच्छी गुणवत्ता से समझौता है, क्योंकि मुफ्त उपहारों की संस्कृति स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, अनुसंधान एवं विकास आदि जैसी अन्य जरूरी आवश्यकताओं पर कम पूंजीगत व्यय को दर्शाती है। साथ ही, यह बजटीय संकट को भी जन्म देती है। 2019 में, दिल्ली स्थित एक गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स द्वारा भारत के 543 संसदीय क्षेत्रों में एक सर्वेक्षण किया गया था। उस सर्वेक्षण के अनुसार, 42 फीसद से अधिक मतदाता किसी विशेष उम्मीदवार को वोट देने के पीछे उम्मीदवार की कल्याणकारी योजनाओं के बजाय नकदी, शराब और मुफ्त उपहारों के वितरण को एक महत्वपूर्ण कारण मानते हैं।

ताजा मामले में न्यायालय ने चिंता जताई कि अधिकांश राज्य पहले से ही 'रेवेन्यू डेफिसिट' में हैं, फिर भी वे मुफ्त बिजली, राशन और नकदी बांट रहे हैं। कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा कि इस कारण बुनियादी ढांचे यानी सड़क, स्कूल, अस्पताल के विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचता। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना भेदभाव के सबको मुफ्त सुविधाएं देना तुष्टिकरण की राजनीति है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर 'रेवड़ियां' बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि 'रेवड़ियां' मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को 'मुफ्तखोरी' के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन 'मुफ्त रेवड़ियां' उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए?

बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने मौखिक टिप्पणी कर दी और राजनीतिक दलों के प्रवक्ता कह रहे हैं कि वे शीर्ष अदालत की बात मानने को बाध्य नहीं हैं। ये 'रेवड़ियां' नहीं हैं, बल्कि कल्याणकारी योजनाएं हैं। हम कल्याणकारी लोकतंत्र हैं और जनता की मदद करना हमारा फर्ज है। सर्वोच्च अदालत के चिंता व्यक्त करने से क्या होगा? सर्वोच्च अदालत को संविधान ने विशेषाधिकार भी दिए हैं और उनका इस्तेमाल कर अदालत ने फैसले भी सुनाए हैं, तो मुफ्तखोरी पर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते? अदालत सरकारों को स्पष्ट निर्देश दे कि चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा कब करें? 'रेवड़ियों' को भी परिभाषित करें। 11 अगस्त 2022 को 'रेवड़ी कल्चर' पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह मुद्दा समाज और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि फ्रीबीज की वजह से इकोनॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्रीबीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।

जमीनी हकीकत यह है कि देश के राज्यों पर कुल 104 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। देश पर भी 200.50 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। कुछ विशेषज्ञ इसे 225 लाख करोड़ के करीब मानते हैं। इसके बावजूद रेवड़ियां बांटी जा रही हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**न्यायालय ने राज्यों से पूछा है कि हम किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? क्या राज्यों का काम सिर्फ वेतन देना और मुफ्त उपहार बांटना रह गया है?**

### सोशल फोरम

## पाउलो की खामोश क्रांति

पाउलो फ्रेरे को गिरफ्तार किया गया, निर्वासित किया गया और उन्हें राष्ट्रीय खतरा घोषित किया गया, क्योंकि उन्होंने गरीब वयस्कों को इस तरह पढ़ना सिखाया कि उन्हें चुपचाप शासित करना असंभव हो गया। पाउलो फ्रेरे शुरू में क्रांतिकारी नहीं थे। वे एक शिक्षक के रूप में शुरू हुए, जिन्होंने भूख को अपनी आंखों के सामने सीखने की क्षमता को मिटाते देखा। 1950 के दशक के ब्राजील में उन्होंने देखा कि वयस्कों को अशिक्षित होने के लिए दोषी ठहराया जाता है, जबकि वे ऐसे तंत्र में जी रहे थे, जो उन्हें चुप रखने के लिए डिज़ाइन किया गया था। फ्रेरे ने कुछ खतरनाक बात नोटिस की। लोग स्कूल में असफल नहीं हो रहे थे। स्कूल उन्हें जानबूझकर असफल कर रहा था।



अफलातून अफलू
लेखक

इसलिए उन्होंने नियम बदल दिए। अलग-अलग अक्षरों को रटवाने के बजाय, फ्रेरे ने दैनिक अनुभव के माध्यम से पढ़ना सिखाया। शब्द उनके रोज़मर्रा के जीवन से आए। ज़मीन, काम, किराया, भूख, सत्ता। जैसे-जैसे वयस्क पढ़ना सीखते गए, वे उन ताकतों को नाम देना भी सीख गए, जो उनकी ज़िंदगी को आकार दे रही थी। साक्षरता जागरूकता बन गई। जागरूकता एजेंसी (स्वायत्तता) बन गई।

1963 में, फ्रेरे ने विधि से मात्र 45 दिनों में 300 गन्ना मजदूरों को पढ़ना सिखाया गया। ब्राज़ील सरकार ने इस कार्यक्रम का शुरू में समर्थन किया, यह मानते हुए कि साक्षरता देश को आधुनिक बनाएगी। उन्होंने गलत आकलन किया। नव-साक्षर नागरिक ऐसे सवाल पूछने लगे, जो मतपत्रों को खतरनाक बना देते हैं। ज़मीन किसकी है? चुप्पी से किसका फ़ायदा होता है? ज्ञान क्या मायने रखता है, यह किसका फैसला है?

1964 के तख्तापलट के बाद फ्रेरे को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें विध्वंसक घोषित कर जेल में डाल दिया गया। लोगों को आलोचनात्मक रूप से पढ़ना सिखाना अब वैचारिक युद्ध के रूप में पेश किया जाने लगा। उन्हें रिहा किया गया, लेकिन निर्वासन के लिए मजबूर कर दिया गया। वे ब्राज़ील छोड़कर केवल कुछ नोट्स और एक ऐसे विचार के साथ गए जो तानाशाही को डराने के लिए काफी था।

चिली में, फिर अफ्रीका और यूरोप में, फ्रेरे ने जो बाद में Pedagogy of the Oppressed बना, उसे परिष्कृत किया। उन्होंने शिक्षा को जमा करने और आज्ञाकारिता के रूप में खारिज कर दिया। शिक्षा मुक्ति के रूप में या फिर कुछ भी नहीं।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## सोशल मीडिया और खबरों की सत्यता का बढ़ता संकट

कलम और कागज से शुरू हुई यात्रा आज कीबोर्ड, कैमरा और कोड तक पहुंच चुकी है। माध्यम बदलते रहेंगे, प्लेटफॉर्म बदलते रहेंगे, लेकिन यदि पत्रकारिता अपनी आत्मा सत्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी को सुरक्षित रखेगी, तो वह लोकतंत्र की सबसे मजबूत आवाज़ बनी रहेगी। आने वाला समय उसी पत्रकारिता का होगा, जो तेज भी हो, सटीक भी, आधुनिक भी हो और विश्वसनीय भी।

केंद्र सरकार ने हाल ही में फेक न्यूज पर लगाम कसने के लिए नए नियम जारी किए हैं। डीपफेक और भ्रामक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंटेंट के लिए केंद्र ने सख्त नियम बनाए हैं। आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 में संशोधन करते हुए सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब आपत्तिजनक सामग्री तीन घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया है। यह संशोधित नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू हो चुके हैं। अब अगर कोई फोटो, वीडियो या ऑडियो एआई की मदद से बनाया गया है, तो उस पर लेबल लगाना जरूरी कर दिया गया है। केंद्र के इस नियम से अब सोशल मीडिया पर फेक न्यूज पर लगाम लग सकेगी। नए नियम बता रहे हैं कि करीब ढाई सौ साल में कई बदलाव के बाद फेक न्यूज ने पत्रकारिता के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है।



डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

असल में दशकों से पत्रकारिता विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है। यह विश्वास आज के समय में डगमगाने लगा है। जब पत्रकारिता का शुरूआत हुई, तो विश्वसनीयता ही उसका सबसे बड़ा उद्देश्य था। पत्रकारिता केवल खबर लिखने या पढ़ने का माध्यम नहीं है, यह समाज की धड़कनों को शब्द देने की कला है। यह वह आईना है, जिसमें सत्ता, व्यवस्था और समाज तीनों का चेहरा दिखाई देता है। समय के साथ पत्रकारिता ने कई दौर देखे हैं। पहले पत्रकारिता मिशन हुआ करती थी। फिर प्रोफेशन में तब्दील हो गई। कलम और कागज से शुरू हुआ यह सफर आज डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक पहुंच चुका है। इन बदलावों ने जहां पत्रकारिता को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया है, वहीं नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं।

इस यात्रा में साधन बदले, माध्यम बदले, लेकिन मूल उद्देश्य कभी नहीं बदला। आज भी सत्य की खोज और जनहित ही पत्रकारिता का उद्देश है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसका मूल कार्य सत्ता और समाज के बीच सेतु बनना, जनमत को दिशा देना और सच को सामने लाना है। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह सत्ता से सवाल करती है, जनता की आवाज़ को मंच देती है और व्यवस्था की कमियों को उजागर करती है।

भारत में पत्रकारिता की शुरुआत 1780 से मानी जाती है। इस साल शुरू हुआ बंगाल गजट एक अंग्रेजी का साप्ताहिक अखबार था। साथ ही ब्रिटिश शासन के दौर में निकला और उसने सत्ता की आलोचना करने का साहस दिखाया। उस समय समाचार संकलन की प्रक्रिया बेहद कठिन थी। संवाददाता घटनास्थल तक स्वयं पहुंचते, लोगों से बातचीत करते और चिट्ठियों या तार के माध्यम से सूचनाएं संपादकीय कार्यालय तक भेजते थे। छपाई तकनीक सीमित थी, वितरण व्यवस्था धीमी थी, फिर भी खबरों की विश्वसनीयता और तथ्यपरकता सर्वोच्च मानी जाती थी। एक खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके कई स्तरों पर सत्यापन की परंपरा थी। आज पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता को बनाए रखने की है। सोशल मीडिया के अल्गोरिद्म अक्सर वही सामग्री आगे बढ़ाते हैं, जो भावनात्मक या विवादास्पद हो।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,287.19 | 25,178.65 |
| बढ़त /गिरावट | 961.42 | 317.90 |
| प्रतिशत में | 1.173 | 1.25 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 0.20 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.0-7.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था का आकार आसानी से 4,000 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। जनवरी में संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर 6.8-7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। नागेश्वरन ने राष्ट्रीय आय की नई श्रृंखला जारी किए जाने के मौके पर संवाददाताओं से कहा, "नई श्रृंखला के आधार पर हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 6.8-7.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.0-7.4 प्रतिशत कर रहे हैं।... हालांकि अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत के बजाय 7.4 प्रतिशत के करीब रहने की अधिक संभावना है।"

### केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 63 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 74.5 प्रतिशत था। केंद्र सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत, यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

### एफडीआई 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश के भीतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश के भीतर 40.67 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पुनर्निवेशित आय सहित कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर 2025-26 के दौरान 73.31 अरब डॉलर रहा। पुनर्निवेशित आय का अर्थ उस लाभ से है जिसे कोई विदेशी कंपनी भारत में कमाने के बाद अपने मूल देश भेजने के बजाय यहीं पर दोबारा निवेश कर देती है।

## देखो मेरी दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को रफी मार्ग से दिल्ली पर्यटन की अत्याधुनिक डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। इस दौरान कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। फोटो : एजेंसी

### 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित सम्मेलन में बोले मोंटेक सिंह अहलूवालिया

# बड़े खेतों पर टैक्स लगा सकते हैं राज्य

**हैदराबाद, एजेंसी**



- कहा-वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए ज्यादा इनकम वालों पर टैक्स लगा सकती हैं सरकारें

अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं। यहां बुधवार को 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा, ''यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं। आयकर की श्रेणी में आ सकते हैं। वह कर 100 प्रतिशत राज्यों को जाएगा। उसे केंद्र द्वारा नहीं लिया जाएगा।''

उन्होंने कहा कि संविधान में ऐसा कुछ नहीं है जो किसी राज्य सरकार को नीचे के स्तरों पर संसाधनों का हस्तांतरण करने से रोकता हो, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि प्रायः दबाव केंद्र सरकार की ओर निर्देशित किया जाता है। अहलूवालिया ने कहा कि यदि किसी राज्य का मुख्यमंत्री वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए राजनीतिक निर्णय के रूप में सरकार के तीसरे स्तर यानी स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरित और विकेंद्रीकृत करने का निर्णय लेता है, तो उसे केंद्र की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।

अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि कि अधिकांश देशों में मानव पूंजी...जिसमें बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित क्षेत्र शामिल है...राष्ट्रीय स्तर की तुलना में सरकार के निचले स्तरों से अधिक जुड़ी हुई है। उन्होंने भारतीय राज्यों में मौजूद असमानताओं का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्यों ने उल्लेखनीय रूप से कम प्रजनन दर के कारण जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी हासिल की है।

# हालात बदले तो डील भी बदलेगी: गोयल

### टैरिफ मुद्दे पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर बदलते हालात पर सरकार की नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है। हालात लगातार बदल रहे हैं और सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। यह बात उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राइजिंग भारत समिट 2026 को सम्बोधित करते हुए कही। एक प्रश्न के उत्तर में गोयल ने कहा कि भारत अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में हैं और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है।

उद्योग मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुलें।

व्यापार समझौते में भारत की स्थिति क्या है? पूछने पर गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है। उन्होंने संकेत दिया कि हालात बदलने पर व्यापार समझौते में संतुलन (रीबैलेंस) की शर्त रखी गई है।

टैरिफ दरों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि अगर शुल्क दर 18 प्रतिशत के बजाय 15 प्रतिशत होती है, तो निर्यात को बिना बाधा जारी रखने में मदद मिलेगी।

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। उनके अनुसार, अगर भारत के प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ दर मिलती है, तो यह निर्यात के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पहले 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण भारत को निर्यात में बड़ा नुकसान झेलना पड़ता था, जबकि इसे कम स्तर पर लाना भारत के लिए महत्वपूर्ण लाभ साबित हो सकता है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या शुल्क में बदलाव भारत के लिए कोई फायदा देता है, तो मंत्री ने कहा कि यह घरेलू कंपनियों को बिना रुकावट निर्यात जारी रखने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, "ध्यान रखें, कोई भी व्यापार समझौता या अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। इसका मतलब केवल यह नहीं कि शुल्क कितना है, बल्कि यह भी देखा जाता है कि इससे आप अपनी प्रतिस्पर्धा में कितनी बढ़त पा सकते हैं। और निश्चित रूप से, जब शुल्क 50 प्रतिशत था, हमारी कंपनियों को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा।"

### अमेरिकी सेब पर शुल्क रियायत के खिलाफ सेब उत्पादक करेंगे प्रदर्शन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब उत्पादक अमेरिकी सेब पर प्रस्तावित शुल्क रियायत के खिलाफ अगले महीने दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका को सेब पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत दी है। अमेरिका से आने वाले सेब भारतीय बाजार में बिना किसी आयात शुल्क के प्रवेश करेंगे। उत्पादकों को आशंका है कि अमेरिका से सेबों की बाढ़ भारतीय बाजार में आ जाएगी और इससे घरेलू किसानों को बड़ा झटका लगेगा। कुलगाम के विधायक एवं श्रमिक संघ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने यहां पत्रकारों से कहा, 'हमने कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों को शामिल करते हुए ''एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया'' (एएफएफआई) का गठन किया है। हमने मार्च में (व्यापार समझौते के खिलाफ) दिल्ली में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।' तारिगामी ने कहा कि एएफएफआई ने संयुक्त किसान मोर्चा से देश के सेब किसानों के समर्थन में एकजुटता दिखाने की अपील की है, जो अपनी आजीविका पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर तारिगामी ने कहा कि यह 'व्यवहारिक रूप से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण है।' उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि इस व्यापार समझौते में अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंधित किया है। यदि हमारे देश को कुछ खरीदना है तो हमें अमेरिका की इच्छाओं पर विचार करना होगा। ऐसे में हम व्यापार संबंधी अपने निर्णयों में संप्रभु नहीं रहेंगे।' कुलगाम के विधायक ने कहा कि सेब उद्योग, कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा, 'जम्मू में छोटी औद्योगिक इकाइयां हैं, लेकिन यहां अधिक नहीं हैं। हमारे पास हस्तशिल्प था लेकिन वह भी गिरावट के दौर में है। हमारी अंतिम उम्मीद सेब है लेकिन अब हम अमेरिकी सेब से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते।'

# चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति टली, टाटा ट्रस्ट पर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन पद पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एन चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से समूह के भीतर शीर्ष स्तर पर मतभेद से जुड़ी अटकलें तेज हो गई हैं। टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। टाटा समूह से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह निर्णय स्थगित होने से टाटा ट्रस्ट के उस सर्वसम्मत प्रस्ताव की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं। बताया जाता है कि उन्होंने समूह की कुछ कंपनियों, विशेषकर एयर इंडिया में हो रहे घाटे पर चिंता जताई। एयर इंडिया का अधिग्रहण 2022 में किया गया था और कंपनी को पुनर्गठित करने की प्रक्रिया अभी तक जारी है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर और बैटरी विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में भारी पूंजीगत व्यय से जुड़े जोखिमों पर भी उन्होंने सवाल उठाए।

सूत्रों ने यह भी कहा कि नियामकीय बाध्यता की वजह से टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने को लेकर भी निदेशक मंडल में आशंका जताई गई और इस संबंध में स्पष्ट आश्वासन मांगा गया। मामले से परिचित एक सूत्र ने कहा, "टाटा ट्रस्ट का सर्वसम्मत प्रस्ताव स्पष्ट रूप से कायम है और उसे उचित समय पर लागू किया जाएगा।"

हालांकि, एक अन्य पर्यवेक्षक ने सवाल उठाया कि क्या ट्रस्ट के नामित निदेशक टाटा संस के निदेशक मंडल में सर्वसम्मति के निर्णय से अलग रुख अपना सकते हैं। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी है।

# विमान में वस्तुओं को ले जाने के नए नियम जारी

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**



- स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए खतरा उत्पन्न करने वाली वस्तुएं शामिल

नागर विमानन मंत्रालय ने विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने के बारे में संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इनमें ऐसी वस्तुओं की साज-संभाल के लिए प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। खतरनाक वस्तुओं से आशय उन वस्तुओं या पदार्थों से है जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं।

नियमों में खतरनाक वस्तु की आवाजाही की जानकारी देने संबंधी ढांचे को कड़ा किया गया है। ये नियम अघोषित या गलत जानकारी देकर खतरनाक वस्तुओं को विमान में लेकर जाने से जुड़े हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इन वस्तुओं के प्रबंधन में चूक के मामलों में जांच के आदेश देने का अधिकार मिला है।

''विमान (खतरनाक वस्तुओं का परिवहन) नियम, 2026'' को हितधारकों से परामर्श के बाद 17 फरवरी को अधिसूचित किया गया। विमानन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित 2003 के नियम पूर्ववर्ती विमान अधिनियम के तहत बनाए गए थे और मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के मानकों के अनुरूप परिचालन अनुपालन विनियमों के रूप में कार्य करते थे।

इस अधिकारी ने ''एजेंसी'' से कहा कि नए नियमों में सुस्पष्ट निगरानी चक्र, औपचारिक स्वीकृतियां तथा व्यवस्थित प्रवर्तन शक्तियां शामिल हैं। अन्य प्रावधानों के तहत भारतीय एयरलाइंस को खतरनाक वस्तुओं के परिवहन के लिए डीजीसीए से प्रमाणन लेना जरूरी होगा। साथ ही, विदेशी विमानन कंपनियों को भारत से और भारत के लिए खतरनाक वस्तु ले जाने के लिए पूर्व-अनुमति लेनी होगी।

नियमों के मुताबिक, कोई भी प्रेषक या उसका एजेंट हवाई परिवहन के लिए किसी भी खतरनाक वस्तु के पैकेज या ''ओवरपैक'' की पेशकश तब तक नहीं करेगा जब तक यह सुनिश्चित न कर ले कि ऐसी खतरनाक वस्तुएं हवाई परिवहन के लिए निषिद्ध नहीं हैं और उन्हें तकनीकी निर्देशों में निर्दिष्ट शर्तों के अनुरूप सही ढंग से चिह्नित, वर्गीकृत, पैक और लेबल नहीं किया गया है। ''ओवरपैक'' में किसी प्रेषक कंपनी द्वारा एक या अधिक पैकेज को एक साथ रखा जाता है, ताकि उन्हें संभाल पाना और रखना आसान हो।

### अब देश में ही बनेगा एमॉर्फस स्टील आंध्र में लगा प्लांट

**दिल्ली।** बिजली के ट्रांसफॉर्मरों में इस्तेमाल होने वाला एमॉर्फस स्टील अब देश में ही बनेगा। इसके लिए जापानी कंपनी प्रोटेरियल की भारतीय इकाई प्रोटेरियल इंडिया ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में जनवरी में फैक्ट्री लगाने का काम शुरू किया है और इस साल अक्टूबर तक उत्पादन आरंभ होने की उम्मीद है। बता दें कि भारत अब तक इसका आयात करता रहा है।

प्रोटेरियल इंडिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बड़े बाजार को देखते हुए कंपनी ने भारत में अपना तीसरा संयंत्र लगाने का फैसला किया है।

# सरकारी लेनदेन वाले बैंकों के लिए नियमावली जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लेखा महानियंत्रक टी.सी.ए. कल्याणी ने सरकारी लेनदेन करने वाले बैंकों के संचालन और दक्षता को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में सरकारी बैंक डैशबोर्ड और सरकारी बैंक नियमावली का शुभारंभ किया।


सरकारी बैंक नियमावली बैंकों को सरकारी लेनदेन की प्रक्रिया के संबंध में एक व्यापक और मानक ढांचा प्रदान करती है। इसमें परिचालन प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग दायित्वों, मिलान की समय-सीमा और अनुपालन आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से बताया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसका उद्देश्य अस्पष्टता और परिचालन जोखिम को कम करना तथा सभी हितधारकों के बीच जवाबदेही को मजबूत करना है।

सरकारी बैंक डैशबोर्ड सरकारी कामकाज से संबंधित महत्वपूर्ण बैंकिंग कार्यों की वास्तविक समय में डेटा-आधारित निगरानी की सुविधा प्रदान करता है। यह प्रेषण की समय-सीमा, स्क्रॉल अनुपालन, मिलान स्थिति, लेनदेन की सफलता की दर और सेवा-स्तर के मानकों के पालन पर नजर रखता है। श्रीमती कल्याणी ने कहा कि ये सुधार सार्वजनिक धन की सुरक्षा में साझा जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि सुधारों के अगले चरण में गहन डिजिटल एकीकरण, मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों, उन्नत विश्लेषणात्मक क्षमताओं और संस्थागत क्षमता निर्माण पर फोकस किया जायेगा जिससे सरकारी बैंकिंग संचालन के पारितंत्र का और आधुनिकीकरण किया जा सकेगा।

## जानकारी

### जानें कैपिटल गेन से जुड़ी हर जरूरी बात

# प्रॉपर्टी, शेयर या सोना बेचने पर कितना टैक्स लगेगा




**कारोबार डेस्क**

भारत में कैपिटल गेन टैक्स (पूंजीगत लाभ कर) और उससे मिलने वाली छूट (एग्जेंप्शन्स) के नियमों को समझना किसी भी निवेशक या संपत्ति के मालिक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बजट 2024 के बाद इन नियमों में काफी बदलाव आए हैं।

### 1. कैपिटल गेन क्या है?

जब आप किसी ''कैपिटल एसेट'' (जैसे जमीन, मकान, शेयर, म्यूचुअल फंड, सोना, बॉन्ड आदि) को उसकी खरीद की कीमत से अधिक दाम पर बेचते हैं, तो होने वाले मुनाफे को कैपिटल गेन कहा जाता है। इस लाभ पर जो टैक्स सरकार को दिया जाता है, उसे कैपिटल गेन टैक्स कहते हैं।

**इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है:**

- **शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी):** कम समय के लिए संपत्ति रखने पर।
- **लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी):** लंबे समय तक संपत्ति रखने के बाद बेचने पर।

### 2. होल्डिंग पीरियड और टैक्स की दरें (बजट 2024 के बाद)

संपत्ति को कितने समय तक रखने पर उसे ''लॉन्ग-टर्म'' माना जाएगा, यह एसेट के प्रकार पर निर्भर करता है:

**2.1) लिस्टेड शेयर और इक्विटी म्यूचुअल फंड**

समय सीमा: 12 महीने (1 साल)।

- एसटीसीजी (1 साल से कम): अब 20% की दर से टैक्स लगता है।
- एलटीसीजी (1 साल से अधिक): अब 12.5% की दर से टैक्स लगता है।
- छूट: एक वित्तीय वर्ष में 1.25 लाख तक का लॉन्ग-टर्म मुनाफा टैक्स-फ्री होता है।

**2.2) अचल संपत्ति (रियल एस्टेट- घर या जमीन)**

समय सीमा: 24 महीने (2 साल)।

- एसटीसीजी: आपकी कुल आय में जोड़ा जाता है और आपके इनकम टैक्स स्लैब (5%, 20%, 30%) के अनुसार टैक्स लगता है।
- एलटीसीजी: अब फ्लैट 12.5% की दर से टैक्स लगता है। (पहले यह 20% था लेकिन इंडेक्सेशन का लाभ मिलता था, जिसे अब नए नियमों में हटा दिया गया है)।

**2.3) अनलिस्टेड शेयर और सोना**

समय सीमा: 24 महीने।

- एसटीसीजी: टैक्स स्लैब के अनुसार।
- एलटीसीजी: 12.5%।

### 3. टैक्स बचाने के उपाय (एग्जेंप्शन्स)

भारत का आयकर कानून (इनकम टैक्स एक्ट, 1961) निवेशकों को कुछ विशेष निवेश करने पर टैक्स से छूट देता है।

मुख्य धाराएं नीचे दी गई हैं:

- **धारा 54 (सेक्शन 54):** घर बेचकर घर खरीदना यह छूट केवल ''रेसिडेंशियल हाउस'' (रहने वाले घर) की बिक्री पर मिलती है। **शर्त:** पुराने घर को बेचने के बाद आपको दूसरा घर खरीदना होगा।

**समय:** नया घर बिक्री की तारीख से 1 साल पहले खरीदा गया हो, या 2 साल के भीतर खरीदा जाए। यदि आप घर बना रहे हैं, तो 3 साल का समय मिलता है।

**लाभ:** जितना पैसा आप नए घर में निवेश करेंगे, उतने मुनाफे पर टैक्स नहीं लगेगा। यदि नया घर मुनाफे से महंगा है, तो पूरा टैक्स बच जाएगा।

- **धारा 54EC:** कैपिटल गेन बॉन्ड्स

यदि आपने जमीन या मकान बेचा है और आप दूसरा घर नहीं खरीदना चाहते, तो आप बॉन्ड्स में निवेश कर सकते हैं।

**कहाँ निवेश करें:** एनएचएआई, आरईसी, पीएफसी या आईआरएफसी के स्पेसिफाइड बॉन्ड्स में। **शर्त:** संपत्ति बेचने के 6 महीने के भीतर निवेश करना अनिवार्य है।

**सीमा:** आप एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 50 लाख तक निवेश कर सकते हैं।

**लॉक-इन पीरियड:** इन बॉन्ड्स को 5 साल तक बेचना नहीं होता।

- **धारा 54F:** घर के अलावा अन्य संपत्ति बेचकर घर खरीदना। यदि आपने सोना, शेयर या कमर्शियल प्लॉट बेचकर मुनाफा कमाया है, तो भी आप टैक्स बचा सकते हैं।

**शर्त:** आपको मुनाफे के पैसे से एक रेसिडेंशियल हाउस खरीदना होगा।

**विशेष नियम:** धारा 54 में सिर्फ ''मुनाफा'' निवेश करना होता है, लेकिन 54F में आपको 'पूरी बिक्री राशि' निवेश करनी पड़ती है। यदि आप केवल आधा पैसा निवेश करते हैं, तो छूट भी आनुपातिक (प्रोपोर्शनल) मिलेगी।


# वाहन खरीदने में महाराष्ट्र, यूपी गुजरात के लोग सबसे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वाहन खरीदने के मामले में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के लोग सबसे आगे रहे। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश में कुल 12.76 लाख यात्री वाहन बिके। इसमें 12.4 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जिसमें 1.58 लाख वाहन बिके। उत्तर प्रदेश 10.8 फीसदी के साथ दूसरे और गुजरात 8.2 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन आते हैं।

घरेलू बाजार में तिमाही के दौरान दुपहिया की कुल बिक्री 56.96 लाख इकाई रही। सबसे ज्यादा 8.62 लाख इकाई (15.1 प्रतिशत) की बिक्री उत्तर प्रदेश में हुई। महाराष्ट्र (11.3 प्रतिशत) दूसरे, तमिलनाडु (8.0 प्रतिशत) तीसरे और गुजरात (7.4 प्रतिशत) चौथे स्थान पर रहा। खास बात यह है कि कुछ राज्य जो यात्री वाहनों की खरीद में काफी पीछे थे, दुपहिया की खरीद में काफी आगे दिख रहे हैं। तिपहिया की बिक्री में 25 हजार इकाई (11.7 प्रतिशत) के साथ गुजरात ने बाजी मारी। उत्तर प्रदेश 11.5 प्रतिशत और महाराष्ट्र 11.2 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



“ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।
–हरमनप्रीत कौर


स्टेडियम

कानपुर, शनिवार ,28 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**सुपर-8 में आज**

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन



**अलीगढ़/नोएडा।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के लंबी बीमारी के बाद ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंह 58 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। काफी समय से ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल के प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रिंकू के पिता लिवर के कैंसर से जूझ रहे थे। हाल में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी से वह अस्पताल में ही भर्ती थे। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था और आज तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। अलीगढ़ जिले के निवासी 28 वर्षीय रिंकू की सफलता के पीछे उनके पिता का बहुत बड़ा हाथ रहा है। अलीगढ़ में गैस सिलेंडर आपूर्ति का काम करने वाले सिंह ने तमाम अभावों के बावजूद रिंकू के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करने में हरसंभव मदद की।

## न्यूजीलैंड के हेनरी को पितृत्व अवकाश मिला

**कोलंबो।** न्यूलीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी इंग्लैंड के खिलाफ टीम के टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले के बाद अपने दूसरे बच्चे के जन्म के मौके पर पत्नी के साथ रहने के लिए शुक्रवार रात स्वदेश लौट जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने कहा कि टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हेनरी टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं।

# भारत-वेस्टइंडीज मैच में ईडन गार्डन्स पर रन वर्षा की उम्मीद

### ‘वर्चुअल क्वार्टर फाइनल’ की तरह होगा मुकाबला, कोलकाता पहुंची टीम

**टी-20 विश्व कप**

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत का रविवार को टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ ‘वर्चुअल क्वार्टर फाइनल’ उसी पिच पर खेला जाएगा जहां स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट का पहला 200 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। स्थानीय क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के अनुसार भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर-8 का मुकाबला उसी पिच पर होगा जिस पर टी-20 विश्व कप का दूसरा मैच खेला गया था।

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार शाम पिच और आउटफील्ड को पूरी तरह ढकने से पहले उसका निरीक्षण किया। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने मुखर्जी और बोर्ड के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक के साथ लंबी चर्चा की। पूर्व भारतीय कप्तान ने दोनों छोर से पिच की सतह का मुआयना किया। मुखर्जी ने कहा गांगुली पिच की तैयारी देखकर खुश दिखे। यह वही पिच है जिसका इस्तेमाल विश्व कप के दूसरे मैच में हुआ था। यह पारंपरिक ईडन विकेट है जिस पर काफी रन बनते हैं और गेंदबाजों के लिए भी कुछ न कुछ होता है। उन्होंने साथ ही कहा कि मैदान पर काफी ओस भी रहने की संभावना है। स्कॉटलैंड ने नौ फरवरी को इटली के खिलाफ चार विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाकर इस विश्व कप का पहला 200 रन से ज्यादा का स्कोर दर्ज किया। उसने इटली को 134 पर आउट कर दिया। पिच काफी सूखी होने की संभावना है जिसके कारण स्पिन गेंदबाजी फिर से अहम भूमिका निभा सकती है। हालांकि ईडन पिच पर अच्छा उछाल मिलता है। इंग्लैंड के मुकाबलों में यह साफ देखा गया जहां जोफ्रा आर्चर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या भी अपने मौके को भुनाने की उम्मीद रख सकते हैं। भारत इस चरण में ईडन गार्डन्स पर अपना पहला मैच खेलेगा जबकि वेस्टइंडीज को थोड़ा फायदा मिल सकता है क्योंकि उसने पहले ही यहां दो ग्रुप मैच (स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ) खेले हैं जिसमें उसे जीत मिली है। दक्षिण अफ्रीका के वेस्टइंडीज को हराने और भारत के जिम्बाब्वे को बाहर करने के बाद यह सुपर आठ मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा बन गया है।



टीम के साथ कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे वाशिंगटन सुंदर और तिलक वर्मा। एजेंसी

**सुपर-8 ग्रुप 1**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

**सुपर-8 ग्रुप 2**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी-20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा, क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिम्बॉब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने संवाददाताओं से कहा हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे।



# अभिषेक ने चुप करा दिया आलोचकों को

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर बोले-अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

उन्होंने कहा अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया। उनकी बल्लेबाजी में एक तरीका था। उन्होंने ऑफ स्पिनर का सम्मान किया, किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया तथा शांत और संयमित तरीके से खेले। गावस्कर ने कहा इस मैच में उन्होंने वास्तव में रक्षात्मक शॉट खेले। उन्होंने कुछ गेंद को रोका भी। मुझे यह देखकर हैरानी हुई क्योंकि हम आमतौर पर अभिषेक को ऐसा करते नहीं देखते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि अभिषेक के लिए यह एक सीखने का दौर है। गावस्कर ने कहा मुझे सच में लगता है कि यह उसके लिए सीखने का एक अच्छा मौका है।

### बुमराह, सिराज के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं : अर्शदीप



**चेन्नई।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रनों का दिया लक्ष्य

**कोलंबो, एजेंसी**

इंग्लैंड के स्पिनरों ने अपनी काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर सीमित कर दिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली न्यूजीलैंड को किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। ग्लेन फिलिप्स (28 गेंदों पर 39 रन), टिम सिफर्ट (25 गेंदों पर 35 रन) और फिन एलेन (19 गेंदों पर 29 रन) ने बल्ले से अहम योगदान दिये।

इंग्लैंड के लिए विल जैक्स (23 रन पर दो विकेट), आदिल राशिद (28 रन पर दो विकेट) और रेहान अहमद (28 रन पर दो विकेट) के स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी ने शानदार गेंदबाजी की। तेज गेंदबाजों की शुरुआती पिटाई के बाद इन स्पिनरों ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया।

पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में आग उगलने वाले जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत मेडन ओवर से की। इस ओवर में अंपायर ने सीफर्ट को कैच आउट दिया, लेकिन टीवी रिप्ले में साफ हुआ कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी और फैसला पलट दिया गया।

लियाम डॉसन ने भी दूसरे ओवर में सीफर्ट और फिन एलेन को बांधे रखा, लेकिन सीफर्ट ने डीप स्क्वायर लेग की दिशा में स्वीप कर चौका जड़कर दबाव तोड़ा। दूसरे छोर से आर्चर ने शानदार गति और स्विंग के साथ गेंदबाजी की लेकिन एलेन ने उनकी धीमी गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ दिया। एलेन लय में नजर आने लगे और डॉसन के खिलाफ सीधा मैदान के ऊपर एक और शानदार छक्का लगाया। साथी बल्लेबाज से प्रेरित होकर सीफर्ट ने भी आर्चर पर हमला बोला, लगातार दो चौके जड़े और फिर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया। न्यूजीलैंड ने लय पकड़ ली थी, जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने सैम करन को आक्रमण पर लगाया। एलेन ने उनका स्वागत मिडविकेट के ऊपर से छक्के के साथ किया और पावरप्ले के अंत तक न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 54 रन पहुंच गया। इसके बाद राशिद को गेंद सौंपी गई और सीफर्ट ने उनका भी स्वागत लॉन्ग-ऑन के ऊपर छक्के से किया। लेकिन अगली ही गेंद पर रशीद सीफर्ट को चकमा दिया और जोस बटलर ने शानदार स्टंप कर उनकी पारी का अंत किया। जैक्स ने अगले ओवर में एलेन को चलता किया। एलेन ने हल्का शॉट खेला और डीप मिडविकेट पर जैकब बेथेल को आसान कैच थमा बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन जैक्स ने उन्हें बोल्ड कर न्यूजीलैंड की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर ने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ टीम के स्कोर को 160 रन के करीब पहुंचाया।





शॉट लगाते न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट। एजेंसी

## पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर

**पाल्लेकल।** अगर-मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं।

श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है।

# व्यक्तिगत नहीं, टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है : कैगिसो रबाडा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कैगिसो रबाडा टी-20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है।

रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। इस बारे में पूछे जाने पर रबाडा ने कहा यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। उसके सभी खिलाड़ियों नेअपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। अगर डेविड मिलर ने एक मैच में टीम को जीत दिलाई तो कप्तान एडन मार्क्रम ने दूसरे मैच में यही कमाल किया। गेंदबाजों ने भी जरूरत पड़ने पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, चाहे वो मार्को यानसन हों या लुंगी एनगिडी।



रबाडा ने कहा यह अच्छा संकेत है। हमारी टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी हैं। अगर आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखें, तो उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलता है और यही आत्मविश्वास मैचों में भी दिख रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय घरेलू टूर्नामेंट एसए20 को भी दिया जिसमें विश्व कप से पहले कई प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल की। रबाडा ने कहा यह लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और यह उम्मीद बनाए रखने से जुड़ा है कि चीजें हमारे पक्ष में हो जाएंगी। रबाडा ने अपने लंबे समय से नए गेंद के अपने साथी लुंगी एनगिडी की प्रशंसा भी की जिन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत से लगातार 12वीं वनडे श्रृंखला जीती

**होबार्ट, एजेंसी**

जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फोबे लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें कासवी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने अगले लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने भारत के तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाया। वोल को दो जीवनदान मिले।



जॉर्जिया वोल।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

### कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रनों पर सिमटी, आकिब नबी ने झटके पांच विकेट, कुल बढ़त हुई 477 रनों की

# जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक खिताबी जीत तय

**हुबली (कर्नाटक), एजेंसी**

अनुभवी तेज गेंदबाज आकिब नबी (54 रन देकर पांच विकेट) और सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम शुक्रवार को यहां चौथे दिन कर्नाटक के खिलाफ विशाल बढ़त की बदौलत अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है। इकबाल (नाबाद 94) के सातवें प्रथम श्रेणी अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 477 रनों की कर ली।

दिन की शुरुआत में नबी ने सत्र का सातवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया जिससे कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की। कर्नाटक की पारी में पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल (266 गेंद में 160 रन) के शतक का अहम योगदान रहा क्योंकि अन्य खिलाड़ी संभलकर नहीं खेल सके। पर नबी के पांच विकेट अग्रवाल के शानदार शतक पर भारी पड़े। जम्मू-कश्मीर का यह तेज गेंदबाज बेहतरीन फॉर्म में था। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 220 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। हालांकि जम्मू-कश्मीर के 584 रन के स्कोर को पार करना मुश्किल था लेकिन कर्नाटक को उम्मीद थी कि उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी करने का प्रयत्न करेंगे। अग्रवाल और कृतिक कृष्णा (36) ने छठे विकेट के लिए 80 से ज्यादा रन जोड़कर अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन दूसरी नई गेंद लिए जाने के बाद उनकी कोशिश नाकाम रही। साहिल लोत्रा ने कृतिक को पगबाधा आउट कर इस भागीदारी को समाप्त किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने विद्याधर पाटिल का विकेट झटककर दबदबा बनाए रखा। लेकिन नबी ने अग्रवाल का विकेट झटककर कर्नाटक की बची उम्मीद भी खत्म कर दी। उनकी गेंद अग्रवाल के पैड पर गेंद लगी और डीआरएस ने मेजबान टीम को करारा झटका दिया। लोत्रा से यह पूछने पर कि पहली बार ट्रॉफी उठाने की उम्मीद कितनी रोमांचक है तो उन्होंने कहा यह तो बस शुरुआत है, हम सब खुश और उत्साहित हैं। यह पहली बार है जब हम फाइनल में खेल रहे हैं और यह हमारे लिए बहुत गर्व का पल है।



कर्नाटक के मयंक अग्रवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी। एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 186/4 |
| कर्नाटक | 293/10 |

### आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब: गांगुली

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू कश्मीर की कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि तेज गेंदबाज आकिब नबी में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की काबिलियत है। नबी ने रणजी के वर्तमान सत्र में 60 विकेट लिए हैं। इनमें कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। गांगुली ने एक्स पर लिखा जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है।